रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹72000 10 ग्राम
₹93000 01 किलो

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 79,802.79 | 84.559 |
| +759.05 | +0.086 |

ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर
मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 01, संवत 2081 | रांची, सोमवार, 02 दिसंबर 2024, वर्ष-25, अंक- 297, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 हर्षित की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलियाई...

## एक नजर

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीएसएफ स्थापना दिवस पर दी शुभकामना



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) स्थापना दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सतर्कता और साहस हमारे राष्ट्र की सुरक्षा और संरक्षा में योगदान करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर साझा किए गए पोस्ट में लिखा, सीमा सुरक्षा बल को उनके स्थापना दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं! बीएसएफ रक्षा की महत्वपूर्ण पंक्ति के रूप में खड़ा है, जो साहस, समर्पण और असाधारण सेवा का प्रतीक है।

### खूंटी : कर्रा में ट्रेन से कटकर दो लोगों की मौत

**खूंटी।** कर्रा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग जगहों मालगो और चियूर गांव के समीप ट्रेन से कटकर से दो लोगों की मौत गयी। कर्रा पुलिस शनिवार रात में दो लोगों के शव बरामद करके कर्रा थाने लाई। रविवार को सदर अस्पताल खूंटी में दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। मालगो गांव के पास पतरा मुछिया गांव निवासी स्वकरमदास हेरेंज का 14 वर्षीय पुत्र अनमोल हेरेंज शनिवार को मालगो साप्ताहिक हाट गया था। मालगो हाट से घर पतरा मुछिया लौटने के क्रम में ट्रेन की चपेट में आने से अनमोल हेरेंज की मौत हो गयी। दूसरी घटना में चिउर गांव के पास कटने से एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गयी।

### हम जनता के मजबूत भविष्य के अधिकार के लिए लड़ रहे हैं : प्रियंका

**नई दिल्ली ।** केरल के वायनाड में अपने धन्यवाद दौरे के दूसरे दिन रविवार को नवनिर्वाचित सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने क्षेत्र के लिए अपनी शीर्ष प्राथमिकताओं को गिनाया। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार, मेडिकल कॉलेज के निर्माण में तेजी लाने, पर्यटन को बढ़ावा देने और किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाने में मदद करने जैसे मुद्दों को अपनी प्राथमिकता बताया। वायनाड सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने अपनी जीत पर जनता को धन्यवाद दिया।



### जरूरी सूचना

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

# दिन-प्रतिदिन कमजोर हो रहे भाकपा माओवादी व अन्य नक्सली संगठन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में भाकपा माओवादी सहित अन्य नक्सली संगठन दिन-प्रतिदिन कमजोर होते जा रहे हैं। हाल के दिनों में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में झारखंड में माओवादियों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। पिछले 59 महीने (चार साल 11 महीने) की बात करें तो राज्य के अलग-अलग जिलों में भाकपा माओवादी संगठन और छोटे-छोटे संगठन से जुड़े कुल 64 नक्सली मारे गये। इस दौरान 620 बड़े नक्सली गिरफ्तार भी हुए। नक्सलियों के साथ इस लड़ाई में सुरक्षाबलों को भी नुकसान उठाना पड़ा है। इन चार साल 11 महीने में नक्सलियों के साथ हुए मुठभेड़ में 18 जवान भी शहीद हुए हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह, गुमला, लातेहार और लोहरदगा नक्सल प्रभावित जिले हैं।

इनमें पश्चिमी सिंहभूम को अति नक्सल प्रभावित जिले की सूची में रखा गया है जबकि शेष चार नक्सल प्रभाव वाले जिले गिरिडीह, गुमला, लातेहार और लोहरदगा जिला आफ कंर्सन (डीओसी) की सूची में हैं।

### राज्य में नक्सलियों के 11 दस्ते सक्रिय



- चाईबासा जिले के जराइकेला और टोंटो थाना क्षेत्र में मिसिर बेसरा, पतिराम मांझी, सिंगरई, अजय महतो का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में 65 नक्सली कैडर शामिल हैं।
- चाईबासा जिले के गोइल केरा और सोनूवा थाना क्षेत्र में मेहनत और अमित मुंडा का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में 30 नक्सली कैडर शामिल हैं।
- बोकारो जिले में विवेक और रघुनाथ का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में 23 नक्सली कैडर शामिल हैं।
- लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र में रविंद्र गंझू का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में पांच नक्सली कैडर शामिल हैं।
- चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र में मनोहर गंझू का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में तीन नक्सली कैडर शामिल हैं।
- पलामू जिले के मोहम्मदगंज और हैदरनगर थाना क्षेत्र में नितेश यादव का दस्ता सक्रिय है। इस दस्ते में छह नक्सली कैडर शामिल हैं।

### टीपीसी, जेजेएमपी और पीएलएफआई रडार पर

टीपीसी, जेजेएमपी और पीएलएफआई झारखंड पुलिस के रडार पर हैं। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने रविवार को बताया कि झारखंड में नक्सलवाद की समस्या 95 प्रतिशत खत्म हो चुकी है। फिलहाल, हमारे लिए नक्सलियों के छोटे संगठन (स्प्लिंटर ग्रुप) का सफाया करना बेहद जरूरी है। झारखंड के कुछ जिलों में पिछले दो महीने के दौरान नक्सलियों के स्प्लिंटर ग्रुप के जरिये कई हिंसक घटनाओं को अंजाम दिया गया है। छोटे-छोटे समूह में तब्दील होकर स्प्लिंटर ग्रुप आगजनी के साथ-साथ व्हाट्सएप कॉल कर कारोबारियों से रंगदारी की डिमांड कर रहे हैं।

### कुछ छोटे ग्रुप अब भी एक्टिव



डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि कुछ आपराधिक गिरोह के साथ-साथ टीपीसी, पीएलएफआई, जेजेएमपी और भाकपा माओवादियों के छोटे ग्रुप एक्टिव हैं। ऐसे नक्सलियों के जरिये कुछ घटनाओं को जरूर अंजाम दिया गया है लेकिन पिछले एक साल के दौरान उनके संगठन के अधिकांश बड़े उग्रवादी या तो मारे गए या फिर पकड़े गए लेकिन इन संगठनों के कुछ स्प्लिंटर ग्रुप बचे हुए हैं, जिन पर कार्रवाई की जा रही है। स्प्लिंटर ग्रुप में शामिल नक्सली छोटे हथियार के साथ सिविल ड्रेस में वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ऐसे नक्सलियों की लिस्ट तैयार की गई है। शेष पेज 11 पर

# कैबिनेट का गठन जल्द, कांग्रेस और राजद की सूची का इंतजार

आईएनएस

**रांची।** झारखंड की नवनिर्वाचित सरकार में कैबिनेट विस्तार को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता मनोज कुमार पांडेय ने रविवार को आईएएनएस से बात की। मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि गठबंधन में शामिल सहयोगी दलों के शीर्ष नेताओं से इस विषय पर बातचीत चल रही है। सबका प्रयास है कि बहुत जल्द कैबिनेट अपने पूर्ण स्वरूप में आ जाए। कांग्रेस पार्टी की तरफ से अभी उनके नामों की सूची नहीं मिली है। कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की सूची मिलने के बाद हमारी सूची फाइनल होने में देरी नहीं होगी। इसके बाद बहुत जल्द कैबिनेट को मूर्त स्वरूप दिया जाएगा। कैबिनेट में विभागों के बंटवारे के फॉमूर्ले के बारे में पूछे जाने पर झामुमो प्रवक्ता ने कहा, जो बातें संज्ञान में आई हैं, उसके हिसाब से इसको लेकर चर्चा जारी है। चार विधायकों या पांच विधायकों पर एक मंत्री की बात की जा रही है। हालांकि, व्यक्तिगत तौर पर पूछा जाए, तो पांच पर एक का फामूर्ला व्यावहारिक प्रतीत होता है। बहुत बड़ी संख्या में विधायक जीतकर आए हैं। इस पर अंतिम निर्णय हमारे नेता हेमंत सोरेन लेंगे। इस विषय पर लोगों को बहुत ज्यादा सब्र खोने की जरूरत नहीं है। बहुत जल्द इस पर निर्णय ले लिया जाएगा। झारखंड विधानसभा चुनाव में अधिक संख्या में युवाओं के जीतने को लेकर मनोज कुमार पांडेय ने कहा, युवाओं को प्रतिनिधित्व निश्चित रूप से देखने को मिलेगा। एक युवा सरकार देखने को मिलेगी। लेकिन सिर्फ युवा ही नहीं, सामंजस्य और सुशासन के लिए अनुभव की भी आवश्यकता होती है। तो युवाओं के साथ अनुभव भी दिखेगा। हर वर्ग का प्रतिनिधित्व और महिला सशक्तिकरण के साथ एक संतुलित मंत्रिपरिषद देखने को मिलेगा।



- चार या पांच विधायकों पर एक मंत्री पद की बात सहयोगियों संग चल रही है
- बहुत बड़ी संख्या में विधायक जीतकर आए हैं, सभी का सम्मान रखना है

### बंगाल बॉर्डर पर आलू रोकने का सीएम ने लिया संज्ञान, मुख्य सचिव को दिए निर्देश



**रांची।** बंगाल बॉर्डर पर 30 नवंबर को आलू के वाहन रोकने की खबरों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव से तत्काल मामले में निष्पादन करने का निर्देश दिया है। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत से फोन पर मामले का निष्पादन के लिये बात की है। मनोज पंत ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही एक कमेटी बनाकर आलू के मामले का निष्पादन सुनिश्चित किया जायेगा।

### माणिक लाल हेंब्रम बने विधानसभा के नये सचिव, अगले आदेश तक पद पर रहेंगे



**रांची।** माणिक लाल हेंब्रम को झारखंड विधानसभा का सचिव नियुक्त किया गया है। जानकारी के अनुसार माणिक लाल हेंब्रम 01 दिसंबर से अगले आदेश तक झारखंड विधानसभा के सचिव के पद पर बने रहेंगे। उल्लेखनीय है कि माणिक लाल हेंब्रम झारखंड विधानसभा के संयुक्त सचिव थे। झारखंड में नयी सरकार के गठन के बाद अब विधानसभा के विशेष सत्र की तैयारी चल रही है। झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र 9 दिसंबर से 12 दिसंबर तक आहूत है। बता दें कि झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव सैयद जावेद हैदर के सेवानिवृत होने पर नए सचिव की नियुक्ति की गई है।

## प्रदेश भाजपा की समीक्षा बैठक में हार के कई कारण उजागर




- 03 दिसंबर को दिल्ली में प्रदेश नेताओं संग आलाकमान की होगी बैठक
- समीक्षा बैठक की रिपोर्ट से आलाकमान को अवगत कराया जाएगा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने दो दिनों तक विधानसभा चुनाव में मिली हार की समीक्षा की। रविवार को समीक्षा बैठक के दौरान जो बातें निकल कर सामने आई हैं अब उसे आलाकमान को अवगत कराया जाएगा। तीन दिसंबर को दिल्ली में प्रदेश नेताओं संग बैठक होगी। यह बैठक कई मायनों में अहम होगी। इस बैठक में संगठन के आगे की रूपरेखा तय की जाएगी। साथ ही प्रदेश संगठन में बड़े फेरबदल की संभावना जताई जा रही है। चर्चा इस बात की भी हो रही है कि झारखंड भाजपा में प्रदेश अध्यक्ष से लेकर संगठन मंत्री और जिलाध्यक्ष सहित कई जिलों के प्रभारियों को भी बदला जा सकता है। उल्लेखनीय है कि इस बार के चुनाव में भाजपा 21 सीट पर ही विजयी हुई। संताल में 18 सीटों में से 17 सीटें पर शिकस्त झेलनी पड़ी। समीक्षा बैठक के दौरान कई नेताओं ने दो टूक कहा कि चुनाव में स्थानीय मुद्दों की अनदेखी की गई। बाहरी नेताओं को टिकट देना भी हार का कारण बना। वहीं, प्रमंडलीय प्रभारियों ने भी कोई कारगर कदम नहीं उठाया। टॉप लीडर तक स्थानीय समस्याओं को भी सही तरीके से नहीं पहुंचाया गया। बैठक में प्रमंडल स्तर के नेताओं की भूमिका पर सवाल खड़े किए गए। वहीं, बूथ से जिला स्तर के संगठन, कई जिलाध्यक्षों और प्रभारियों पर भी सवाल खड़े किए गए। कई नेताओं ने कहा कि प्रमंडल प्रभारियों की भी भूमिका संदिग्ध रही। नेताओं ने यह भी कहा कि जिन्हें टिकट नहीं मिला वे जुगाड़ से प्रभारी बन गए लेकिन किसी भी प्रमंडल में भाजपा उम्मीदवारों को आपेक्षित जीत नहीं मिली।

**प्रभारियों की ओर से चुनाव के दौरान सिर्फ खानापूर्ति की गई :** भाजपा ने अपने संगठन के छह प्रमंडलों में कोल्हान के लिए आदित्य साहू, दक्षिणी छोटानागपुर के लिए गणेश मिश्र, पलामू के लिए विकास प्रीतम, धनबाद के लिए प्रदीप वर्मा, हजारीबाग के लिए मनोज सिंह और संताल शेष पेज 11 पर

## छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर ग्रेहाउंड फोर्स ने सात नक्सलियों को किया ढेर

एजेंसी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ और तेलंगाना सीमा के बीच स्थित मुलुगु जिले में हुई एक मुठभेड़ में ग्रेहाउंड फोर्स के जवानों ने सात नक्सलियों को ढेर कर दिया। यह मुठभेड़ रविवार सुबह करीब 5 बजे हुई। सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के बाद सात नक्सलियों के शवों के साथ-साथ कई हथियार भी बरामद किए हैं, जिनमें एके-47 राइफल भी शामिल हैं। यह मुठभेड़ तेलंगाना के मुलुगु जिले के जंगलों में हुई, जहां सुरक्षाबलों ने घेराबंदी करके नक्सलियों को निशाना बनाया। यह ऑपरेशन छत्तीसगढ़ और तेलंगाना पुलिस के संयुक्त प्रयासों के तहत चलाया जा रहा था। मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के शवों की पहचान कर ली गई है। मुठभेड़ स्थल से एके-47 राइफल, जी-3 राइफल, इंसास राइफल जैसे हथियार मिले हैं। मृतकों की पहचान कुरुसम मंगू उर्फ भद्रू उर्फ पपन्ना (35), एगोलापु मल्लया उर्फ मधु (43), मुसाकी देवल उर्फ करुणाकर (22), मुसाकी जमुना (23), जयसिंह (25), किशोर (22) और कामेश (23) के रूप में हुई। दावा किया जा रहा है कि मारे गए नक्सलियों में संगठन का शीर्ष कमांडर भद्रू अलियास पपन्ना भी शामिल है लेकिन अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



टॉप कमांडर कुरुसम मंगू उर्फ भद्रू उर्फ पपन्ना मारा गया

## यौन शोषण के आरोप में बालिका गृह के संचालक व महिला कॉउंसलर भेजे गए जेल

नवीन मेल संवाददाता

**पलामू।** बालिका गृह पलामू में यौन शोषण का मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। मेदिनीनगर महिला थाना में पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज करते हुए संचालक राम प्रताप गुप्ता (72) और महिला कॉउंसलर प्रियंका कुमारी (26) को रविवार दोपहर एक बजे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए शनिवार देर शाम आनन-फानन में बालिका गृह को सील कर सभी लड़कियों को जेलहाता स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर में शिफ्ट कर दिया गया है। अधिकारियों की जांच दूसरे दिन भी जारी है। उल्लेखनीय है कि बालिका गृह का संचालन समाज कल्याण विभाग के जरिए होता है। पिछले तीन वर्षों से एनजीओ विकास इंटरनेशनल को इसे चलाने का जिम्मा दिया गया था। आरोपित राम प्रताप गुप्ता इस एनजीओ का सचिव है। जिस नाबालिग लड़की के साथ रामप्रताप ने दुष्कर्म किया है, वह जिले के नक्सल प्रभावित इलाके की रहने वाली है। उसके माता-पिता नहीं हैं। उसके साथ गांव के ही युवक ने दुष्कर्म किया था, जिसके बाद उसे दो साल पहले बालिका गृह लाया गया था। पीड़िता के साथ उसकी छोटी बहन भी यहां रहती थी। जून माह में छोटी बहन की मौत हो गई। इसका एक भाई बाल गृह में रहता है। बालिका गृह के मैनेजमेंट पर पहले भी सवाल उठते रहते हैं। यहां से बच्चियों के भाग निकलने की घटनाएं भी हमेशा सामने आती हैं। बच्चियों के भागने के बाद उन्हें खोज कर फिर से लाया जाता है।




- सभी लड़कियों को जेलहाता स्थित सखी वन स्टॉप सेंटर में शिफ्ट कर दिया गया
- बालिका गृह के प्रबंधन पर पहले भी उठते रहे हैं सवाल भागती रही हैं बच्चियां

### क्या है मामला

पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के सुदना में संचालित बालिका गृह में रहने वाली बच्चियों का यौन शोषण किया गया है। बालिका गृह में 28 बच्चियां रहती हैं, जिसमें दो बच्चियों ने बालिका गृह के संचालक राम राम प्रताप गुप्ता पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। राम प्रताप को बच्चियां दादा जी कहती थीं। मामला सामने आने के बाद शनिवार को पुलिस की टीम घंटों मामले की जांच में जुटी रही। शेष पेज 11 पर

## इंडिया

# हमारी संगति या आदतें जो हमें इंसान या हैवान बनाती हैं



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अक्सर कहा जाता है कि एक अच्छे या सफल मनुष्य की संगति या आदतें उसे अच्छा बनाती हैं और एक बुरे आदमी की आदत उसे बुरा बना देती है । एक ऋषि की कथा हम सभी ने पढ़ी थी कि नहाते समय ऋषि को तेज बहाव में बहता एक बिच्छू मिलता है जिसे ऋषि यह सोचकर उठा लेते हैं कि छोड़ देने पर वह निश्चित रूप से मर जाएगा पर उठाते ही बिच्छू उन्हें डंक मारता है और असह्य पीड़ा से वह उसे छोड़ देते हैं जिससे वह पानी में गिर जाता है ।ऐसा कई बार होता है पर ऋषि उसे छोडते नहीं ।किसी के पूछने पर कि आप उस दुष्ट बिच्छू को क्यों बचा रहे हैं जो बार आपको डंक मारता है ? ऋषि ने कहा कि वह उसकी आदत है और यह मेरा स्वभाव है कि मैं उसे बचाऊँ । आदत निर्माण वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यवहार स्वचालित हो जाते हैं। आदतें किसी व्यक्ति द्वारा उन्हें हासिल करने की इच्छा के बिना भी बन सकती हैं, लेकिन किसी के व्यक्तिगत लक्ष्यों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए उन्हें जानबूझकर विकसित भी किया जा सकता है - या समाप्त किया जा सकता है । जब लोग दुनिया में भ्रमण करते हैं तो उनमें अनगिनत आदतें विकसित हो जाती हैं, भले ही वे उनके बारे में जानते हों या नहीं। इन व्यवहारों की सहज प्रकृति लोगों को दिनचर्या में उनकी आवश्यकताओं को अधिक कुशलता से पूरा करने में मदद कर सकती है।

फिर भी तथ्य यह है कि आदतें हमारे दिमाग में गहराई से बैठ जाती हैं, इसका मतलब यह है कि भले ही कोई विशेष आदत हल होने की तुलना में अधिक समस्याएं पैदा करती है, लेकिन इसे तोड़ना मुश्किल हो सकता है। शुरुआत में आदतें कैसे आकार लेती हैं, यह समझना उन्हें खत्म करने और बदलने में मददगार हो सकता है।आदतें हानिकारक या स्वास्थ्य-वर्धक हो सकती हैं। जागने के बाद सहज रूप से सिगरेट - या विशेष संकेतों से जुड़ी कोई भी दवा - एक आदत है। तो हर दिन घर पहुंचने के बाद जूतों को उचित स्थान पर रखना या गाड़ी चलते समय सोचे बिना अपनी सीट बेल्ट बांधना भी शामिल है। मनुष्यों की आदतें क्यों होती हैं? लोगों के आदतों का गुलाम बनने एक संभावित कारण यह है कि आदतें कुशल होती हैंः लोग क्या करना है इसके बारे में विचार-विमर्श किए बिना समय और ऊर्जा बर्बाद किए बिना उपयोगी व्यवहार कर सकते हैं। हालाँकि, त्वरित और कुशल प्रतिक्रियाओं की यह प्रवृत्ति उल्टी भी पड़ सकती है - जैसे कि जब यह नशे की लत वाली दवाओं के उपयोग या अस्वास्थ्यकर भोजन के सेवन से हाईजैक हो जाती है।आदतें ही हमारी जिंदगी को निर्धारित करती हैं। हम तय समय पर सुबह उठते हैं, ब्रश करते हैं, चाय पीते हैं और फिर काम पर निकलते हैं। ये सब आदतें ही तो हैं। फिर एक नई स्वस्थ आदत डालने में परेशानी कहां आती है? व्यवहार वैज्ञानिकों के अनुसार हम गलत तरह से स्वस्थ आदत बनाने की कोशिश करते हैं। वजन कम करने के लिए हम कसरत करने का संकल्प गलत तरह से लेते हैं। बड़े संकल्पों को लेने से पहले सफलता के लिए खुद को तैयार करने की भी जरूरत होती है। लेकिन हम इस पर ध्यान नहीं देते। एक्सपर्ट बताते हैं कि नई आदतों की शुरुआत का सबसे बेहतर तरीका है कि उन्हें मौजूदा आदतों में जोड़ दिया जाए। आपको अपनी जिंदगी के पैटर्न में झांक कर देखना होगा कि सकारात्मक आदतें विकसित करने के लिए आप किन मौजूदा आदतों का उपयोग कर सकते हैं।ज्यादातर लोगों के लिए सुबह की दिनचर्या सबसे प्रभावी होती है, इसलिए यह नई आदत शुरू करने का एक सुअवसर पैदा कर सकती है। जैसे सुबह की एक कप चाय, पांच मिनट के ध्यान के अभ्यास की शुरुआत कर सकती है। ब्रश करते वक्त आप संतुलन का अभ्यास करने के लिए एक पैर पर खड़ा होना चुन सकते हैं। कई लोग शाम में सोफे पर लेटकर टीवी देखना पसंद करते हैं। ये प्रतिदिन योग करने का अच्छा समय हो सकता है। स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता और टाइनी हैबिट्स पुस्तक के लेखक बीजे फॉग कहते हैं कि व्यवहार में बड़े परिवर्तन लाने के लिए उच्च स्तर की प्रेरणा की जरूरत होती है, जिसे अक्सर कायम नहीं रखा जा पाता है। इसलिए वह नई आदत को यथासंभव आसान बनाने के लिए छोटी-छोटी आदतों से शुरुआत करने का सुझाव देते हैं। जैसे, रोजाना थोड़ी देर टहलना व्यायाम की आदत की शुरुआत हो सकता है या हर दिन अपने बैग में एक सेब रखने से खाने की आदतें बेहतर हो सकती हैं।



पीएम का पुलिस अधिकारियों को मंत्र

## दोहरी एआई शक्ति का उपयोग कर चुनौती को अवसर में बदलें



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल धोखाधड़ी, साइबर अपराध और एआई तकनीक के कारण उत्पन्न संभावित खतरों, विशेष रूप से सामाजिक और पारिवारिक संबंधों को नकारात्मक तौर पर प्रभावित करने के लिए डीप फेक की क्षमता पर चिंता व्यक्त की है। जवाबी उपाय के रूप में, उन्होंने पुलिस नेतृत्व से भारत की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और 'आकांक्षी भारत' की दोहरी एआई शक्ति का उपयोग करके चुनौती को अवसर में बदलने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 30 नवंबर और 01 दिसंबर को भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों/महानिरीक्षकों के 59वें अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लिया। समापन सत्र में प्रधानमंत्री ने खुफिया ब्यूरो के अधिकारियों को विशिष्ट सेवा शेष पेज 11 पर

### विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा बैठक के बाद बोले लक्ष्मीकांत वाजपेयी

# जनता में बढ़ी है भाजपा की स्वीकार्यता व लोकप्रियता

- कहा, फरवरी तक हो जाएगा नये प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव
- रवींद्र राय ने कहा, पार्टी को पहले से 9 लाख अधिक वोट मिले

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने रविवार को कहा कि बैठक में जो निष्कर्ष निकला है, वह भाजपा के लिए भविष्य में मील का पत्थर साबित होगा। डॉ वाजपेयी ने प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान यह बात कही। डॉ वाजपेयी और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने रविवार को प्रदेश कार्यालय में संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी ने कहा, यह सच है कि हम चुनाव हारे हैं, लेकिन चुनाव में अंकगणित काम देता है। हमने वोट बढ़ाए हैं। प्रतिशत बढ़ाया है। जनता में भाजपा की स्वीकार्यता बढ़ी है, लेकिन अंकगणित में भाजपा पीछे रह गई। इससे सीख लेकर इस हार से एक मजबूत संगठन बनाने का संकल्प लिया गया है।

मौके पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र राय ने कहा कि पार्टी ने दो दिनों तक पांच सत्रों में बैठक की। इस दौरान चुनाव के संचालन से लेकर उसके प्रबंधन और परिणाम तक की विस्तृत चर्चा की गई। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी होने के नाते भाजपा ने अपनी निरंतरता, कार्यकर्ता और चुनाव में लगे लोगों के बीच में हमारे वैचारिक प्रवाह के अंतर्गत राजनीति उद्देश्य, राष्ट्रहित और लोकतंत्र के हित में काम करने के मिशन के तहत इस चुनाव को लिया है। राजनीति में चुनाव महत्वपूर्ण पहलू है। इसका परिणाम सफलता और असफलता सामान्य नजरों में देखी जाती है। भाजपा इसे थोड़ा और गहराई जाकर इस रूप में लेती है कि हमको समाज ने किस रूप में जिम्मेदारी दी है और किस रूप में कितना स्वीकार किया है।

राय ने कहा कि झारखंड की जनता में भारतीय जनता पार्टी की विश्वसनीयता में कोई कमी नहीं आई है। पहले से पार्टी को 9 लाख अधिक वोट मिले हैं। लोगों के बीच में भारतीय जनता पार्टी के मुद्दे और विषय को स्वीकृति भी मिली, लेकिन वोटों के ध्रुवीकरण के कारण इसमें सांप्रदायिकता का भाव और जातीयता का उभार पैदा किया गया। कुछ समूहवाद को और झारखंड को विभाजित करने का काम किया गया। इस वजह से जो परिणाम की उम्मीद की थी, वह नहीं आया। हालांकि, इसमें भाजपा के संगठन और उम्मीदवार के स्तर पर कमी और आरोप-प्रत्यारोप की बात कहीं से नहीं आई। हर व्यक्ति ने स्वीकार किया कि समाज में हमारी बातों को सुना और सराहा गया। राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जातीय दुर्भावना, सांप्रदायिक दुर्भावना और अलग-अलग कम्युनिटी को भावनाओं को भड़काने का काम झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद ने किया। इसके कारण का ध्रुवीकरण का दुष्परिणाम आया। लेकिन, भारतीय जनता पार्टी अपने संगठन और विचारधारा के प्रवाह में इस परिणाम की बिना परवाह किए झारखंड की जनता के हित में आगे अपना काम करती रहेगी। विपक्ष की भूमिका निभाएगी और सरकार के कार्यों का बहुत ही गंभीरता से निरीक्षण करेगी। देखती रहेगी कि जो जनता के सामने वादे हुए, पूरे हो रहे हैं कि नहीं हो रहे हैं। हम एक सजग लोकतांत्रिक प्रहरी की भूमिका निभाएंगे।



## अंगद की तरह पैर जमाकर दायित्व का निर्वहन करेंगे : डॉ वाजपेयी

डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा, हम अंगद की तरह पैर जमाकर समाज में अपने दायित्व का निर्वहन करने के लिए काम करेंगे। सदस्यता अभियान के माध्यम से एक बार हम कार्यकर्ता को संरक्षण देने वाले संगठन का निर्माण करेंगे। फरवरी तक नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव हो जाएगा। सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। सरकार अच्छे काम करती है तो ठीक है, जन विरोधी काम करने पर भाजपा सड़क पर भी जाने में कोई संकोच नहीं करेगी। जनता के साथ कोई घटना होगी, तो निश्चित तौर पर इसके लिए संघर्ष करेंगे। पार्टी के कार्यकर्ता के साथ कोई छेड़छाड़ करने की कोशिश की, तो हर परिस्थिति में संरक्षण देंगे। संगठन के माध्यम से ताकत का सृजन करेंगे। ताकत का सृजन कर आगे बढ़ेंगे। सांसद पुंडेश्वरी जी झारखंड में सदस्यता अभियान की देखरेख करने के लिए नियुक्त हुई है।

## संजय सेठ ने किया सांसद मद से यादव भवन का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने सांसद मद से रविवार को यादव भवन का उद्घाटन किया। यादव भवन 2400 स्क्वायर फीट में बनाया गया है। रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा, किसी भी समाज का अपना भवन होना अनिवार्य है। इस भवन के निर्माण से समाज के गरीब बच्चों की शादी एवं अन्य कार्यक्रम के लिए यह सदुपयोग में काम आएगा। समाज को आगे बढ़कर इस तरह के कार्य करने चाहिए, जिससे समाज के लोगों को फायदा हो। समाज के हर वर्ग का कार्य मेरी प्राथमिकता में है। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष इंद्रजीत यादव निवर्तमान पार्षद विनोद सिंह, अरुण झा, राम आशीष यादव, बनारस यादव, रमेश यादव, सुमन सिंह, रामचंद्र जायसवाल सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## झारखंड सरकार के बारे में हम छह माह बाद करेंगे बात : निशिकांत दूबे



**रांची (हि.स.)।** भाजपा के गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे ने कहा कि मैं झारखंड सरकार के बारे में अभी कोई कमेंट नहीं करना चाहता। अभी पूरी तरह से सरकार नहीं बनी है। मंत्रिमंडल का भी विस्तार नहीं हुआ है। सरकार के बारे में छह माह बाद बात करेंगे। फिलहाल, इस सरकार को मौका दिया जाना चाहिए। निशिकांत रविवार को देवघर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में घुसपैठ की जांच होनी चाहिए। एनआरसी भी लागू होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने प्रधानमंत्री के नारे 'एक हैं तो सेफ हैं' के खिलाफ काम किया है, उनके लिए राजनीतिक मुश्किलें बढ़ेंगी और भविष्य में वे राजनीति नहीं कर पाएंगे।

### पुराना वीडियो वायरल होने पर बोले चंपाई सोरेन

# एजेंडे के तहत फैलाई जा रही अफवाह

**रांची (आईएएनएस)।** सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो के आधार पर दावा किया जा रहा है कि झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन फिर से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) में लौट सकते हैं। चंपाई सोरेन ने कहा है कि एक एजेंडे के तहत उनका पुराना वीडियो वायरल किया जा रहा है। उन्होंने इसे अफवाह फैलाने की साजिश करार देते हुए लोगों को अलर्ट किया है।

वायरल वीडियो में चंपाई सोरेन झामुमो के नेता हेमंत सोरेन की तारीफ कर रहे हैं। यह वीडियो उस वक्त का है, जब हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद फरवरी महीने में चंपाई सोरेन झारखंड के सीएम बने थे। उन्होंने कहा था कि हेमंत सोरेन युवा हृदय सम्राट हैं और मुख्यमंत्री के तौर पर उन्होंने कई ऐसे काम किए, जिसका अनुकरण दूसरे राज्यों की सरकारों ने भी किया। चंपाई सोरेन करीब पांच महीने तक सीएम रहे थे। हेमंत सोरेन के जेल से लौटने के बाद उन्होंने सीएम पद से त्यागपत्र दिया था और इसके करीब एक माह बाद वह भाजपा में शामिल हो गए थे। हाल में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने सरायकेला की अपनी परंपरागत सीट से एक बार फिर जीत दर्ज की है। झारखंड में अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित 28 सीटों में से एकमात्र सीट पर जीत दर्ज करने वाले वह भारतीय जनता पार्टी के इकलौते प्रत्याशी हैं।



कहा, बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ और तेज करेंगे आंदोलन

चंपाई सोरेन ने कहा है, सोशल मीडिया पर एक एजेंडे के तहत, एक पुराना वीडियो वायरल करवा कर, मेरे संबंध में कुछ भ्रामक अफवाहें फैलाई जा रही हैं। चुनावों के समय भी ऐसा किया गया था। कृपया ऐसी अफवाहों से बचें। चंपाई सोरेन ने झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ आंदोलन को तेज करने का भी ऐलान किया है। उन्होंने कहा, झारखंड में लगातार बढ़ रहे बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ हमारा आंदोलन कोई राजनीतिक या चुनावी मुद्दा नहीं, बल्कि एक सामाजिक अभियान है। हमारा स्पष्ट तौर पर मानना है कि वीरों की इस माटी पर घुसपैठियों को किसी भी प्रकार का संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। सरकारें आएंगी-जाएंगी, पार्टियां बनेंगी-बिगड़ेंगी, मगर हमारा समाज रहना चाहिए, हमारी आदिवासियत बची रहनी चाहिए, अन्यथा कुछ नहीं बचेगा। इस वीर भूमि से फिर एक बार 'उलगुलान' (क्रांति) होगा।

## एफजेसीसीआई ने परसुडीह बाजार समिति में मंडी की व्यवस्था का किया निरीक्षण

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) की कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने रविवार को परसुडीह बाजार समिति में जाकर मंडी की व्यवस्था को देखा। कृषि मंडी का मुआयना करते हुए स्थानीय व्यापारियों से भी व्यवस्था की जानकारी ली। मंडी में स्थित दुकान, गोदाम जर्जर अवस्था में हैं, सड़कें टूटी फूटी हैं, मंडी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। इस दौरान कृषि मंडी की सफाई और सुरक्षा व्यवस्था पर भी असंतोष जताया गया। चैंबर की कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने कृषि मंडी के व्यापारियों को आश्वस्त किया कि नए कृषि मंत्री को बाजार समिति की इस अव्यवस्था से अवगत कराया जाएगा। मौके पर कार्यकारिणी सदस्य शैलेश अग्रवाल, अमित शर्मा, रोहित पोद्दार, व्यापार मंडल जमशेदपुर के अध्यक्ष दीपक भालोटिया, उपाध्यक्ष पवन नरेडी, सचिव दिलीप अग्रवाल उपस्थित थे।

### बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिर के मुख्य पुजारी की गिरफ्तारी के खिलाफ किया प्रदर्शन

# चिन्मय कृष्ण दास की अविलंब रिहाई हो : विहिप

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) झारखंड प्रांत के तत्वावधान में रांची के रेलवे स्टेशन, बगलामुखी हनुमान मंदिर में विरोध-प्रदर्शन किया गया। प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बांग्लादेश शासन के जरिये वहां के इस्कॉन मंदिर के मुख्य पुजारी की गिरफ्तारी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने इसे वहां के शासन की कायरतापूर्ण और अलोकतांत्रिक घटना बताया। बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने कहा कि बांग्लादेश तत्कालीन सरकार के इस कायरता पूर्ण और अलोकतांत्रिक घटना का पुरजोर विरोध करती है। इस्कॉन संस्थान और हिंदू समाज के संगठनों ने अभी तक अपने बांग्लादेशी हिंदू उत्पीड़न के विरोध में केवल लोकतांत्रिक तरीके से प्रदर्शन किया है। किसी भी प्रकार की हिंसा का उन्होंने प्रतिहिंसा के रूप में अभी तक कोई उत्तर नहीं दिया है। इस प्रकार के पूर्ण शांतिप्रिय और लोकतांत्रिक रूप से अपनी बात रखने वाले समाज के किसी नेतृत्त्व को, जो एक वर्ग का भी नेतृत्व करते हैं, इस प्रकार से अलोकतांत्रिक तरीके से गिरफ्तार करना, उनको बंद करना उनकी आवाज को दबाने की कुचेष्टा करना अलोकतांत्रिक है, अमानवीय है और हिंदू समाज के मानवाधिकारों का हनन भी है। इस अवसर पर विहिप के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा कि हम प्रारंभ से ही मांग कर रहे हैं कि बांग्लादेश में जो घटनाक्रम चल रहा है, उसमें वामपंथी, इस्लामिक तत्वों के साथ मिलकर वहां के हिंदू समाज का दमन कर रहे हैं। दुर्भाग्य की बात है कि पूरे विश्व समुदाय ने वैश्विक संगठनों ने इस घटनाक्रम पर जितनी चिंता व्यक्त करनी चाहिए थी, जैसी रोक लगानी चाहिए थी, वैसी रोक नहीं लगाई है। विश्व हिंदू परिषद पूरे विश्व समुदाय से यह अपेक्षा करती है कि वहां पर हो रहे घटनाक्रम को ध्यान से देखे, उसकी गंभीरता को समझे और बांग्लादेश के प्रशासन पर दबाव बनाए कि हिंदुओं के मानवाधिकारों की रक्षा की जाए, सुरक्षा की जाए।





विहिप प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा कि भारत सरकार का प्रति-उत्तर इस विषय में बहुत ही सावधानी पूर्वक और न्यूनतम रहा है। यह सही है कि एक संप्रभु देश की स्वायत्तता को किसी भी प्रकार से चुनौती देना दूसरे देश की सरकार के लिए ठीक नहीं है, लेकिन एक बड़े हिंदू समुदाय का इस प्रकार का उत्पीड़न पूरा विश्व, सारे पड़ोसी देश, भारत सरकार सिर्फ देखते रहे और कुछ भी कार्रवाई नहीं किया। यह भी एक सीमा तक तो स्वीकार्य है, लेकिन लंबे समय तक यह भी स्वीकार नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा, विश्व हिंदू परिषद का मानना है कि विश्व समुदाय इन सब घटनाओं को उनके संज्ञान में ले। बांग्लादेश के शासन पर दबाव बनाए कि हिंदुओं के उत्पीड़न को रोके। हम तुरंत प्रभाव से इस्कॉन के मुख्य पुजारी चिन्मय कृष्ण दास प्रभु की रिहाई की मांग करते हैं।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर कुशवाहा समाज ने किया प्रदर्शन





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में दो दिवसीय समीक्षा बैठक हुई। इस दौरान रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर झारखंड के विभिन्न जिलों से आए कुशवाहा समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने मांग की कि कुशवाहा समाज से जीतकर आने वाले विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता को नेता प्रतिपक्ष बनाया जाए। पार्टी कार्यालय के बाहर हाथों में बैनर-पोस्टर लिए कुशवाहा समुदाय के लोगों ने नारेबाजी की। उल्लेखनीय है कि भाजपा उम्मीदवार कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने 2024 में हुए विधानसभा चुनाव में पांकी सीट से जीत हासिल की थी। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार देवेंद्र सिंह को 9796 के वोट मार्जिन से हराया था। उन्हें चुनाव में 75991 वोट मिले थे।

# विहिप 15 जनवरी से चलाएगी त्रिशूल दीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद की प्रांत कार्यकारिणी की एकदिवसीय बैठक रविवार को हुई। बैठक दो सत्रों में स्टेशन रोड स्थित होटल ग्रीन होराइजन में की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विहिप के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने सभी कार्यकर्ताओं से समाज में समन्वय बना कर कार्य करने का आह्वान किया।

बैठक में विगत महीनों में संपन्न हुए कार्यक्रमों हुतात्मा दिवस और संस्कार सप्ताह की समीक्षा की गई। साथ ही, आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाई गई। एक दिसंबर से 15 दिसंबर तक धर्म रक्षा निधि संग्रह अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। गीता जंयती के अवसर पर 11 दिसंबर और 15 दिसंबर को शौर्य दिवस का आयोजन प्रखंड स्तर पर किया जाएगा। 15 जनवरी, 2025 से त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम विभाग स्तर पर करने का निर्णय लिया गया। आगामी जनवरी माह में प्रयागराज महाकुंभ में आयोजित केंद्रीय बैठकों की जानकारी कार्यकर्ताओं को दी गई।





बैठक में विश्व हिंदू परिषद् झारखंड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, राजेंद्र मुंडा, मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, सहमंत्री सह बजरंग दल संयोजक रंगनाथ महतो, स्वामी कृष्णा चैतन्य, प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख अरविंद सिंह, मातृ शक्ति प्रमुख दीपा रानी कुंज सहित सभी विभाग मंत्री, विभाग संगठन मंत्री, जिला अध्यक्ष, जिला मंत्री उपस्थित थे।

## राज्य में अगले दो माह में 3 आईपीएस होंगे सेवानिवृत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में अगले दो महीनों के दौरान झारखंड पुलिस के तीन डीजी रैंक के आईपीएस अधिकारी सेवानिवृत्त होंगे। इनमें तत्कालीन डीजीपी अजय कुमार सिंह एवं एम मीणा जनवरी, 2025 में और आरके मल्लिक 31 जनवरी, 2025 को रिटायर होंगे। साथ ही, नए साल के पहले दिन एक जनवरी, 2025 से 2007 बैच के तीन आईपीएस अनूप बिरथरे, सुनील भास्कर और मयूर पटेल कन्हैयालाल आईजी रैंक में प्रोन्नत हो जाएंगे। इसके अलावा, 2011 बैच के सीनियर एसपी रैंक (सीनियर सिलेक्शन ग्रेड) में प्रोन्नत छह आईपीएस अधिकारी एक जनवरी, 2025 से डीआईजी हो जाएंगे। सीनियर एसपी रैंक में प्रोन्नत अधिकारी को राज्य सरकार चाहे, तो वर्तमान में कहीं भी प्रभारी डीआईजी बना सकती है। इनमें चंदन झा, चंदन सिन्हा, प्रियदर्शी आलोक, अजीत पीटर डुंगडुंग, अनुरंजन किस्पोट्टा और अंबर लकड़ा शामिल हैं। वहीं, झारखंड कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अजय भटनागर शनिवार (30 नवंबर) को सेवानिवृत्त हो गए। अजय भटनागर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे और सीबीआई में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत थे।





## गांव तक नहीं पहुंच पाता है वाहन, घर में ही हुआ प्रसव

**रांची/खूंटी।** सरकार संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के प्रयास कर रही है और इसके लिए प्रोत्साहन राशि भी दे रही है, लेकिन गांव तक जाने के लिए पुल नहीं होने के कारण तोरपा प्रखंड के जिलिंगबुरु गांव की मेरी सुरीन का प्रसव घर में ही कराया गया। जिलिंगबुरु गांव जाने के रास्ते में नाला पर बना पुल वर्षों टूटा पड़ा है। नाला में पानी भरा होने के कारण गांव तक वाहन नहीं पहुंच पाता है। जिलिंगबुरु गांव की मेरी सुरीन को शनिवार को प्रसव पीड़ा हुई। इसकी जानकारी सहिया को मिली लेकिन पुल के अभाव में उसे स्वास्थ्य उपकेंद्र तक लाना मुश्किल था। बाद में एएनएम रूपा रानी तिग्गा, सहिया प्यारी केरकेट्टा तथा आंगनबाड़ी देविका शिलवंती कोनगाडी मेरी के घर पहुंची तथा उसका सुरक्षित प्रसव कराया। मेरी को पुत्र की प्राप्ति हुई। उल्लेखनीय है कि रोन्हे से जिलिंगबुरु जाने के रास्ते में नाले पर पुल बनाने की मांग ग्रामीण एक वर्ष से भी अधिक समय से कर रहे हैं। यहां बनी पुलिया बरसात में टूटकर बह गई है। पुल नहीं होने के कारण चार पहिया वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाता है।

### झारखंड में सात महीने में 1542 मरीजों की हुई पहचान

# प्रतदिन मिल रहे हैं 7 एचआईवी संक्रमित

- झारखंड एड्स कंट्रोल सोसाइटी से जारी आंकड़े दे रहे गंभीर संकेत
- 6 लाख 56 हजार लोगों की स्क्रीनिंग से यह आंकड़ा आया है सामने
- सबसे ज्यादा 203 एचआईवी संक्रमितों की पहचान रांची में हुई है

**रांची (आईएएनएस)।** झारखंड में एचआईवी संक्रमितों की संख्या हर रोज बढ़ रही है। विश्व एड्स दिवस (एक दिसंबर) के पहले झारखंड एड्स कंट्रोल सोसाइटी की ओर से जारी आंकड़ा बताता है कि राज्य में हर रोज औसतन सात एचआईवी संक्रमितों की पहचान हो रही है। इस साल एक अप्रैल से अक्टूबर के अंत तक यानी सात महीने में राज्य में 1542 नए एचआईवी पॉजिटिव मरीजों की पहचान हुई है।





इनमें आठ नवजात भी शामिल हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, सात महीने में राज्य में कुल 6 लाख 56 हजार लोगों की स्क्रीनिंग से यह आंकड़ा सामने आया है। सबसे ज्यादा 203 एचआईवी संक्रमितों की पहचान रांची में की गई है, जबकि पूर्वी सिंहभूम में 194, हजारीबाग में 149 और धनबाद जिले में 124 एचआईवी मरीज पाए गए हैं। गढ़वा जिले में एक भी एचआईवी संक्रमित नहीं पाया गया, जबकि लोहरदगा में चार और सिमडेगा एवं चतरा जिले में आठ-आठ मरीजों की पहचान हुई है। पिछले साल राज्य में कुल 12 लाख से भी अधिक लोगों की स्क्रीनिंग के बाद 2074 एचआईवी संक्रमितों की पहचान हुई थी।

एचआईवी संक्रमितों के इलाज के लिए राज्य में कुल 14 एआरटी (एंटी रेट्रो वायरल ट्रीटमेंट) सेंटर बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर उन्हें निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं। रांची के रिम्स स्थित एआरटी सेंटर में सबसे ज्यादा करीब 1600 एचआईवी मरीज हर माह दवा लेते हैं। राज्य में एचआईवी संक्रमण के 90 प्रतिशत से भी ज्यादा मामलों में यह पाया गया है कि रोजगार के सिलसिले में बाहर के प्रदेशों में लंबे समय तक रहने वाले लोग संक्रमण लेकर लौट रहे हैं। इनमें निम्न आय वर्ग के लोगों की संख्या ज्यादा है। ऐसे सैकड़ों केस हैं, जिसमें ट्रक ड्राइवर और प्रवासी मजदूर बाहर से संक्रमण लेकर आए।

झारखंड एड्स कंट्रोल सोसाइटी का दावा है कि मरीजों की लगातार मॉनीटरिंग और काउंसलिंग की जा रही है। गर्भवती महिलाओं की एचआईवी जांच अनिवार्य तौर पर कराई जा रही है, ताकि गर्भावस्था के दौरान महिलाओं से बच्चों में एड्स के संक्रमण को रोका जा सके। पिछले एक साल में जिन एचआईवी पॉजिटिव मरीजों की पहचान हुई है, उनमें 198 गर्भवती महिलाएं भी हैं। सोसाइटी उन लोगों को ही एक्टिव संक्रमित मानता है, जो एआरटी सेंटरों में पहुंचकर जांच कराते हैं। एड्स और एचआईवी संक्रमितों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्हें अंत्योदय अन्न योजना, आयुष्मान भारत, जनधन योजना, इंटीग्रेटेड चाइल्ड प्रोटेक्शन से भी जोड़ा गया है।

## प्रकृति के साथ चलने की जरूरत है : संजय कुजूर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के हरमू स्थित वीर बुधु भगत धुमकुड़िया भवन में रविवार को धुमकुड़िया टीम के बैनर तले 'उरांव समाज का धार्मिक चिह्न डंडा कटना एवं अदि चाला अयंड का विरुपण वर्तमान चुनौतियां और समाधान' विषय पर परिचर्चा हुई। सरना समिति से संजय कुजूर ने कहा कि उरांव समाज में जो मान्यताएं होती हैं, वह संस्कार से होती हैं। धर्म को निभाने के लिए आचरण, नियम को निभाया जाता है। आदिवासी समाज का धार्मिक अगुवा पाहन होता है। वर्तमान पीढ़ी समाज को सुधार नहीं पाई, तो आने वाले पीढ़ी को बचाना मुश्किल हो जाएगा। आदिवासी समाज के युवाओं को निस्वार्थ भाव से प्रशिक्षण करने की जरूरत है। आकृति को छोड़कर प्रकृति के साथ चलने की जरूरत है। तभी आदिवासी समाज को मजबूत और सशक्त बनाया जा सकता है। अन्य वक्ताओं ने कहा कि समाज की धार्मिक, आस्था, विश्वास और दर्शन समाज की सांस्कृतिक एवं धार्मिक रीढ़ होती हैं, जो सदियों से समाज के विभिन्न क्रियाकलापों में दिखाई देती है। वर्तमान समय में आदिवासी समाज अन्य धर्मों के प्रतीक चिह्न और उनकी मान्यताओं से प्रभावित हुए हैं।

वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी समाज अन्य धर्मों की नकल कर बाजार केंद्रित होता जा रहा है। उरांव समाज में धार्मिक डंडा कटना चिह्न को तरह-तरह से बनाकर मनगढ़ंत व्याख्या किया जा रहा है। बाजार की मांग के अनुरूप सरना मां का चित्र, फोटो फ्रेम और मूर्ति बनाए, बेचे और खरीदे जा रहे हैं। कहा गया कि आज प्रकृति को अंगीकार करने की जरूरत है, तभी समाज को हम बचा सकते हैं। आदिवासी संस्कृति धर्म, परंपरा, धुमकुड़िया से ही बचाया जा सकता है। मौके पर साहित्यकार महादेव टोप्पो, प्रो रामचंद्र उरांव, कार्तिक उरांव कॉलेज गुमला से डॉ मनती कुमारी उरांव, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा अध्यक्ष रवि तिग्गा, संजय गांधी कॉलेज के प्रो चौठी उरांव, जमशेदपुर से लक्ष्मण मिंज, डीएसपीएमयू के डॉ अभय सागर मिंज, डॉ तेतरु उरांव, धरम अगुवा चारे भगत, संजु टोप्पो सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद उरांव, मेघा उरांव आदि मौजूद थे।

### जिस भवन में डीसी का कार्यालय, उसका हाल बेहाल

# समाहरणालय के ब्लॉक 'ए' भवन में पेयजल की व्यवस्था ठीक नहीं

**मनोज मिश्रा**

**रांची।** समाहरणालय के ब्लॉक 'ए' भवन में रांची के उपायुक्त का कार्यालय है। इस कार्यालय में रोजाना एक हजार से ज्यादा लोगों का आना होता है। दूर दराज के गांवों तक से लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए यहां आते हैं। किसी भी कार्यालय में पीने के पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करना राज्य का दायित्व है और इसका प्रबंध प्रशासन को करना पड़ता है। लेकिन, रांची समाहरणालय की बात ही निराली है। ब्लॉक 'ए' भवन में आमलोगों के लिए पीने का पानी उपलब्ध नहीं है।




रांची समाहरणालय के ब्लॉक 'ए' भवन के ग्राउंड फलोर पर कहीं भी पीने का पानी उपलब्ध नहीं है। वाटर प्यूरिफायर मशीन खराब है, यह शो पीस की तरह लगा हुआ है। प्रथम तल का भी वाटर प्यूरिफायर मशीन खराब है। द्वितीय तल का वाटर प्यूरिफायर मशीन खराब है। तीसरे तल पर अपर समाहर्ता के न्यायालय के बाहर पानी उपलब्ध है। चतुर्थ तल पर फिर पेयजल की व्यवस्था नहीं है। वित्त एवं लेखा विभाग में पानी उपलब्ध है, मगर वाटर प्यूरिफायर मशीन को कार्यालय के दरवाजे के इतना निकट रखा गया है कि आमजन यहां पानी पी सकते हैं या नहीं, स्पष्ट नहीं हो पाता है। पांचवें तल पर भी पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। राजधानी के समाहरणालय का यह हाल है, तो दूसरे जिलों और प्रखंडों में कैसी व्यवस्था रहती होगी, इसे समझा जा सकता है। नए उपायुक्त आए हैं, उम्मीद की जा रही है कि अब वे व्यवस्था को ठीक करेंगे।

## आमलोगों की शिकायतों के लिए आज जारी होगा व्हाट्सएप नंबर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन आमजनों की शिकायतों के लिए एक व्हाट्सएप नंबर 9430328080 जारी कर रहा है, जिसमें लोग अपनी शिकायत दर्ज कर सकेंगे। यह व्हाट्सएप नंबर सोमवार को जारी होगा। इस नंबर पर रांची की जनता 24 गुणा 7 शिकायत कर सकेगी। बताया गया कि संबंधित विभाग लोगों की समस्याओं पर त्वरित संज्ञान लेगा और उसका समाधान करेगा। इसके लिए तीन पारियों में दो-दो कर्मियों और पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रत्येक सप्ताह के शनिवार के दिन जनता के शिकायतों की समीक्षा की जाएगी। इसमें लोगों से प्राप्त होने वाली शिकायतों को ससमय निराकरण के लिए संबंधित विभाग को भेजा जाएगा। शिकायत पर की गई कार्रवाई से संबंधित प्रतिवेदन समय-समय पर उपलब्ध कराना होगा। डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर जिला जन शिकायत कोषांग भी रेस हो गया है। जिला जन शिकायत कोषांग समाहरणालय ब्लॉक-ए के कमरा नंबर-220 में है। डीसी ने आम जनता को अपनी शिकायत को लेकर रांची जिला जन शिकायत कोषांग में आवेदन जमा करने की अपील की है। उन्होंने जनता से आवेदन की रिसीविंग भी लेने को कहा है। इसके बाद कोषांग प्राप्त आवेदन पर यथाशीघ्र नियमानुसार कार्रवाई करेगा।



संबंधित विभाग समस्याओं पर त्वरित संज्ञान लेगा और उसका समाधान करेगा

## न्यूज बॉक्स

### छह दिसंबर को परिवर्तित मार्ग से गुजरेगी टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य के लिए रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा। रेलवे से रविवार को मिली जानकारी के अनुसार इस दौरान रांची रेल मंडल से परिचालित ट्रेन संख्या 18601 टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन 06 दिसंबर 2024 को अपने निर्धारित मार्ग चांडिल-पुरुलिया- कोटशिला-मुरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चांडिल-गुडा बिहार-मुरी होकर चलेगी।

### आरसीएच कार्यालय से दुर्लभ प्रजाति का सांप किया गया रेस्क्यू

**रांची।** नामकुम स्थित आरसीएच कार्यालय में दवा के कार्टून के अंदर से ओरनेट फ्लाइंग स्नेक (तक्षक नाग) को पिठोरिया निवासी स्नेक रेस्क्यूअर रमेश कुमार महतो ने रविवार को रेस्क्यू किया। सांप लगभग तीन फीट का था। रमेश महतो ने बताया कि यह सांप दुर्लभ प्रजाति का है और झारखंड में पहली बार इसे रेस्क्यू किया गया है। यह सांप ज्यादातर पठारी क्षेत्र के झाड़ीनुमा जगहों पर पाया जाता है। यह सांप 100 फीट ऊपर से नीचे जंप कर सकता है। यह जमीन पर बहुत कम आता है, ज्यादातर यह पेड़ पर ही रहता है। इसका भोजन मुख्य रूप से छिपकली एवं कीड़े-मकोड़े हैं। यह सांप विलुप्ति के कगार पर है। यह भारत में रेयर कैटेगरी में आता है। झारखंड में अब इस सांप के जेनेटिक्स के बारे में रिसर्च होगा। इसलिए इसे बिरसा जैविक उद्यान को सुपुर्द कर दिया जाएगा।



### 50 साल से बसे ग्रामीणों को रेलवे की जमीन खाली करने का आदेश

**रांची।** जिले के तुपुदाना क्षेत्र स्थित पिठिया टोली के निवासियों को रेलवे प्रशासन ने नोटिस जारी कर रेलवे की जमीन खाली करने का आदेश दिया है। यह नोटिस मिलने के बाद 50 सालों से रेलवे की जमीन पर बसे इन ग्रामीणों के सामने बेघर होने का संकट उत्पन्न हो गया है। ग्रामीणों ने इस मुद्दे पर एक बैठक आयोजित की और इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के हटिया मंडल अध्यक्ष राम मनोज साहू के नेतृत्व में नवनिर्वाचित विधायक नवीन जायसवाल से मुलाकात की। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया है कि वे पिछले 50 वर्षों से हटिया के पिठिया टोली में रेलवे लाइन के किनारे रह रहे हैं और यहां उनके घर बसे हुए हैं। ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित विधायक से आग्रह किया कि उन्हें बेघर होने से बचाने के लिए वे रेलवे प्रशासन से बातचीत करें। नवीन जायसवाल ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे डीआरएम (डिवीजनल रेलवे मैनेजर) से इस मुद्दे पर बातचीत करेंगे और पिठिया टोली के निवासियों के लिए जल्द समाधान निकाला जाएगा।



### कलाकार दिवस 24 दिसंबर को

**रांची।** मो. रफी की जयंती पर 24 दिसंबर को कलाकार दिवस मनाया जाएगा। यादें रफी इंटरनेशनल के मैनेजिंग डायरेक्टर महेंद्र मोदी ने कहा, हम हर साल 24 दिसंबर को मो. रफी की जयंती पर कलाकार दिवस मनाते हैं। इसमें गीत-संगीत से जुड़े बेस्ट कलाकारों को रफी अवार्ड से सम्मानित करते हैं। उन्होंने मो. रफी के फैंस से कहा, यदि आप भी रफी साहब के फैन हैं, तो 24 दिसंबर को अपने-अपने स्थान पर अपने स्तर से शहंशाहे तरन्नुम मो. रफी साहब की याद में कलाकार दिवस (24 दिसंबर) मनाएं और गीत संगीत से जुड़े कलाकारों को सम्मानित करें। एक फूल भी काफी है सम्मान जताने के लिए।




### एड्स छूने या साथ बैठने से नहीं फैलता है : सुमन




**रांची।** झालसा के निर्देशानुसार, न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, डालसा के मार्गदर्शन में मांडर प्रखंड के मुड़मा गांव में विश्व एड्स दिवस के अवसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के कार्यरत पीएलवी सुमन ठाकुर ने कहा कि एड्स एक जानलेवा बीमारी है। एड्स से बचाव के लिए सरकार की कई लाभकारी याजनाएं हैं। उन्होंने कहा कि किसी के साथ बैठने या छूने से एड्स नहीं फैलता है। एड्स के रोगी के साथ सम्मान के साथ पेश आएं, न कि उनके साथ दुर्व्यवहार करें। डालसा के पीएलवी नूनम देवी ने कहा कि एचआईवी व एड्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रत्येक वर्ष एक दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को इस भयावह बीमारी के प्रति जागरूक करना है ताकि इस बीमारी के संक्रमण से लोगों को बचाया जा सके। डालसा के पीएलवी सुमन ठाकुर और पूनम देवी के द्वारा ग्रामीणों को बीच एड्स से संबंधित पंपलेट और लिफलेट भी बांटे गए। मौके पर पीएलवी सुमन ठाकुर, पूनम देवी एवं अन्य उपस्थित थे।

## मारवाड़ी ब्वॉयज कॉलेज के इग्नू सेंटर में हुई इंडक्शन मीटिंग




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी ब्वॉयज कॉलेज (0513) इग्नू सेंटर में रविवार को जुलाई 2024 सत्र के इंडक्शन मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में रीजनल सेंटर के सीनियर डायरेक्टर डॉ एस. मोहंती ने अपना वक्तव्य रखा और नए सत्र के विद्यार्थियों को असाइनमेंट प्रिपरेशन, प्रोजेक्ट, जर्नल, स्टडी मैटेरियल, फॉर्म फिलअप, रिरजिस्ट्रेशन, एग्जाम एवं पास फेल एवं ग्रेडिंग के बारे में विस्तार से बताया। मीटिंग की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने की एवं अपनी वक्तव्य में विद्यार्थियों को सही संदेश प्रदान किया। कॉलेज के प्रोफेसर इंचार्ज एवं एलएससी (3635) के कोऑर्डिनेटर डॉ राजीव रंजन शर्मा ने नए छात्र छात्राओं को दिशा निर्देश दिया। स्टडी सेंटर के कोऑर्डिनेटर डॉ बैद्यनाथ कुमार ने स्टडी सेंटर के टाइमिंग, प्रैक्टिकल, एग्जामिनेशन के बारे में बताया एवं स्टडी सेंटर के सीनियर काउंसलर अंग्रेजी के प्राध्यापक डॉ चितरंजन कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मीटिंग में सीनियर काउंसलर डॉ एस महापात्र, मुकेश कुमार शर्मा, डॉ अमित कुमार एवं स्टडी सेंटर के असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर डॉ खातिर हेमरोम आदि कर्मी उपस्थित थे।

## मां के नाम पर पेड़ लगाकर और समृद्ध भविष्य का निर्माण करना है : संजय सेठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नेहरू युवा केंद्र, रांची, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत रांची में रविवार को पौधरोपण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ थे। कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में लगभग 100 से अधिक पौधों का रोपण किया गया।




रांची के सांसद संजय सेठ ने उपस्थित लोगों को कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस अभियान की शुरुआत इसी वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी। इस अभियान का उद्देश्य, मां के नाम पर पेड़ लगाकर एक स्थायी स्मृति, पर्यावरण की रक्षा करना और एक हरे और समृद्ध भविष्य का निर्माण करना है। केंद्रीय मंत्री ने सभी रांची वासियों से भी इस अभियान ने भाग लेने एवं एक पेड़ मा के नाम लगाने की अपील की। कार्यक्रम का आयोजन विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल द्वारा नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी रोशन कुमार के निर्देश पर किया गया। कार्यक्रम में ऐश्वर्य सेठ, प्रमोद, सुमित सहित कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

### रांची विवि में एड्स दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में रविवार को विश्व एड्स दिवस पर भूगर्भ शास्त्र विभाग के सभागार में संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, शपथ और जागरूकता रैली का आयोजन कार्यक्रम एनएसएस समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा मूल्यांकन की तैयारी में अति व्यस्त होने के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके, लेकिन अपना लिखित संदेश भेजवाया, जिसे डॉ ब्रजेश कुमार ने पढ़ा। अपने संदेश में कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि पूरा विश्व आज एड्स के विरुद्ध जागरूकता अभियान चला रहा है एवं इसे कैसे रोका जाय इसपर चिंतन मंथन हो रहा है। उन्होंने कहा कि संयम और समझदारी से एड्स को रोका जा सकता है। सभी को सामूहिक प्रयास कर इसके विरुद्ध सघन जागरूकता अभियान चलाना होगा। मौके पर विशिष्ट अतिथि आरएलएसवाई महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विष्णु चरण महतो ने कहा कि एचआईवी के विरुद्ध जागरुकता अभियान युवा चलाएं एवं स्वयं को इस लाइलाज बीमारी से बचते हुए दूसरों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही एड्स जैसे घातक बीमारी से बचाव है। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अतुल कुमार, द्वितीय स्थान पर कोयल एवं तृतीय स्थान पर क्षणिका रानी रही। सफल प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

### आज / कल




## ओरमांझी में अपराधियों ने तेल टैंकर फूंका, फायरिंग भी की



कंस्ट्रक्शन साइट पर दिया वारदात को अंजाम

पुलिस कर रही मामले की जांच ग्रामीण एसपी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के ओरमांझी इलाके में अपराधियों ने फायरिंग के साथ आगजनी की है। बताया जा रहा कि श्रीराम कंस्ट्रक्शन साइट पर अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधकर्मी मौके से फरार हो गए। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। मामले को लेकर रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि निर्माण स्थल पर आगजनी की घटना को अज्ञात अपराधियों ने अंजाम दिया है। अपराधियों ने साइट पर मौजूद एक वाहन को आग के हवाले भी कर दिया। मामले की जांच की जा रही है। आग के हवाले किए गए तेल टैंकर के चालक अखिलेश ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि वह रात में अपने घर में सो रहा था। इसी दौरान चार अपराधी आए और उसके वाहन पर पेट्रोल छिड़कने लगे। इसी बीच अखिलेश जाग गया और वाहन से बाहर आ गया। जब अपराधियों ने अखिलेश से पैसे मांगे, तो उसने कहा कि उसके पास पैसे नहीं हैं, जिसके बाद अपराधियों ने उसका मोबाइल छीन लिया और फिर तेल टैंकर में आग लगा दी। जब निर्माण स्थल के अन्य मजदूर इसकी लपटों को देखकर उस ओर आने लगे, तो अपराधियों ने उन्हें डराने के लिए फायरिंग भी की। फायरिंग और आगजनी के बाद चारों अपराधी मौके से फरार हो गए।

## अचिंत्यचक्र दास जी के कथा वाचन से श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची के पिस्कामोड़ के लक्ष्मीनगर में श्रीमद् भागवत कथावाचक श्रीमान अचिंत्यचक्र दास जी (मुंबई) ने सातवें एवं आखिरी दिन कथा के प्रसंग में कहा, नंद महाराज एवं गोकुल वासियों द्वारा हर साल की तरह इंद्रदेव की पूजा की तैयारी में लगे रहने पर श्री कृष्ण ने अपने पिता नंद को उनकी पूजा नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने इंद्र की पूजा के बदले गिरी गोबर्धन जी की पूजा करने की बात कही। श्री कृष्ण ने कहा, गिरी गोबर्धन जी की पूजा करें, तो हमें प्रचुर मात्रा में हरी-हरी घास मिलेगी। वही घास गो माता खाएगी, जिससे वह दूध देगी, दूध से माखन बनेगा, जो हम सभी खाते भी हैं और व्यापार भी करते हैं। नंद बाबा अपने पूर्वजों से होती आ रही परंपरा को निभाना चाह रहे थे। उनका मानना था इंद्र की पूजा से ही समय पर बारिश होती है। इसी भ्रम को तोड़ने के लिए श्री कृष्ण जी ने इंद्र की पूजा का बहिष्कार किया। अचिंत्यचक्र दास जी ने कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए रुक्मणि कृष्ण विवाह की भी विशेष कथा सुनाते हुए विवाह की भव्य झांकी द्वारा श्रोताओं को मंत्र मुग्ध किए। तत्पश्चात श्रोता अतिथियों का स्वागत हुआ। फिर महाभंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कथा आयोजन कमेटी के प्रवक्ता शिव किशोर शर्मा ने बताया कि कथा आयोजक समिति ने कथा में आए अतिथि रांची सांसद एवं केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सरना समिति हेहल के अध्यक्ष जीतू तिर्की, पूर्व पार्षद गीता कुजूर, नारी सेना के केंद्रीय अध्यक्ष पूनम सिंह, छात्र क्लब पर्यावरण मंच की संरक्षक कुमारी शीला, विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश, भाजपा नेत्री सीमा मिश्रा एवं श्रोता भक्तों के प्रति आभार जताया। सात दिवसीय इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में गोविंद दास, शिव किशोर शर्मा, श्रीराम शर्मा, रामजतन शर्मा, पंकज लाल, रामबली शर्मा, ओमप्रकाश वर्णवाल, रामराज्य दास, हरिशंकर जी, राम रतन शर्मा, अनिल चौधरी, विनोद चौधरी, वसंत सिंह, नागेंद्र शर्मा, कलावती देवी, मीना देवी, बेरी देवी, सोना देवी, रीता देवी, प्रियांशु कुमारी, रेशमी कुमारी, श्रेया कुमारी, खुशी कुमारी, आयुष कुमार आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



### विश्व एड्स दिवस पर संत जेवियर्स कॉलेज रांची में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## झारखंड में 17000 एड्स के मरीज : अबू इमरान

एड्स संक्रामक और जानलेवा बीमारी है

एचआईवी पीड़ितों के लिए कई योजनाएं शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर संत जेवियर्स कॉलेज रांची में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक अबू इमरान थे। कार्यक्रम में रेड रिबन क्लब के सदस्य, संत जेवियर्स कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं एनएसएस के सदस्यों ने स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए। साथ ही, एड्स से बचाव को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया गया। छात्र-छात्राओं के बीच क्विज कंपटीशन, पेंटिंग कंपटीशन इत्यादि का भी आयोजन किया गया।



असिस्टेंट प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ एसएस पासवान ने बताया कि वर्ष 2002 में राज्य में एड्स कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। वर्तमान में राज्य में 59 आईटीसी सेंटर कार्यरत हैं जिसमें हाई रिस्क ग्रुप के मरीजों का टेस्ट किया जाता है। साथ ही, जो मरीज पॉजिटिव पाए जाते हैं, उन्हें आर्ट सेंटर में भेजा जाता है, जहां उनका मुफ्त इलाज किया जाता है। उन्हें बेहतर जीवन देने की कोशिश की जाती है। राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड लो प्रीवैलेंस रेट के अंतर्गत आता है। वहीं, झारखंड में हजारीबाग जिला हाई प्रीवैलेंस रेट के अंतर्गत आता है। विभिन्न एनजीओ एवं कैंप इत्यादि के माध्यम से हाई रिस्क ग्रुप के लोगों का पहचान कर जागरूक किया जाता है और टेस्टिंग की जाती है। अभियान निदेशक अबू इमरान ने बताया कि एड्स एक संक्रामक एवं जानलेवा बीमारी है, जिसका सही समय पर संपूर्ण जानकारी से ही बचाव एवं रोकथाम संभव है। वर्तमान में झारखंड में करीब 17,000 एड्स के मरीज हैं। सरकार ने एचआईवी से पीड़ित मरीजों के लिए कई योजनाएं शुरू की है और समय-समय पर हाई रिस्क ग्रुप की पहचान की जाती है। एचआईवी से पीड़ित मरीजों के बीच कंबल बांटा जाता है और अन्य लाभ भी पहुंचाया जाता है। उन्होंने कहा कि इसकी रोकथाम के लिए धार्मिक स्थान, बाजार, जेल इत्यादि स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। युवाओं को जागरूक एवं सावधान रहने की जरूरत है। जिन चीजों से एड्स का वायरस फैलता है, उनसे बचने की जरूरत है। अनसेफ सेक्स प्रैक्टिस को रोकने की आवश्यकता है, जो कि इसका एक प्रमुख कारण है। एड्स संक्रमित जो भी मरीज हैं, उनसे लोगों को भेदभाव नहीं करना चाहिए। उनसे सहानुभूति रखनी चाहिए एवं अच्छा व्यवहार करना चाहिए। मौके पर कार्यक्रम में सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार, असिस्टेंट प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ एसएस पासवान, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक अणिमा किस्कू, सत्यप्रकाश प्रसाद, रवि शंकर एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## भगवान के दर्शन से सनातन संस्कार का संचार होता है : श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य

जगतगुरु के प्रवचनामृत का रसपान कर सातवें दिन भी श्रोता हुए भाव विभोर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्रीधाम वृंदावन से पधारे जगतगुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्यजी महाराज की सरस वाणी में रविवार को सातवें दिन के प्रवचनामृत का रसपान कर श्रोतागण भाव विभोर हो गए। श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी उपदेश करते हुए कहा, आज अमावस्या का पवित्र दिन है। अमावस्या सूर्य देवता की तिथि है। सौर्यमास्य के महीने का अंत अमावस्या तिथि को ही होता है। आज रविवार का दिन भगवान सूर्य का दिन भी है। सूर्यदेव अंतरयामी भगवान श्रीमन्नारायण के नेत्र माने गए हैं। उन्होंने कहा, भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश भक्तों के अभीष्ट फलदाता हैं। भगवान की अहैतुकी कृपा के कारण ही हम भगवान का नित्य दर्शन करते हैं। भगवान के नित्य दर्शन करने से हमारे मन में सनातन संस्कारों का उदय होता है। भगवान की कृपा से ही हमारा जन्म भारतवर्ष के पवित्र भूमि पर हुआ है। हमें नित्य दर्शन देने के लिए ही भगवान ने सूर्यावतार रूप धारण किया है। श्री स्वामी जी ने जोर देकर कहा, हम इस संसार में आए हैं, परिवार के बीच रहते हुए भी हर पल भगवान का स्मरण करते रहना चाहिए। अपनी सारी समस्याएं और सांसारिक मोह माया भगवान को ही अर्पण कर देना चाहिए। सुबह सूर्योदय के पहले उठना चाहिए और संकल्पपूर्ण भगवान से अपने कल्याण के लिए प्रार्थना करनी चाहिए। जगद्गुरु रामानुजाचार्य अनिरुद्धाचार्य जी महाराज ने आगे कहा, भगवान श्रीमन्नारायण के परम अनुग्रह से भारत जैसे पावन देश के रांची नगर भगवान का दिव्य विहार स्थल हो गया है। यहां श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर भगवान प्रतिष्ठित होकर हमें कृपा वृष्टि से अभिभूत कर रहे हैं, सिञ्चित कर रहे हैं और हमारे पाप को काट रहे हैं। हमारे भारतवर्ष की जो संस्कृति है, वह अपने आप में अनुपम है। वही संस्कृति हमें संस्कारवान बनाती है। यदि हमारे जीवन में संस्कार नहीं है, तो हमारा जीवन शुष्क है, निरस है। संस्कार ही हमारे जीवन को उन्नत बनाती है। संस्कार ही हमें बताती है कि तुम भगवान के हो और भगवान तुम्हारे हैं। इसलिए संस्कार के तहत पुण्य कर्म करना चाहिए। हमें हमेशा शुभ कर्म करना चाहिए। श्रीस्वामी जी ने कहा, मोह माया ही हमें संसार से भटकाती है और भगवान के चरणों में अनुराग रखने में बाधक बनती है। इसलिए मोह-माया का त्याग करने का प्रयास तो जरूर करना चाहिए। मोह हमसे पाप भी करा देता है।



## एक नजर

### मांडर बाजारटांड़ से बाइक की चोरी

**मांडर।** मांडर बाजारटांड़ से रविवार को फुसरा टांड़ निवासी मलिक शेख की बाइक चोरी हो गयी। घटना शाम लगभग चार बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मलिक शेख एनएच 75 पर किनारे अपनी मोटर साईकल खड़ी कर सब्जी खरीदने के लिए बाजार गए। एक घंटे बाद जब वे वापस लौटे तो उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल गायब पाया। चोरी की सूचना मांडर थाने को दें दी गई है। पुलिस मामले की छान बीन कर रही है।

### चकमे में आईएनडीआईए के कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

**ठाकुरगांव।** कांके विधानसभा क्षेत्र से आईएनडीआईए के प्रत्याशी सुरेश कुमार बैठा की ऐतिहासिक जीत के उपरांत रविवार को सदन साहू की अध्यक्षता में बालिका उच्च विद्यालय चकमे में गठबंधन के कार्यकर्ताओं की बैठक सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन सरवर आलम ने किया। कार्यकताओं ने नवनिर्वाचित विधायक बैठा से क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, डिग्री कॉलेज का निर्माण, कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कराने आदि मांगों को लेकर इा ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने की बात कही। मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष शमीम बडेहार, जाकिर हुसैन, बलराम साहू, सुदामा नायक, सज्जाद अहमद, सरफराज अहमद, प्रकाश यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

### भगवत प्राप्ति कृपा सिद्ध है, साधन सिद्ध नहीं : महामंडलेश्वर निर्भयानंद पुरी



**रांची।** 8 श्री अद्वैत स्वरूप संन्यास आश्रम परमपुरी धाम द्वारा संचालित परम ज्ञान सत्संग मंडल रांची शाखा से आयोजित त्रिदिवसीय सत्संग कार्यक्रम का आयोजन रविवार को संपन्न हो गया। सत्संग कार्यक्रम की शुरूआत विगत 29 नवंबर से हुई थी। रविवार को दिन 11:00 बजे से मेकान नर्सरी में भजन सत्संग कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। दिल्ली से आए प्रसिद्ध गायक जितेंद्र शर्मा ने बहुत ही सुंदर और गुरु भक्ति के भजन गाए। हरिद्वार एवं श्री परमपुरी धाम से आए संत जनों ने भी अपने-अपने प्रवचनों के माध्यम से लोगों को मार्गदर्शन किया। अंत में अनंत श्री विभूषित महामंडलेश्वर स्वामी निर्भयानंद पुरी जी ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान की प्राप्ति गुरु की प्रसन्नता केवल साधन तक सीमित नहीं है। हम भगवान के कृपा के पात्र बन जाएं, तो हम उनकी कृपा से उसे परम तत्व को सहज में प्राप्त कर लेते हैं।

---

शिल्पी नेहा तिर्की की जीत की खुशी में आभार यात्रा सह विजय जुलूस निकाला गया

## मेरी जीत में लापुंग के लोगों की भूमिका अहम विकास होगी प्राथमिकता : शिल्पी नेहा तिर्की



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने लापुंग प्रखंड में भव्य विजय जुलूस सह आभार यात्रा निकाली। सरसा सरना स्थल में माथा टेककर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने विजय जुलूस सह आभार यात्रा का शुभारंभ किया। सरसा में संतोष तिर्की, ककरिया में देवेंद्र वर्मा, फतेहपुर में नसीम आलम तथा बिरसा चौक में मुखिया सविता उरांव के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने फूल माला के साथ विधायक शिल्पी नेहा तिर्की का स्वागत किया। इस मौके पर सरसा, देवगांव, नावाटोली, ककरिया, पोकटा, डाडी, फतेहपुर, गोपालपुर, कालजे, चालांगी हुलसु, कथकुंवारी, महुगांव, जरिया, जमाकेल बकाकेरा, महुगाव मोड़, चाल्हा मोड, लालपुर लालगंज, सांरगलोया, कातिंगकेला, बिरसा चौक लापुंग, अरमालटदाग के उपरांत दोलैचा बाजार टांड़ में चौक में विधायक का स्वागत किया गया। शिल्पी नेहा तिर्की ने कांग्रेस पार्टी की जीत के लिए लापुंग की जनता का आभार व्यक्त किया और कहा कि विरोधी ताकतों ने लापुंग के ग्रामीणों को बांटने का नाकाम कोशिश किया। उनका प्रयास बुरी तरह विफल रहा। उन्होंने कहा कि लापुंग के लोगों ने हमारी जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि लापुंग प्रखंड समेत पूरे मांडर विधान सभा क्षेत्र में विकास करने का मौका यहां की जनता ने दिया हैं। विधायक ने कहा कि जो भी अधूरे काम है उसे पूरा करना मेरी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि लापुंग के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

## सोनाडुबी में खदान का पानी बहाना बंद करे सीसीएल प्रबंधन : अब्दुल्ला



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
सोनाडुबी का दूषित हुआ पानी भूतनगर डकरा के ग्रामीणों के लिए नई परेशानी बन गया है। भूतनगर बस्ती की अधिकतर आबादी नहाने धोने से लेकर अन्य घरेलु इस्तेमाल के लिए सोनाडुबी नदी के पानी पर ही निर्भर है। मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने इस परेशानी के लिए सीसीएल प्रबंधन को जबाबदेह बताया है। उन्होंने कहा कि सीसीएल के डकरा खदान से निकाला जा रहा पानी सीधे सोनाडुबी में बहा दिया जा रहा है। खदान का पानी आ जाने से नदी का पानी दूषित हो गया है। भूतनगर के किनारे से बह रही सोनाडूबी का पानी देखने से ही गंदा दिखने लगा है। बस्ती के लोग इसी पानी पर आश्रित हैं। मजबूरी में इसी दूषित पानी में स्नान कर रहे हैं। अब्दुल्ला अंसारी ने सीसीएल के डकरा प्रबंधन से तुरंत इस व्यवस्था को बंद करने कहा है। कहा है कि प्रबंधन नदी का महत्व व इसकी उपयोगिता समझे और अभी से ही खदान का पानी नदी में बहाना बंद करे।

## भाजपा नेता की पत्नी को ब्रेन हैमरेज



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो ।**
भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा रांची जिला ग्रामीण महामंत्री चंद्र किशोर उरांव की पत्नी रोपनी कुमारी का अचानक ब्रेन हेम्बेरेज हो गया। आनन-फानन में उन्हें निदान सेवा सदन अस्पताल बोड़ेया में एडमिट कराया गया हैं। संभावना व्यक्त की जा रही है उन्हें लकवा भी मार दिया हो। रोपनी कुमारी का दायां भाग काम नहीं कर रहा है। फिलहाल निदान सेवा सदन अस्पताल बोड़ेया में चिकित्सक डॉ आनंद कुमार एवं डॉ एस बास्के की देखरेख में इलाज चल रहा है। रोपनी के पति भाजपा नेता चंद्र किशोर उरांव ने बताया कि चिकित्सकों ने उन्हें जानकारी देते हुए बताया कि रोपनी ब्रेन हेमरेज की शिकार हुई है। उन्हें लकवा की भी शिकायत हो सकती है। फिलहाल जांच चल रहा है। उन्हें आवश्यक दवाइयां भी दी गई है।

रोहिणी परियोजना पदाधिकारी ने की विस्थापितों के साथ बैठक, कहा

## खदान विस्तारीकरण से पहले विस्थापित की समस्या तत्काल खत्म की जाए



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
रोहिणी परियोजना के नए परियोजना पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद ने रैयत विस्थापित के साथ बैठक की। परियोजना कार्यालय में आयोजित बैठक में सीसीएल अधिकारी, मुखिया व विस्थापित शामिल हुए। परियोजना पदाधिकारी ने विस्थापित के साथ खदान विस्तारीकरण को लेकर चर्चा की। विस्थापितों की ओर से खदान विस्तारीकरण से पहले विस्थापित की समस्या पर त्खदान विस्तारीकरण से पहले विस्थापित की समस्या पर तत्काल पहल त्काल पहल करने कहा। विस्थापितों ने कहा कि प्रबंधन द्वारा खदान विस्तारीकरण की बात कही जाती है लेकिन विस्थापित ग्रामीणों की जो समस्या है उस पर प्रबंधन के साथ केवल चर्चा होती है। कोई ठोस पहल नहीं दिख रहा है। खासकर विस्थापित गांव में पानी, बिजली व सड़क की समस्या पर तुरंत कार्य हो। विस्थापित ग्रामीणों के पुनर्वास के संबंध में भी प्रबंधन द्वारा कोई उचित कार्रवाई नहीं दिख रहा है। कोई भी ग्रामीण अपने क्षेत्र से दूर किसी पुनर्वास स्थल पर बसने नहीं जाएंगे। इसके लिए प्रबंधन जबतक तुमांग पंचायत व पंचायत से सटे नजदीक क्षेत्र में ही उपयुक्त जगह पर ग्रामीणों के पुनर्वास स्थल के लिए कोई व्यवस्था नहीं करता है तबतक ग्रामीण प्रबंधन को कैसे सहयोग करेंगे। पुनर्वास के मामले पर प्रबंधन को ग्रामीणों की भावनाओं का भी ख्याल रखना होगा तभी खदान भी आगे बढ़ पाएगा। प्रबंधन एवं विस्थापित के बीच पुनर्वास स्थल को लेकर कई जगहों की चर्चा हुई। ग्रामीणों की मांग को देखते हुए प्रबंधन द्वारा आगे कार्रवाई की बात कही गई।

## मार्गशीर्ष अमावस्या पर हुआ खाटूनरेश का महास्नान अनुष्ठान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।**
हरमू रोड के श्रीश्याम मंदिर में रविवार को मार्गशीर्ष अमावस्या के अवसर पर खाटूनरेश के महास्नान अनुष्ठान के साथ विविध कार्यक्रमों का आयोजन धूमधाम से हुआ। प्रातः मंगला आरती व बाल भोग अर्पित करने के बाद अमावस्या अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। श्रीश्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि खाटूधाम के श्रीश्याम मंदिर की परंपरा के अनुसार गंगाजल, दूध, दही, शहद, चीनी, इत्र, जल, केशर, लाल गुलाब फूल के मिश्रण से खाटूनरेश का महास्नान कराया गया। खाटूनरेश सहित मंदिर में विराजमान सभी देवी-देवताओं को नवीन पोशाक पहनाया गया। कोलकाता से मंगाए गए फूल-मालाओं से खाटूनरेश को सजाया गया। मंदिर विराजमान लड्डू गोपाल जी, शालीग्राम जी, गरुड़ जी, श्रीश्यामेश्वर महादेव, श्रीहनुमान जी, रिद्धि-सिद्धि, प्राचीन तेल चित्रों व गुरुजनों का भी विशेष श्रृंगार किया गया। मंडल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के नेतृत्व में मंदिर के गर्भगृहों का अनुष्ठान मंदिर के आचार्यों ने किया। प्रातः 8:30 बजे गर्भगृहों का परदा हटाया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तजनो ने खाटूनरेश का दर्शन कर जय - जयकार किया। श्रृंगार आरती करके पंचमेवा का भोग अर्पित किया गया।

### इंडिया पोस्ट ने दिया मर्चेंट यूपीआई क्यूआर कोड

**खलारी।** भारतीय डाक विभाग के बुकबुका (खलारी) शाखा डाकघर द्वारा डाक मेला सह शिविर का आयोजन किया गया। डाक मेले की अध्यक्षता लातेहार जिला के इंडिया पोस्ट पेंमेंट बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक सौरव कुमार ने किया। बुकबुका डाकघर के डाकपाल प्रताप रंजन ने बताया कि इस डाक शिविर का मुख्य उद्देश्य इंडिया पोस्ट पेंमेंट बैंक का खाता खोलना व मर्चेन्ट यूपीआई क्यूआर कोड देना है। बताया कि इसके साथ-साथ डाकघर से संबंधित अन्य जानकारी तथा बचत खाता, रैकरिंग खाता, फिक्स डिपोजिट, आईडी, एसएसए, पीपीएफ खाता, बीमा पालिसी सहित अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी गई। बताया कि अधिक जानकारी के लिए नजदीकी डाकघर भी जा सकते है। इस शिविर में दर्जनों महिला-पुरूषों व दस वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों ने अपना खाता खुलवाया।

## श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में 1400 श्रद्धालुओं ने किया भोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पुंदाग स्थित निमाणाधीन मंगल राधिका सदानंद श्री कृष्ण प्रणामी सद्गुरु कृपा अपनाघर आश्रम के प्रांगण में रविवार को 178वें निःशुल्क श्री कृष्ण भंडारे का आयोजन हुआ। श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के इस आयोजन में 1400 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। परमहंस संत शिरोमणि डॉ श्रीश्री 108 श्री सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवाधाम के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान एवं कार्यक्रम संयोजक विशाल जालान के नेतृत्व में समृतिशेष सत्यनारायण पोद्दार सुपौत्र समृतिशेष प्रेम कुमार पोद्दार-श्रीमती पुष्पा देवी पोद्दार के सुपुत्र-पुत्रवधू, सुपौत्र पंकज कुमार पोद्दार उनकी धर्म पत्नी रामा पोद्दार एवं सुपौत्र ऋषभ पोद्दार सुश्री नेहा अग्रवाल के संग 178वें निःशुल्क अन्नापूर्णा भंडारे का भोग लगाया। पंकज कुमार पोद्दार ने अपनी धर्म पत्नी रामा पोद्दार सुपुत्र ऋषभ पोद्दार एवं उनके परिवार के सौजन्य से दोपहर का विशेष प्रसाद कराया गया।

## न्यूज | बॉक्स

### 11 विद्यार्थियों को मिलेगी मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति



**खलारी।** एसीसी उच्च विद्यालय खलारी के 11 विद्यार्थी मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति योजना 2024 के लिए आयोजित परीक्षा में सफलता पाए हैं। झारखंड सरकार द्वारा आयोजित इस परीक्षा में राज्य भर से कुल 2727 विद्यार्थी सफल हुए हैं। इनमें से खलारी प्रखंड से 14 बच्चे हैं। इन 14 में भी 11 एसीसी हाई स्कूल खलारी के बच्चे सफल हुए हैं। विद्यालय के प्रशासक जामवंत सिंह व प्रधानाध्यापक एसएन तिवारी ने विद्यार्थियों की सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### जेएलकेएम ने की समीक्षा बैठक



**सिल्ली।** राज्य में विधानसभा चुनाव संपन्न हो चुका है। नई सरकार का गठन भी हो चुका है। सभी राजनीतिक दल अपने चुनावी आकलन में लगे हुए हैं। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने रविवार को सिल्ली प्रखंड के कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी समीक्षा बैठक किया। चुनाव में पड़े वोट और संगठन की मौजूदा स्थिति पर चर्चा किया। संगठन की रणनीति में सुधार पर विचार किया गया। विधानसभा प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो ने अपने कार्यकर्ताओं को हौसला अफजाई करते हुए क्षेत्र की सेवा के लिए प्रेरित किया। जयराम महतो के विचारधारा को प्रसारित करने की बात कही । बैठक में सिल्ली प्रखंड के सभी 20 पंचायतों के सभी पंचायत प्रभारी व बूथ कमेटी मौजूद रहे। हिरण पार्क व रामडेरा बैठक में मुख्य रूप से कृष्णा महतो, खुदीराम महतो, राजु महतो, महावीर साहू, सुखदेव, वीरेन, अजय, ने भी अपनी बातें रखी।

### सोलर टंकी गिरने से घर मालिक परेशान



**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बड़ामुरी ऊपर टोला में श्रीपद गोराई के चहारदीवारी के अंदर घर से सटे मुखिया निधि से सोलर टंकी का निर्माण 6 वर्ष पूर्व किया गया था ताकि ग्रामीणों को स्वच्छ पानी का लाभ प्राप्त हो सके। इधर श्रीपद गोराई, तरु देवी एवं विनोद गोराई ने बताया कि सोलर लगने के बाद जब भी खराब होता था तो हम लोग ग्रामीण आपस में चंदा करके सोलर को बनाते थे। परंतु बीते दिन जर्जर होकर सोलर टंकी सहित गिर गया। जिससे मेरा मकान का कच्चा दीवार भी टूट गया। बड़ा मुरी(पश्चिमी)पंचायत के मुखिया को सूचना देने के बावजूद अभी तक कोई पहल नहीं किया गया है। वर्तमान में हम लोगों को अपने ही घर में आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी और बड़ामुरी मुखिया (पश्चिमी)के प्रतिनिधि से पूछने पर उन्होंने बताया कि अभी पर्याप्त फंड के अभाव होने के कारण इसे ठीक नहीं कराया जा सका है।

### नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन



**सिल्ली।** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट एवं सेवा भारती सिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को को सिल्ली में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र रोग के 78 लोगों की जांच हुई। जांच के उपरांत 26 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए जिनका ऑपरेशन सोमवार को निरामया अस्पताल रांची में किया जाएगा। शिविर को सफल बनाने में प्रवीण अग्रवाल, स्वरूप दत्ता, भरत सिंह, पीयूष अग्रवाल, दिलीप दे , रिशी सोनार, प्रशान्त रविदास, जगदीश गोराई, कार्तिक गोराई, अमर अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल आदि सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

---

झारखंड शिक्षा परियोजना की सहायक साधन सेवी निशि प्रभा सेवानिवृत्त

## 26 वर्षों की सेवा के बाद बेदाग सेवानिवृत्ति करोड़ों रुपयों के बराबर : प्रताप कुमार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड शिक्षा परियोजना रांची की सहायक साधन सेवी निशि प्रभा को 26 वर्षों की बेदाग सेवा के उपरांत उनकी सेवानिवृत्ति पर रांची के जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज की गरिमामयी उपस्थिति में जिला परियोजना कार्यालय के सहकर्मी द्वारा भावपूर्ण बिदाई दी गई। जिला के बीआरपी-सीआरपी, कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डन सहित शिक्षिकाओं, प्रखंड के लेखापाल, कनीय अभियंता, जिला के सहायक अध्यापकों तथा बीपीओ के द्वारा अलग अलग सामूहिक रूप से भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृति के उपरांत विभागीय नियमानुसार दिया जाने वाला आर्थिक लाभ का चेक जिला शिक्षा अधीक्षक रांची एवं अकाउंट ऑफिसर आनंद कुमार द्वारा निशि प्रभा को दिया गया । इस मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने उन्हें जिंदगी की दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं दी। विदाई समारोह के दौरान एडीपीओ पंकज कुमार ने कहा कि निशि प्रभा जी कार्यालय और संघ दोनों जगह पूरी ऊर्जा के साथ कार्य किया है। हम सब इनके जीवन के तीसरी पारी जो सेवा निवृति के उपरांत प्रारंभ हो रही है के खुशमय होने की कामना करता हूं। इस मौके पर राज्य कार्यालय की एपीओ सीमा प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा कि हम दोनों की ज्वाइनिंग परियोजना में एक साथ हुआ है। उन्होंने कहा कि निशि के साथ कई वर्षों का मधुर संबंध रहा है जिसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता वहीं निशि प्रभा की विदाई के दौरान सहायक साधन सेवी प्रभा सहाय काफी भाव बिह्वल हो गई। उन्होंने कहा कि 26 सालों के संबंध के बाद आज इस विदाई के मौके पर काफी अकेला महसूस कर रही हैं।

## अंतर विद्यालय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में बाघवार अकादमी का शानदार प्रदर्शन




**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**
अंतर विद्यालय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में बाघवार अकादमी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई मेडल अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता रांची के कैराली स्कूल में रांची सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स के द्वारा आयोजित की गई थी। बाघवार अकादमी की टीम में 6 सदस्य शामिल थे, जिनमें 3 लड़कियां और 3 लड़के थे। इस टीम का नेतृत्व विद्यालय की स्पोर्ट्स टीचर शालिनी टोप्पो ने किया। प्रतियोगिता में रांची जिले के 20 विद्यालयों के लगभग 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया। बाघवार अकादमी के निदेशक अशोक बघवार और प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने कोच शालिनी टोप्पो और पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस सफलता का श्रेय बच्चों की कड़ी मेहनत और कोच की उत्कृष्ट मार्गदर्शन को जाता है। सभी खिलाड़ियों को रांची जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार द्वारा मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## कोयला ढुलाई में बढ़ा हुआ भाड़ा नहीं मिला, तो होगी हड़ताल : विकास दुबे



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी के ट्रक मालिकों ने कोयला ढुलाई में भाड़ा बढ़ाने के लिए कमर कस लिया है। इस मुद्दे पर शनिवार को खलारी के चूरी कोलियरी कैंटीन में ट्रक मालिकों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता विकासकुमार दुबे ने की। बैठक में चूरी परियोजना के रोड सेल में ट्रकों को कम भाड़ा दिए जाने का मामला उठाया गया। ट्रक मालिक विकास दुबे ने कहा कि सीसीएल के एनके के चूरी और पिपरवार क्षेत्र में ही कम भाड़ा देकर कोयला का उठाव किया जा रहा है। जिससे ट्रक मालिकों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। नया कोयला का उठाव बढ़ा हुआ भाड़ा के साथ किया जाएगा। जिसका सभी ट्रक मालिकों ने एक स्वर में समर्थन किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस बार से नया कोयला उठाव में भाड़ा बढ़ोतरी किया जाएगा। क्षेत्र के अन्य परियोजनाओं में जो तय भाड़ा लिया जा रहा है उसे यहां भी लागू किया जाएगा। कोयला उठाव करने वाले लिफ्टर यदि बढ़ा हुआ भाड़ा नहीं देंगे तो उनका कोयला उठाव रोका जाएगा और जरूरत पड़ने पर ट्रक मालिकों की हड़ताल भी होगी। इसी सिलसिले में 4 दिसंबर को पुनः एक बैठक होगी जिसमें कोयला लिफ्टर को भी बुलाया गया है। संचालन भोला पांडे ने किया। बैठक में गुड्डू गिरि, गौतम थापा, अशोक महतो, अनुज दुबे, विनोद प्रसाद, गुड्डू सिंह, संटू सिंह, आदित्यमंगल यादव, अमित श्रीवास्तव, पप्पू सिंह, सूर्यकांत तिवारी, विक्की सिंह, सचिन बनर्जी, अमित यादव, धीरेंद्र कुमार, संजय कामत, शशि चौबे सहित कई ट्रक मालिक उपस्थित थे।

## एक नजर

### यूथ समूह के सदस्यों ने किया क्षमतावर्धन कार्यक्रम का आयोजन

**डोमचांच ।** समर्पण संस्था की ओर से प्रखंड अंतर्गत मधुबन पंचायत भवन में यूथ समूह के सदस्यों का एक दिनी क्षमतावर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नईटांड, सिमरिया, भेलवाटांड और मधुबन गांव से 40 युवाओं ने भाग लिया। शुरूआत प्रेरणा गीत और संविधान की प्रस्तावना पाठ को दुहरा कर किया गया। विषय प्रवेश कराते हुए मास्टर ट्रेनर आलोक कुमार सिन्हा ने संस्था के कार्यों और उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि युवाओं की संख्या देश में सबसे ज्यादा है। वे सभी बदलाव के वाहक होते हैं। समाज बदलना हो, फिर व्यवस्था, संविधान की जानकारी रखना बहुत जरूरी है। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से शिक्षा, पोषण, साफ-सफाई, रोजगार और ग्रामसभा आदि विषयों की विस्तृत जानकारी दी।

### कम उम्र में विवाह नहीं करने की छात्र-छात्राओं ने ली शपथ

**कोडरमा।** आदर्श मिडिल स्कूल कोडरमा में बाल विवाह निषेध जागरुकता अभियान के तहत कम उम्र में विवाह नहीं करने की शपथ प्रधानाध्यापक अश्विनी तिवारी ने स्कूल के छात्र-छात्राओं को दिलाई। प्रधानाध्यापक तिवारी ने बताया कि लड़कियों के विवाह का न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और लड़कों के विवाह का उम्र 21वर्ष है। इससे कम उम्र में विवाह कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। कम उम्र में विवाह होने से लड़के और लड़कियों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। कभी- कभी तो प्रसव अवस्था में लड़कियों की मौत भी हो जाती है। कम उम्र में विवाह होने से लड़कियों और लड़कों की पढ़ाई भी प्रभावित हो जाता है। रोजगार के अवसर का समुचित लाभ नहीं मिल पाता है। कम उम्र में विवाह से जनसंख्या में वृद्धि और इसके कारण रहन-सहन ,संतुलित भोजन, शिक्षा ,स्वास्थ्य आदि कई तरह की भी समस्याएं उत्पन्न हो जाती है।

### जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ जिला स्तरीय संवाद कार्यक्रम शुरू

**कोडरमा।** संस्था क्रिया के सहयोग से सृजन महिला विकास मंच ने 16 दिनी जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ कार्यक्रम शनिवार से शुरू किया। पहले दिन महिलाओं के विरुद्ध लिंग आधारित हिंसा पर जिला स्तरीय संवाद का आयोजन वसुंधरा गार्डेन कोडरमा में किया गया। इसकी शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत सृजन महिला विकास मंच की सचिव नरगिस ने किया। उन्होंने सृजन महिला विकाश मंच का परिचय दिया और कहा कि संस्था पिछले कई वर्षों से महिलाओं और किशोरी के साथ लगातार काम करती आ रही है। इस संवाद में कई दिव्यांग सदस्यों ने अपनी हक की बातों को रखा और अपनी चुनौतियों को बताया। जिप सदस्य शांति प्रिया ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा दिन- प्रतिदिन बढ़ती जा रही है,जिस पर रोकथाम करने की जरूरत है।

अखिल विश्व गायत्री परिवार ने विधायक प्रदीप प्रसाद का किया स्वागत

# यह मेरे लिए केवल सम्मान नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी का प्रतीक है : प्रदीप प्रसाद



*मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि मुझे अपना समर्थन और मार्गदर्शन देते रहें। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के लोगों में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला*

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
अखिल विश्व गायत्री परिवार ने नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत रूप से मंदिर में पूजा-अर्चना से हुई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख, शांति और समृद्धि के लिए मंगल कामना की। पूजा के पश्चात ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्यों ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता और माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। ट्रस्ट की महिला सदस्यों द्वारा विशेष स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। इसके अलावा, युवाओं ने अपने पारंपरिक अंदाज में गायत्री मंत्र और भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे माहौल भक्तिमय हो गया।
कार्यक्रम में ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी डूंगरमल जैन, वर्तमान ट्रस्टी डॉ. वी.के. विश्वकर्मा, और अन्य गणमान्य सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने विधायक प्रदीप प्रसाद के सेवा भाव और जनता के प्रति उनकी निष्ठा की सराहना की। मौके पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि मैं इस सम्मान के लिए गायत्री परिवार और आप सभी क्षेत्रवासियों का तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं। यह मेरे लिए केवल सम्मान नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी का प्रतीक है। मैंने हमेशा से राजनीति को सेवा का माध्यम माना है। आने वाले समय में मैं क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, और आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करूंगा। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि मुझे अपना समर्थन और मार्गदर्शन देते रहें। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के लोगों में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। हर कोई विधायक श्री प्रसाद के साथ जुड़कर अपने क्षेत्र को बेहतर बनाने की उम्मीद जता रहा था। कार्यक्रम का समापन क्षेत्र की उन्नति, समृद्धि और शांति की प्रार्थना के साथ हुआ।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा प्रखंड उप समिति गठित

# अशोक बख्शी अध्यक्ष और संजय सिन्हा बने महामंत्री



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
अखिल भारतीय कायस्थ महासभा हजारीबाग के तत्वाधान में न्यू कॉलोनी स्थित वरिष्ठ चित्रांश सह महासभा के जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिन्हा के आवास पर बरही उपसमिति के गठन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से जिला कमिटी के कार्यकारी अध्यक्ष बृजनंदन प्रसाद, जिला संयोजक अनूप कुमार सिन्हा, जिला जिला महामंत्री श्रीकांत प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष विभूति सिन्हा और संगठन मंत्री अजय प्रसाद अम्बष्ठ शामिल हुए। बैठक में बरही और बरसोत से दर्जनों चित्रांश बंधु शामिल हुए। जिला उपाध्यक्ष ने उपसमिति गठन को लेकर प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित करते हुए चयन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इसमें सर्वसम्मति से बरसोत निवासी अशोक बख्शी को बरही प्रखंड उपसमिति का अध्यक्ष और न्यू कॉलोनी निवासी संजय कुमार सिन्हा को महामंत्री चयनित किया गया। कार्यकारी जिलाध्यक्ष ने नवनिर्वाचित अधिकारियो को बधाई देते हुए शीघ्र समिति विस्तार और अधिकाधिक चित्रांशों को उपसमिति से जोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि हम सभी भगवान चित्रगुप्त के वंशज हैं।

## न्यूज | बॉक्स

### भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता वासुदेव प्रसाद का निधन



**बरकट्ठा।** ग्राम मासीपीड़ी निवासी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता वासुदेव प्रसाद का निधन शनिवार दोपहर 2 बजे हो गया। उनके निधन से परिवार समेत ग्रामवासी मर्माहत हैं। मौके पर उपस्थिति लोगों ने मृतक द्वारा समाज में किये गये कार्यो को याद किया। विदित हो कि श्री प्रसाद अपने जीवन काल में हमेशा समाज के प्रति जुझारू रहते थे। ईमानदार व्यक्तित्व के धनी वासुदेव प्रसाद के अंतिम संस्कार यात्रा में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव पहुंचे और शोककुल परिवार से मिल कर शोक संवेदना व्यक्त किया। मौके पर समाजसेवी प्रसादी मंडल, उपमुखिया बैजनाथ मंडल, दशरथ मंडल, भुनेश्वर मंडल, दिलीप कुमार, वार्ड सदस्य रंजीत मंडल, दुखन महतो, मुन्शी महतो, बीरेन्द्र मंडल, जोगेश्वर राणा आदि उपस्थित थे ।

### संजीव चड्ढा के घर से चोरी हुए रुपये व गहने बरामद

**रामगढ़।** रामगढ़ के शिवाजी रोड स्थित होटल वेव्स के मलिक संजीव चड्ढा के आवास से 28 नवंबर की रात चोरी हुई थी। घटना को अंजाम देनेवाले आरोपी आकाश धनक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में बताया गया कि आरोपी आकाश धनक 8 वर्षों तक होटल वेव्स में किया। लेकिन तीन माह पूर्व वह काम छोड़ दिया था। इसके बाद वह होटल पर नजर रखने लगा। बताया गया की होटल मालिक का परिवार कब कहां जाता था इसकी जानकारी वह होटल वेव्स के एक स्टाफ से लेने लगा। संजीव चड्ढा अपने परिजनों के साथ एक विवाह समारोह मे शामिल होने के लिए चार दिनों के लिए बाहर गए। साथ ही होटल वेव्स के बगल में भी शादी समारोह का आयोजन हुआ था। जिसका फायदा उठाते हुए आकाश धनक ने होटल वेव्स के मालिक के आवास में चोरी की घटना को अंजाम दिया।
29 नवंबर को जब संजीव चड्ढा अपने घर लौटे तो घर में बिखरे पड़े सामान को देखकर हक्का बक्का रह गए। उन्होंने देखा की घर की आलमारी टूटा हुआ है। साथ ही अलमारी में रखे नकद 20 लाख रूपए और सोना, चांदी और हीरे के गहने गायब हैं। इसके बाद संजीव चड्ढा थाना पहुंचे और इस संबंध में आवेदन दिया। उनके बयान के आधार पर पुलिस ने कांड संख्या 370/24 दर्ज कर तहकीकात आरंभ किया। जांच के क्रम में एसपी अजय कुमार द्वारा गठित पुलिस की विशेष टीम एमपी पहुंची और मामले के आरोपी आकाश धनक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के पास से चोरी के रुपए और गहने भी बरामद कर लिया है।

### सुधीर मंगलेश ने तमाड़ विधायक से की शिष्टाचार भेंट

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक विकास मुंडा से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने श्री मुंडा को उनकी ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी और उनके नेतृत्व में क्षेत्र के समग्र विकास की आशा व्यक्त की। भेंट के दौरान मंगलेश ने दुलमी प्रखंड की जनता की ओर से विधायक को आमंत्रित करते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास और जनहित के कार्यों में उनका मार्गदर्शन और सहयोग आवश्यक है। उन्होंने विधायक से आग्रह किया कि वे दुलमी प्रखंड का दौरा करें और स्थानीय समस्याओं को समझते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाएं। विकास मुंडा ने श्री मंगलेश के इस आग्रह को सकारात्मक रूप से स्वीकार किया और दुलमी प्रखंड के विकास में सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के हर कोने में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और जनता के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा

### सीआई को सेवानिवृत्त होने पर दी गयी विदाई

**मरकच्चो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सीओ कार्यालय में शनिवार को एक कार्यक्रम कर सेवानिवृत्त सीआई दिनेश राम को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित अंचलधिकारी परमेश्वर कुशवाहा,बीडीओ हुलास महतो सहित अन्य अंचलकर्मी व प्रखंडकर्मी ने दिनेश राम को शॉल ओढ़ा और माला पहनाकर विदाई दी व उन्हें कई उपहार भी दिए । मौके पर सीओ व बीडीओ ने कहा कि नियुक्ति और सेवानिवृति नौकरी का एक अंग है। तय अवधि तक सेवा में रहने के बाद हर व्यक्ति को सेवानिवृत होना पड़ता है। उन्होंने अपनी जिम्मेदारियों को हमेशा अच्छी तरह से निभाया है। सेवानिवृत्त सीआई की कार्यशैली के संबंध में उपस्थित अंचलकर्मी और प्रखंड कर्मियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# सेवानिवृत सैनिक को पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट ने किया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सीआरपीएफ से सेवानिवृत हुए भुवनेश्वर राम को पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन झारखंड के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।
बताते चलें कि इंस्पेक्टर भुवनेश्वर राम सीआरपीएफ में 42 साल सेवा देकर अपने गांव बोंगा (इचाक) लौटे। ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा ने इन्हें फुल माला पहनाकर स्वागत किया । उन्होंने बताया कि सेवानिवृत हुए सैनिक का स्वागत करना एसोसिएशन के उद्देश्यों में एक है। सेवानिवृत सैनिक भुवनेश्वर राम संगठन के प्रति आभार जताया। मौके पर अध्यक्ष अरविंद ओझा, जिला अध्यक्ष महेंद्र गोप, वरिष्ठ सलाहकार अवध कुमार भारती, मीडिया प्रभारी अजय प्रसाद, सदस्य शिवशंकर कुमार, महेंद्र मेहता, प्रदीप दास सहिह अन्य लोग उपस्थित थे।

हेल्थ चेकअप शिविर में मुफ्त हुआ जांच

# शुगर व हीमोग्लोबिन की जांच से लोगों को बीमारियों से बचाया जा सकता है : डॉ प्रवीण




◆ शिविर में 65 से अधिक जरूरतमंदों ने शुगर एवं हीमोग्लोबिन का जांच एवं उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
झील परिसर में श्रीनिवास डायग्नोस्टिक ने रविवार को हेल्थ चेकअप जांच शिविर लगाया। इस दौरान शुगर एवं हीमोग्लोबिन का मुफ्त जांच किया गया। इसमें 65 से अधिक जरूरतमंदों ने शुगर एवं हीमोग्लोबिन का जांच एवं उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श प्राप्त किया। साथ ही कई लोगों ने अन्य जांच का परामर्श प्राप्त किया। इस दौरान अन्य जांच पर बाजार से किफायती दर पर उपलब्ध होने से कई जरूरतमंदों ने पंजीकरण कराया। मौके पर डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि शुगर की बीमारी एवं हीमोग्लोबिन संबंधित बीमारी काफी सामान्य होते जा रही है। विशेष पहल के साथ हेल्थ चेकअप कैंप में शुगर एवं हीमोग्लोबिन की जांच निशुल्क लोगों के लिए उपलब्ध करवा रहें हैं। ताकि समय से पूर्व शुगर एवं हीमोग्लोबिन संबंधित बिमारी का उपचार कराकर घातक एंव गंभीर बीमारियों से लोगों को बचाया जा सकता है। मौके पर अजरा निगार, रेशमी देवी, पिंकू कुमार एवं दीपक कुमार सहित कई स्वास्थ्य कर्मी काफी सक्रियता से जुटे रहे।

इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर

# जमुनिया सखी व मार्शल बुनकर के उत्पाद को लोगों ने सराहा




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
समय का सदुपयोग करने वाला व्यक्ति हमेशा सफल, संतुष्ट और सम्मानित होता है। समय और धन का सदुपयोग हमारे जीवन को सुंदर और सार्थक बनाता है। इसी कथन को चरितार्थ करते हुए डीएमएफटी मद का सदुपयोग कर उपायुक्त ने कई उल्लेखनीय कार्य को गति दी है। डीएमएफटी मद से पोषित और संचयित दो संस्थानों के उत्पादों को अपने कला का जौहर दिखाने का मिला मौका मिला है। 21 से 27 नवंबर तक नई दिल्ली में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में हजारीबाग जिले के दो संस्थानों को स्टॉल लगाने का अवसर मिला। वहीं स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पाद से पूरी दुनिया को अवगत कराया गया। जी हां, हम बात कर रहे है जमुनिया सखी मंडल के द्वारा निर्मित ब्रास तथा ब्रोंज बर्तन उत्पाद की तथा मार्शल प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति लिमिटेड,कजरी कॉटन कपड़ों की। ये दोनों संस्थानों ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में स्थानीय उत्पादित सामग्रियों की प्रदर्शनी लगाई गई। इन स्थानीय उत्पादों को दुनिया भर के लोगों से साक्षात्कार कराया गया। हजारीबाग के स्थानीय उत्पादों को इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर प्रदर्शनी स्थल पर खूब सराहना मिली। उपायुक्त ने कहा है कि इस प्रकार के बड़े मंच के माध्यम से हम अपने उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध करवा सकते है। जिले में ऐसी कई संस्थाएं है जो अच्छा कार्य कर रहें है यह एक सकारात्मक पहल है।

### कोडरमा में एक लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य

**कोडरमा।** जिले में इस वर्ष धान की पैदावार बेहतर हुई है। जिले में 15 दिसंबर से पैक्सों के माध्यम से धान की खरीदारी शुरू की जाएगी। इसके लिए जिला आपूर्ति विभाग जरूरी कदम उठा रहा है। जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुशपेंदु ने बताया कि फिलहाल एक लाख क्विंटल धान खरीद का लक्ष्य पैक्सों के माध्यम से किया गया है। जिला सहाकारिता विभाग धान अधिप्राप्ति के लिए 17 पैक्सों की सूची जिला आपूर्ति विभाग को उपलब्ध करा दिया गया है। इसमें कोडरमा प्रखंड के लरियाडीह पैक्स, पथलडीहा पैक्स और झुमरी तिलैया पैक्स सतगावां प्रखंड में जोगीडीह पैक्स, मीरगंज पैक्स, खूटा पैक्स, समलडीह पैक्स, टेहरो और नावाडीह पैक्स शामिल है जबकि चंदवारा प्रखंड के आरागारो और चंदवारा पैक्स जबकि डोमचांच प्रखंड के खरखार, ढाब और बगरीडीह पैक्स, मरकच्चो प्रखंड के मरकच्चो पैक्स और जयनगर प्रखंड के सतडीहा और डंडाडीह पैक्स का प्रस्ताव भेजा गया है।

झारखंड रेलवे यूजर संघ ने सांसद को लिखा पत्र

# तीन नई ट्रेन देने व चार को विस्तार करने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
कोडरमा बरकाकाना भाया हजारीबाग रेलवे खंड पर गाड़ियों के विस्तार, नई ट्रेनों के परिचालन और अमृत योजना के तहत सुविधाओं विकसित करने को लेकर झारखंड रेलवे यूजर संघ के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने सांसद मनीष जायसवाल को पत्र लिखा है। संघ ने पत्र में वर्णित मांगों को संसद के शीतकालीन सत्र में उठाने की भी मांग की है। सांसद को संघ ने पत्र को ईमेल और व्हाट्सएप पर भेजा है। पत्र में वर्णित मांग के अनुसार रांची राजधानी एक्सप्रेस को हजारीबाग टाउन से सप्ताह में दो दिन चलाने, हजारीबाग टाउन से हावड़ा तक प्रतिदिन हावड़ा-हजारीबाग इंटरसिटी प्रारंभ करने और कोडरमा के रास्ते धनबाद-हजारीबाग मेमू सेवा स्थानीय ट्रेन जैसे तीन नई सेवाओं की शुरूआत करने की मांग की गई है। इसके साथ ही गया-लखनऊ एकात्मता एक्सप्रेस और गरीब रथ एक्सप्रेस (आनंद विहार-गया) को गया से हजारीबाग-कोडरमा के रास्ते बरकाकाना तक तथा हटिया-शंकी पैसेंजर को हजारीबाग तक तथा कोडरमा-बरकाकाना पैसेंजर को रांची तक विस्तारित करने की मांग की है। वहीं दोनों गाड़ियों में कोचों की संख्या 10 से बढ़ाकर 12 करने करने को कहा है। साथ ही हजारीबाग टाउन और बरही स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल कर यात्री सुविधाओं को विकसित करने की मांग की गई है।

झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के पारण परेड में शामिल हुईं उपायुक्त

# गढ़वा जिले के 388 होमगार्ड के जवानों ने अपना प्रशिक्षण पूरा किया



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
झारखंड गृह रक्षा वाहिनी क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, हजारीबाग में रविवार को पासिंग आउट परेड समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय शामिल हुईं। उपायुक्त ने परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी प्रशिक्षणरत गृहरक्षा वाहिनी के जवानों को सेवा मूल्यों को बनाए रखने, संविधान में श्रद्धा और सच्ची निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने की शपथ दिलाई गई। मार्च पास्ट के दौरान प्रशिक्षुओं के प्रशिक्षण का शानदार नजारा दिखा। उपायुक्त ने कहा कि 188 होमगार्ड के जवानों ने अपना प्रशिक्षण पूरा किया है। इस प्रशिक्षण की अवधि 63 दिनों की थी। प्रशिक्षण के बाद गढ़वा जिले के 388 गृहरक्षकों ने मार्च पास्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अब ये गृह रक्षक अपने गृह जिला गढ़वा में सेवा देंगे। उपायुक्त ने इनके कड़े प्रशिक्षण की सराहना की तथा प्रशिक्षकों ने भी बहुत कम समय में प्रशिक्षण की अवधि को पूर्ण कराया उन्हें भी सराहा। उपायुक्त ने सभी नवनियुक्त होमगार्ड को शुभकामनाएं दी तथा होमगार्ड कमांडेंट और उनकी पूरी टीम को भी अच्छे प्रशिक्षण देने के लिए बधाई भी दिया।

गांधी घाट स्थित मुक्तिधाम परिसर में कल्प वृक्ष लगाया गया

# कल्प वृक्ष समुद्र मंथन में देवताओं को मिला था : कमल बगड़िया



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ दामोदर नदी के किनारे स्थित गांधी घाट मुक्तिधाम संस्था के परिसर में रविवार को पौधरोपण किया गया। यहां दुनिया का दुर्लभ पौधा कल्प वृक्ष लगाया गया। इस प्रजाति के पौधे विलुप्त हो चुके हैं लेकिन रांची में हिनू और डोरंडा के बीच में इसके दो वृक्ष अभी सैकड़ो वर्षों से लगे हुए हैं। जिसे सरकार ने दुर्लभ वृक्ष घोषित कर सुरक्षित किया है। रामगढ़ के पूर्व थाना इंचार्ज इंस्पेक्टर अजय कुमार साहू ने विशेष रूप से प्रयास कर इस पौधे को मंगवाया तथा लगवाया। इस दुर्लभ प्रजाति के पौधे को लगाने में एसआई निखिल राहुल,एसआई रितेश कुमार, कांस्टेबल रंजन कुमार सिंह, गांधी कुमार एवं मुक्तिधाम के प्रबंधक कमल बगड़िया शामिल हुए। मौके पर संस्था के प्रबंधक कमल बगड़िया ने कहा की हमारे ग्रंथो में कहा गया है कि समुद्र मंथन के क्रम में कल्पतरु वृक्ष भी देवताओं को मिला था। कहा की यहां लगाया गया यह वृक्ष उसी प्रजाति का है।

# ओपीएस के लिए ईसीआरएमसी को दे समर्थन: पीएस चतुर्वेदी



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस के धनबाद मंडल के हजारीबाग टाउन में ईसीआरएमसी के द्वारा जनसंपर्क अभियान के तहत बैठक हुई। बैठक में जेनरल सेक्रेटरी पीएस चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय रेल में 11 वर्षों बाद होने वाले यूनियन की मान्यता के लिए चुनाव में यूनियन के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं एवं कर्मचारियों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। पूर्व मध्य रेल में 6 यूनियन चुनाव मैदान में खड़े हैं। इसमें कुछ क्षेत्रीय यूनियन अपना गठबंधन कर कर्मचारियों के वोट काटकर सत्ताधारी यूनियन के लिए बी टीम का कार्य कर रहे हैं। जनसंपर्क कार्यक्रम एवं प्रचार प्रसार में यह स्पष्ट हो गया कि कर्मचारियों का एक ही मत है सत्ता परिवर्तन और इसका एकमात्र विकल्प ईस्ट सेंट्रल रेलवे मेंस कांग्रेस है जिसका चुनाव चिन्ह आम छाप है। केवल एकमात्र यूनियन है जो कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन की लड़ाई को आगे बढ़ाकर दिलाने का कार्य करेगी। इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों की प्रमुख मांग एलडीसी ओपन टू ऑल (पीएनएम-01/2022) भी इन्हीं के द्वारा दिलाया जाएगा, इसलिए इस बार विरोधियों ने जो यूपीएस का समर्थन कर कर्मचारियों पर जो थोपने का काम किया है, उसके विरोध में मतदान होगा। उन्होंने कहा कि यूनियन सत्ता में आने के बाद बहुमत कर्मचारियों को लाभान्वित करने का कार्य करेगा। इसीलिए 4, 5, 6 दिसंबर को आप तमाम कर्मचारी ओपीएस के पक्ष में आम छाप को वोट दे। इस मौके पर जोनल चुनाव पर्यवेक्षक संतोष तिवारी, सहायक सचिव बीके सिंह, हजारीबाग टाउन शाखा अध्यक्ष डीके सिंह, सचिव संजय सिंह, उपाध्यक्ष डीके मिश्रा, संगठन सचिव संतोष कुमार, जीके पांडेय, संत राजकुमार, प्रबोध ओझा, संजय सिंह, ओपी सिंह, आशुतोष कुमार, विनय तिवारी, संजय कुमार, संयुक्त सचिव लक्ष्मण कुमार, सहायक सचिव गणपति, रंजीत सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

### चर्च के पदधारियों ने विधायक भूषण बाड़ा को दी बधाई

# गठबंधन सरकार में राज्य के सभी वर्ग का होगा विकास : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विभिन्न चर्चों के पदधारियों ने सिमडेगा विधानसभा से नवनिर्वाचित हुए विधायक भूषण बाड़ा का बुके देकर एवं अंग वस्त्र देकर बधाई दी। वहीं विधायक भूषण बाड़ा ने भी पदधारियों के प्रति आभार जताया। मौके पर चर्च के पदधारियों ने कहा कि भूषण बाड़ा को एक बार फिर विधायक बनने पर ईसाई समाज में हर्ष का माहौल है।ईसाई समाज के लोगों में एक नई उम्मीद जगी है। राज्य के ईसाई समाज के लोग राज्यमंत्री मंडल में भूषण बाड़ा को भी शामिल किए जाने की भी आस लगाए बैठे है। ताकि झारखंड में कलीसिया और अधिक मजबूत हो सके। साथ ही ईसाई समाज हर दृष्टिकोण से मजबूत हो सके। चर्च के पदधारियों ने विधायक भूषण बाड़ा को समाज मे ब्याप्त बुराइयों में समाज की कमियों की भी जानकारी दी। साथ ही सभी बुराइयों एवं कमजोरियों को दूर करने की दिशा में पहल करने का आग्रह किया। चर्च के पदधारियों ने बताया कि राज्यभर के ईसाई समाज आज भी पिछड़ेपन से जूझ रहा है। गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी, नशापान जैसी कुरीतियां हावी है। लेकिन भूषण बाड़ा के विधायक निर्वाचित होने से अब समाज के लोगों एक नई उम्मीद जागी है। समाज के लोगों को भरोसा है कि विधायक भूषण बाड़ा के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार ईसाई समाज के विकास और उत्थान में जरूरी कदम बढ़ाएगी। ताकि हमारा समाज भी सफलता की बुलंदियों को छू सके। साथ ही झारखंड की कलीसिया भी मजबूत हो सके। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने भी समाज के विकास में एवं कलीसिया की मजबूती के लिए हर संभव सहयोग करने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में समाज के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किया गया है। जो अधूरे रह गए हैं उसे पूरा करने के लिए संघर्ष जारी है। विधायक ने कहा कि समाज के लोगों को संगठित रखें। भूषण बाड़ा ने कहा कि आने वाले दिनों में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली इंडिया गठबंधन की सरकार में राज्य के सभी समाज का समुचित विकास किया जाएगा। इंडिया गठबंधन की सरकार सभी धर्म एवं सभी समाज के लोगों का विकास करने को लेकर कृत संकल्पित है। मौके पर आरसी, जीईएल सहित अन्य विभिन्न चर्च के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झामुमो के केंद्रीय सदस्य ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**सिमडेगा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य फिरोज अली ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने झारखंड के 14 वें मुख्यमंत्री के रूप में चौथी बार राज्य के सीएम बनने पर बधाई दी। उन्होंने कहा राज्य की जनता ने अपना भरपूर समर्थन देते हुए पुनः हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड में इंडिया महागठबंधन की सरकार बनाई। उन्होंने कहा के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य का चौमुखी विकास होगा और क्षेत्र में जो भी समस्याएं हैं उसे दूर करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा लगातार जनमानस की समस्याओं को दूर करने के लिए कार्य कर रही है। इसी का परिणाम है कि जनता ने प्रचंड बहुमत के साथ जनादेश दिया है।

## घर की आंगन में बंधी दुधारु गाय की चोरी

**सिमडेगा।** शहरी क्षेत्र के गांधी मैदान निवासी अवधेश श्रीवास्तव के घर के आंगन में बंधी गिर नस्ल की दुधारु गाय की चोरी हो गई। घटना शुक्रवार रात की है। शनिवार सुबह अवधेश श्रीवास्तव के घर के आंगन में गाय नहीं होने पर उन्होंने खोजबीन शुरू की। लेकिन गाय का कहीं पता नहीं चल सका। उनके घर के सामने स्थित एक घर के सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद पता चला कि देर रात 12:30 से 01:00 बजे के बीच उनके घर के पास एक चार चक्का गाड़ी खड़ी हुई जिसमें सवार लोग उतर कर उनकी गाय को उस वाहन में लेकर प्रिंस चौक की तरफ चले गए। हालांकि सीसीटीवी फुटेज में चोरों का चेहरा साफ नजर नहीं आया है। इसके बाद अवधेश श्रीवास्तव 'ने सदर थाने में गाय चोरी होने की लिखित शिकायत देते गाय खोजने की गुहार लगाई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिमडेगा थाना प्रभारी दिनेश कुमार प्रजापति आसपास के कई सीसीटीवी को कंगाल कर पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं ताकि चोरी की गाय का पता लगाया जा सके। उन्होंने कहा है कि जल्दी इस मामले में आरोपी की गिरफ्तारी होगी।

## स्कूल कैम्पस में कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार हिलव्यू स्कूल कैम्पस में रविवार हमारी रसोई हमारी जिम्मेदारी अभियान के अंतर्गत कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में सात गृहणियों ने भाग लिया। जिसमें में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अपूर्वा मिंज एवं निर्णायक प्रतिनिधि के रूप में प्रबंधक एलपीजी पदाधिकारी हर्ष रंजन चौधरी, नूतन गुप्ता, मोनु कुमार अनिता देवी उपस्थित थी। फुड सेफ़्टी पदाधिकारी अपूर्वा मिंज ने प्रतिभागीयों को संबोधित करते हुए कहा कि गैस से संबंधित सुरक्षा बहुत जरूरी है। इस प्रकार का प्रतियोगिता सराहनीय पहल है। गृहिणी माताओं को अपने कुकिंग के लिए प्रोत्साहित करना जरूरी है। प्रबंधक एलपीजी पदाधिकारी हर्ष रंजन चौधरी ने कहा एलपीजी सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कहा गैस धारक कंपनी मानकों को ध्यान में रखते एलपीजी गैस उपयोग करें। उपभोक्ताओं की सुरक्षा ही कम्पनी की पहली प्राथमिकता है। इससे पूर्व अतिथियों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में सात प्रतिभागियों ने चंचला देवी, राजश्री मितल, रामावती देवी, नुर आयशा, सबिता कुमारी, आरती साहु, अनिता देवी भाग लिया। जिसमें राजश्री मित्र प्रथम स्थान एवं चंचला देवी दुसरा स्थान एवं मिसेस पप्पू तृतिया स्थान प्राप्त की सभी सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान डिलेवरी बाय बेनेदिक्त एक्का, अमुस सोरेंग, पुनित बिलुंग, प्रदीप कुल्लू को उत्कृष्ट एवं जिम्मेदारी पुर्वक कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया।

## बंगाल से आलू की आपूर्ति बंद होने से दामों में हुई बढ़ोत्तरी

**सिमडेगा।** वर्तमान समय में आलू का दाम आसमान छू रही है।वहीं, बंगाल सरकार के द्वारा आलू के आपूर्ति में रोक लगाने के बाद जिले में आलू की किल्लत हो गई है। इसके अलावे आलू के दामों में उछाल देखा जा रहा है। रविवार को बाजार में आलू 40 से 45 रुपए प्रति किलो बिका। वहीं नया आलू 70 रुपए प्रति किलो की दर से बिका। थोक विक्रेता भरत प्रसाद ने बताया कि शनिवार को आलू की आपूर्ति नहीं हुई है जिसके कारण एक दो दिनों के अंदर बाजार में आलू का स्टॉक खत्म होने की संभावना है। आपूर्ति नहीं होने के कारण आलू के मुल्य में भी बढ़ोत्तरी की बात भरत प्रसाद ने कही। आलू की कीमत बढ़ने से आम लोग काफी परेशान दिखे। सब्जी के दामों में वृद्धि के बाद लोग आलू की सब्जी ही पसंद कर रहे थे। बताया जा रहा है कि बंगाल सरकार की ओर से आलू का आयात झारखंड में बंद कर दिया गया है जिसकी वजह से आलू की कमी एवं खपत को ध्यान में रखते हुए कीमत आसमान छू रही है। इधर सरकार की ओर से भी प्रयास किया जा रहा है कि आलू की आयत की प्रबंध किया जाए जिससे कि सिमडेगा में आलू की कमी ना हो सकें।

### एड्स दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

## जागरूकता से ही एड्स से होगा बचाव : सिविल सर्जन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विश्व एड्स दिवस पर रविवार को सिमडेगा सदर अस्पताल स्थित सभागार में सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान की अगुवाई में स्वास्थ्य कर्मी एएनएम ट्रेंनिंग स्कूल की छात्राएं एवं सदर अस्पताल के कर्मचारियों की मौजूदगी में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि एचआईवी एड्स एक महामारी के रूप में जाना जाता है लेकिन जागरूकता की वजह से बीमारी का दर में कमी आई है। जिला में 1 वर्ष के अंदर महज 12 मरीज पाए गए हैं। जिसमें से सभी 12 का इलाज चल रहा है, जिले में अब तक 8122 मरीजों की चेकिंग हो चुकी है जिनमें पांच पुरुष एवं साथ महिला शामिल है और सभी का इलाज चल रहा है । उन्होंने कहा कि हम सभी लोगों को जागरूकता लाने की आवश्यकता है ताकि एचआईवी एड्स की बीमारी को रोका जा सके। इस मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि आप सभी अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का प्रयास करें ताकि समाज जागरूक हो सके। उन्होंने कहा कि एचआईवी एड्स और सुरक्षित यौन संबंध संक्रमण खून सहित अन्य उपायों से होता है जिसे रोकने के लिए हम सभी को प्रयास करना चाहिए। इस मौके पर सदर अस्पताल सिमडेगा एएनएम ट्रेंनिंग स्कूल की छात्राएं सदर अस्पताल की स्वास्थ्य सहिया एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## विश्व एड्स दिवस पर निकाली गयी जागरूकता रैली



**सिमडेगा।** विश्व एड्स दिवस के मौके पर रविवार को सिमडेगा सदर अस्पताल से एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से एएनएम ट्रेंनिंग स्कूल की छात्राओं के द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरूआत सिमडेगा सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली सिमडेगा सदर अस्पताल से निकलकर सिमडेगा झूलन सिंह चौक, महावीर चौक, कचहरी होते हुए पुनः सिमडेगा सदर अस्पताल पहुंचकर समापन हुआ । इस मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि एचआईवी एड्स एक लाईइलाज बीमारी है। इसका एकमात्र उपाय जागरूकता है जिसमें सभी लोगों को पहल करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जागरूकता एवं सुरक्षित एवं संबंध संक्रमण खून आदि चीज सभी को जानने की आवश्यकता है।

## धर्मप्रांतीय काथलिक महिला संघ की बैठक में महिला सशक्तीकरण पर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** धर्मप्रांतीय काथलिक महिला संघ की बैठक रविवार को सामटोली चर्च परिसर में हुई। मौके पर काथलिक महिला संघ से जुड़ी महिलाओं के विकास एवं सशक्तीकरण पर चर्चा की गई। बैठक में काथलिक महिला संघ की रैली एवं सिलिगुढ़ी दौरे कार्यक्रम पर भी चर्चा की गई। मौके पर पल्ली पुरोहित सह विजी फा इग्नासियुस टेटे ने सभी महिलाओं को संगठित रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की अहम भूमिका रही है। आज भी हमारे समाज में कई बुराईयां है। इसे दूर करने की दिशा में भी महिलाएं पहल करें। फा इग्नासियुस ने कहा कि महिलाएं अपने बच्चों को सही शिक्षा दें। उच्च शिक्षा के लिए बच्चों को प्रेरित करें। क्योंकि शिक्षा के बदौलत ही समाज को आगे ले जाया जा सकता है। उन्होंने महिलाओं को एवं घर के बच्चों को भी प्रतिदिन प्रार्थना करने की अपील की। मौके पर फा इग्नासियुस का जन्मदिन भी मनाया गया।

**भूषण बाड़ा के जीत पर जोसिमा खाखा ने जताया आभार :** बैठक में उपस्थित बीरू भिखारियेट की सभा नेत्री सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने सिमडेगा विस से भूषण बाड़ा को जिताने में सहयोग करने पर सभी लोगों के प्रति आभार जताया। उन्होंने विजी सहित सभी महिलाओं को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। उन्हों ने कहा कि सभी के सहयोग से ही सिमडेगा विस से कांग्रेस प्रत्याशी भूषण बाड़ा को जीत मिली है। बैठक में धर्मप्रांतीय काथलिक सभानेत्री सुशीला कड़ा, सुचिता जोजो, अनिता रानी तोपनो, फिलिसिता केरकेट्टा, जिप सदस्?य सह बीरु भिखारियेट की सभानेत्री जोसिमा खाखा, रजनी कुल्लू, कमेर्ला कुल्लू, जोसेफा कुजूर, जोसेफा कुल्लू , सुषमा लकड़ा, अनिमा बाड़ा, अनिमा कुजूर, क्लारा बाः, कतरिना, उसुर्ला सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## बिजली तार की चपेट में आने से ट्रैक्टर चालक झुलसा, स्थिति गंभीर

**लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के हसवे नावाटोली में रविवार को धान लेकर जा रहा ट्रैक्टर 11 हजार बिजली तार की चपेट में आने से ट्रैक्टर चालक बुरी तरह से झुलस गया। ट्रैक्टर चालक की पहचान हेसवे नावाटोली निवासी वासुदेव उरांव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार वासुदेव उरांव ट्रैक्टर में धान लेकर जा रहा था तभी रास्ते में झूल रही 11 हजार बिजली तार से ट्रैक्टर ट्रॉली टच हो गया और पूरे ट्रैक्टर में करंट फैल गया। हादसे में वासुदेव बुरी तरह से झुलस गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए। इसके पश्चात ग्रामीणों ने परिजनों को पूरे मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में इलाज हेतु लोहरदगा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉ ने झुलसे वासुदेव का इलाज किया। सदर अस्पताल डॉ आर पी साहू ने बताया कि इलाज के बाद फिलहाल अभी वासुदेव की स्थिति ठीक है।

## क्रिसमस गैदरिंग सह मेला को लेकर हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा में आगामी 17 से 19 दिसम्बर तक 14 वां क्रिसमस गैदरिंग सह मेला का आयोजन किया जायेगा।इसकी तैयारी को लेकर रविवार को बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक बसंत लोंगा ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि धूमधाम से क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया जाएगा। 17, 18 एवं 19 को क्रिस्मस गैदरिंग धूमधाम से मनाया जायेगा। 17 एवं 18 को लोकल कलाकारों के द्वारा प्रोग्राम का आयोजन किया जायेगा एवं 19 को नागपुरी कलाकार,अर्जुन लकड़ा मोनिका मुंडू, सुमन गुप्ता, पवन रॉय, प्रीतम,के द्वारा क्रिस्मस गैदरिंग में अपने गानो से रात भर लोगो का मन मोहेगें। क्रिस्मस मेले में स्टॉल का दर इस बार तीन दिनों के लिए 3000/ किया गया है जिनको भी स्टॉल लेना है मो.8709903858 ,बिरेन्द्र तिर्की, एवं जॉनी 7004887919 पर सम्पर्क कर स्टॉल बुक करा सकते है। वही गानें, नृत्य एवं डांस में भाग लेना है तो मो. ,7979832073 आनंद कुजूर से सम्पर्क कर अपना नाम दे सकते है। बैठक में बीरेंद्र तिर्की, पतरस एक्का ओलिभर लकड़ा, कुलदीप किंडो, विशाल तिर्की, अजित नवरंगी, दीप, जोनी, वरदान प्रताप, अनुराग,आनंद डांग, उत्तम, गैब्रियल, राजू कंचन कबीर, सुनील, एवं सभी के सदस्य उपस्तिथ थे।

## सड़क हादसे में युवक हुआ घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** कुरडेग थाना क्षेत्र के खलीजोर के पास रविवार की सुबह मोटरसाइकिल सवार सुकुतरंजन लकड़ा नामक युवक सड़क हादसे में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की नजर पड़ी तब जाकर उसे परिवार वालों को सूचना दिया और परिवार वालों की मदद से उसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया, जहां पर चिकित्सकों की देखरेख में उपचार चल रही है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुकून अपने मोटरसाइकिल से धान लाने के लिए खेत की ओर जा रहा था। इसी दौरान मोड़ में नियंत्रण खोकर गिर गया। इस दौरान उसका दाहिना पैर में गंभीर चोट लगी और टूट गया। इधर सिमडेगा सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने बताया कि उसका पैर टूट गया है जिसे ऑपरेशन की आवश्यकता है। उसे बेहतर इलाज के लिए राजधानी रांची भेजा जाएगा। समाचार लिखे जाने तक सिमडेगा सदर अस्पताल में उसकी उपचार चल रही थी।

## बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नेत्र जांच शिविर आज

**बानो।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो में शंकर नेत्रालय के मोबाइल आई सर्जिकल यूनिट सह टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। नेत्र जांच के कोई प्रमाण पत्र लाना नहीं है। सिर्फ अपना मोबाईल नम्बर के साथ अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। नेत्र जांच 2 से 5 दिसम्बर व 6 से 10 दिसम्बर तक मोतियाबिंद ऑपरेशन की जाएगी। रोगियों का पंजीकरण सुबह सात बजे से होगी। प्रखण्ड के आम जनता से अपील की गई है कि समय पर आकर पंजीकरण करा लें।

## बिजली की चपेट में आने से युवक झुलसा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पाकरटांड थाना क्षेत्र के सिकरियाटांड टाँगरटोली गांव में रविवार की सुबह मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक ने ट्रांसफार्मर में खुले तार छुआ। इस दौरान करंट की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। युवक की पहचान जितेंद्र महतो के रूप में हुई। परिवार वालों के द्वारा तुरंत उसे इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल लाया गया, जहां पर चिकित्सकों की देखरेख में उपचार चल रहा है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बड़े भाई ने बताया कि जितेंद्र की दिमागी हालत ठीक नहीं है। वह घर के पास ट्रांसफार्मर में खुला तार को छू लिया इसके बाद उसके दाहिना हाथ एवं पैर में करंट लग गया और गंभीर रूप से झुलस गया। इधर, सदर अस्पताल सिमडेगा में चिकित्सकों की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि करंट की चपेट में आने से उसका कई हिस्सा झुलस गया है।

### पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना मुगलदाहा नदी पर बना रेलवे ब्रिज

## झारखंड, बिहार, बंगाल और ओडिशा से पहुंच रहे हैं पर्यटक

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के कुडू प्रखंड अंतर्गत लोहरदगा से टोरी जाने के रास्ते मे आसमान की ऊंचाइयों से मुगलदाहा नदी और जलप्रपात को निहारने के लिए दिलों में याद रखने वाली तस्वीर है लोहरदगा का 27 नंबर रेलवे पुल। जहां प्रकृति की दीदार को झारखण्ड के अलावे बिहार, बंगाल और ओडिशा से पर्यटक पहुंच रहे हैं। झारखंड के दूसरे सबसे ऊंचे रेलवे पुल के निर्माण के समय किसी ने नहीं सोचा होगा कि यह स्थान पर्यटकों की पहली पसंद बन जाएगा। सचमुच अपने नाम की तरह मुगलदाहा नदी और आसपास की सुंदरता मुगलों की शान लिए हुए है। वहीं वन विभाग के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को भी रोजगार से जोड़ने के लिए पहल की जा रही है। आसमान की ऊंचाइयों से मुगलदाहा नदी और जल प्रपात को निहारने के लिए दिलों में याद रखने वाली तस्वीर, दूर-दूर तक फैली हरियाली बिखेरते जंगल, गगन को छूते पर्वत और कलकल बहती मुगलदाहा नदी। लोहरदगा में 'मनु का सरेंडर' फिल्म की शूटिंग के लिए मुंबई से आये कलाकर भी हाल के समय में यहां फिल्म की शूटिंग की है। वहीं, इस जगह पर पहुंचने वाले लोग सेल्फी लेना नहीं भूलते।

### पर्यटन क्षेत्र के रूप में होगा विकसित

दरअसल, लोहरदगा स्टेशन से टोरी जाने के क्रम में कुडु थाना क्षेत्र में स्थित यह स्थान कई मायनों में खास है। दूर-दूर तक फैली हरियाली बिखेरते जंगल, गगन को छूते पर्वत और कलकल बहती मुगलदाहा नदी और झारखंड के दूसरे सबसे ऊंचे रेलवे का पुल। यह स्थान पर्यटकों की पहली पसंद बन रहा है। बहरहाल, लोहरदगा जिला प्रशासन ने इसे पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने में जुट हुई है। वन विभाग के द्वारा स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से इस क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए गाड़ी स्टैंड और भोजन के लिए झारखंडी स्वाद दे रही है। ऐसे में जरूरत है सरकारी प्रयास का, ताकि यह क्षेत्र विश्व पटल पर पर्यटन के रूप में स्थापित हो सके।




### हरी वादियों के बीच रेलवे पुल अब बन गया ओपन स्टूडियो

**लोहरदगा।** सेल्फी लेने के लिए किसी जगह या समय की जरूरत नहीं पड़ती। इस हाई टेक मोबाइल के युग में एडिटिंग कर लोग अपने शक्ल को खूबसूरत बना लेते है। लेकिन फोटो खींचने का मजा दुगुना हो जाता है। प्रकृति की इस अनुपम खजाने के दीदार को पहुंचने वाले हजारों लोग हर दिन इस स्थान पर सेल्फी लेते हैं। कुल मिला कर 27 नंबर पुल सेल्फी पॉइंट बन चुका है। लोहरदगा से टोरी रेल लाइन में कुडु थाना क्षेत्र में स्थित यह स्थान कई मायनों में खास है।

## जेंडर आधारित हिंसा खत्म करने के लिए कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** ठेठईटांगर प्रखंड टापूडेगा गांव में रविवार को जेंडर आधारित हिंसा को खत्म करने के लिए 16 दिवसीय पखवाड़ा महिलाओं के साथ मनाया गया। इसमें महिला एवं किशोरी शामिल थे । इस पखवाड़ा को मानते हुए महिलाओं के बीच परिचर्चा हुई। बैठक में जेंडर आधारित हिंसा के विरोध में कई जगहों पर दीवार लेखन किया गया। महिलाएओं द्वारा अपने साथ हुए हिंसा के बारे में भी जिक्र किया। इसके बाद सभी ने मिलकर दीवार लेखन किया। बैठक में टापूडेगा कि वार्ड निरोज बाः संस्था के कार्यकर्ता आरती कुमारी, आरती देवी, शांति देवी, जूही कुमारी, चांदनी कुमारी, आराध्या कुमारी और संस्था के सचिव प्रियंका सिन्हा भी उपस्थित थी।

## एक नजर

चीन में मजदूरी के दौरान हुई मौत

### श्रम विभाग की मदद से पालकोट पहुंचा मृतक का शव

**गुमला।** पालकोट प्रखंड मुख्यालय स्थित धोबी मुहल्ला निवासी 21 वर्षीय पवन बैठा की मौत चीन में हो गयी। वह वहां मजदूरी करता था। रविवार को सिमडेगा के विधायक भूषण बड़ा और समाजसेवी मनीष के प्रयासों से श्रम विभाग गुमला की मदद से मृतक का शव पालकोट लाया गया। मनीष ने बताया कि मृतक के परिवार को श्रम विभाग द्वारा तत्काल 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अलावा, श्रम विभाग की ओर से 1,00,000 रुपये का मुआवजा भी परिवार को दिया जाएगा। मृतक का शव सुरक्षित रूप से घर पहुंचाने में विधायक भूषण बड़ा और मनीष की भूमिका महत्वपूर्ण रही। परिवार ने इस सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। यह घटना विदेश में काम कर रहे श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देती है।

### कुएं में गिरने से युवक की मौत पुलिस जांच में जुटी

**गुमला।** चैनपुर थाना क्षेत्र के काराकु गांव में 24 वर्षीय युवक संजू टोप्पो की कुएं में गिरने से मौत हो गई। रविवार को पुलिस को सूचना मिली कि एक शव कुएं में तैर रहा है, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पहचान की। शव की पहचान शनिवार को लापता हुए संजू टोप्पो के रूप में हुई। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, संजू शनिवार को अपने खेतों से कटे धान की फसल को घर ला रहा था, लेकिन देर रात तक जब वह घर नहीं पहुंचा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। रविवार की सुबह कुछ बच्चियां पानी भरने के लिए कुएं के पास गईं, जहां उन्होंने शव को तैरते हुए देखा और इसकी सूचना अपने परिजनों को दी। यह खबर जैसे ही पूरे गांव में फैली, पुलिस को सूचित किया गया।

### आचार्य योगेंद्र व अक्षयवर नाथ की सेवानिवृत्ति पर स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुमला के सभागार में आचार्य योगेंद्र कुमार मलिक और अक्षयवर नाथ पांडे के सेवानिवृत्ति पर एक भावपूर्ण स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने दोनों आचार्यों के योगदान को याद करते हुए उन्हें आदरपूर्ण विदाई दी। कार्यक्रम में गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष रामकिशोर रजक, सचिव विजय बहादुर सिंह, प्रधानाचार्य संजय कुमार सिन्हा और समिति सदस्य राजेश कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसमें विदाई ले रहे आचार्यों ने भी भाग लिया।

# गुमला में 'हमारी रसोई, हमारी जिम्मेदारी' थीम पर कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित





**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला के करौंदी पंचायत भवन में रविवार को पेट्रोलियम मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में तेल वितरण कंपनियों द्वारा 'हमारी रसोई, हमारी जिम्मेदारी' थीम पर एक भव्य कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में एलपीजी उपभोक्ताओं ने भाग लेकर अपने पाक-कौशल का प्रदर्शन किया और उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल एक प्रतियोगिता तक सीमित नहीं था, बल्कि यह एलपीजी गैस के सुरक्षित उपयोग और पर्यावरण संरक्षण में इसकी भूमिका पर जागरूकता फैलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था। इसके तहत यह संदेश दिया गया कि एलपीजी न केवल स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिहाज से जरूरी है, बल्कि यह महिलाओं के जीवन को आसान और आत्मनिर्भर बनाने का साधन भी है। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को एलपीजी का सुरक्षित और कुशलतापूर्वक उपयोग करते हुए स्वादिष्ट और स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन तैयार करना था। जजों ने व्यंजनों की गुणवत्ता, प्रस्तुति, सफाई और थीम आधारित नवाचार को ध्यान में रखते हुए विजेताओं का चयन किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में स्थानीय होटल और शिक्षा जगत के विशेषज्ञ शामिल थे। मौके पर आईपी पांडेय ने कहा कि एलपीजी गैस ने ग्रामीण और शहरी रसोई घरों में क्रांति लाई है। उन्होंने बताया कि एलपीजी के उपयोग से न केवल पेड़ों की कटाई में कमी आई है, बल्कि यह स्वास्थ्य और समय की बचत का भी साधन बना है।

समरेश सिंह को किया नमन, अर्पित की भावभीनी श्रद्धांजलि

## समरेश सिंह जैसा नेता कोयलांचल में होना सब के बस की बात नहीं : मनोज महतो



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

रविवार को विधायक सह पूर्व मंत्री स्व. समरेश सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि मनी। बीजेएमटीयू प्रदेश अध्यक्ष सह बोकारो प्रभारी भाजपा ओबीसी मजदूर नेता मनोज महतो के नेतृत्व में समरेश सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मनोज महतो ने समरेश सिंह को नमन करते हुए कहा कि उनके जैसा महान व्यक्तित्व नेता होना, कोयलांचल में सब के बस की बात नहीं हैं। समरेश सिंह ने जनहित के लिए जो आंदोलन किया। उसका एक इतिहास लिखा जा सकता है। हमारे राजनीतिक गुरु होने के नाते वे सदा हम सबके दिलों में बसे रहेंगे। आज भी उनकी कही बातों को आत्मसात करने की जरुरत हैं। मौके पर मजदूर नेता मनोज महतो, निर्मल महतो, निमाई ठाकुर, किशन महतो राहुल महतो, रिंकू महतो महेश मोदक, राजू महतो, आयुष्मान महतो, राज कुमार चौहान, अनिल ठाकुर विवेक महतो सुबोध साहू संतोष साहू जयशंकर यादव, रकेश महतो, राम कृपाल सिंह किशना दास, मिनु मिश्रा, उत्तम महतो, पूर्व मुखिया झिंझीपहाड़ी सुरेश महतो उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### दारू मंडल से भाजपा की प्रचंड जीत जनता की जीत है : अशोक कुशवाहा



**दारू (हजारीबाग)।** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की प्रचंड जीत को लेकर दारू मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं एवं दारू की जनता का आभार जताया। श्री कुशवाहा ने कहा कि भले ही राज्य में हमारी सरकार ना बना हो लेकिन जनता ने जो आशीर्वाद दिया है उसके लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। नई सरकार जनता से कई वादे की है यदि वह पूरा नहीं करती है तो विपक्ष में रहकर जनता के हित में अपना आवाज बुलंद करूंगा। मंडल के महामंत्री संजय कुशवाहा ने जनता की जीत के साथ दारू प्रखंड के भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की जीत और पार्टी का रीढ़ पन्ना प्रमुख की जीत बताया। साथ ही कहा कि पार्टी के आदेश पर जनता के हित में हर संभव कार्य करूंगा। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू, सोशल मीडिया प्रभारी संदीप कुमार, इंद्र पासवान एवं अन्य कई लोग मौजूद थे।

### आरसीपी 75 रनों से विजयी



रांची। प्रो.सीताराम शर्मा मेमोरियल ट्रॉफी फैकल्टी क्रिकेट लीग का 13वां संस्करण बीआईटी मेसरा में खेला गया। आरसीपी बनाम ईबीएस के खेला गया।
टॉस जीत कर आरसीपी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। 12 ओवर में तीन विकेट खोकर 117 बनाया। चंचल ने नाबाद 61 रन, अजय ने 22 रन बनाया। वहीं ईबीएस की ओर से दुर्गा और कार्तिक ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में ईबीएस ने 12 ओवर में 42/6 रन बनाए। आरसीपी 75 रनों से विजयी रही। मैन ऑफ द मैच चंचल रहे।

### सीएसके ने 4 विकेट से जीत दर्ज की

**रांची।** प्रो.सीताराम शर्मा मेमोरियल ट्रॉफी फैकल्टी क्रिकेट लीग का 13वां संस्करण बीआईटी मेसरा में खेला गया। सीएसके बनाम एमएसडी के बीच खेले गये मैच में टॉस जीतकर सीएसके ने पहले फील्डिंग का फैसला किया। -एमएसडी की टीम ने 12 ओवर में छह विकेट पर 91 रन बनाया। एमएसडी के लिए रवि ने 28 रन बनाए। सीएसके के लिए मुस्तफी, रजनीश और जितेंद्र ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में सीएसके ने छह ओवर में 92 रन बनाया। सीएसके के लिए श्रीधर ने नाबाद 43 रन बनाए और मैन ऑफ चुने गए मैच। सीएसके ने 4 विकेट से जीत दर्ज की।

### अशोक भट्टाचार्य बने ब्रांज लेवल वर्ल्ड एथलेटिक्स रेफरी



**रांची।** वर्ल्ड एथलेटिक्स द्वारा आयोजित एथलेटिक्स रेफरी ब्रॉन्ज लेवल दक्षता परीक्षा में बोकारो के अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स तकनीकी पदाधिकारी लेवल 1 अशोक भट्टाचार्य ने दक्षता हासिल करते हुए ब्रॉन्ज लेवल वर्ल्ड एथलेटिक्स रेफरी बन झारखंड राज्य का नाम रौशन किया। इस परीक्षा में झारखंड से तीन वर्ल्ड लेवल 1 तकनीकी ऑफिशियल्स शिव कुमार पाण्डेय, अशोक भट्टाचार्य एवं संजेश मोहन ठाकुर ने परीक्षा में शामिल हुए थे। लेकिन अशोक भट्टाचार्य ने परीक्षा पास किए एवं ब्रॉन्ज लेवल वर्ल्ड तकनीकी ऑफिशियल्स की आहर्ता हासिल किए। इसके पूर्व भट्टाचार्य कॉमन वेल्थ गेम्स 2010 नईदिल्ली, 13वी एशियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप समेत कई अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए तकनीकी पदाधिकारी का दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। इस उपलब्धि पर झारखंड एथलेटिक्स संघ प्लानिंग कमिटी के चेयर मैन डॉ मधुकांत पाठक, जे एए अध्यक्ष सीडी सिंह, सचिव एसके पांडेय, आशीष झा, कोच बिनोद सिंह, आशु भाटिया, योगेश यादव, संजेश मोहन ठाकुर, अनवर हुसैन, प्रभात रंजन तिवारी, अजय कुमार नायक, रितेश आनंद, किरण नायक, बंधन टोप्पो समेत संघ के पदाधिकारियों एवं राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

### आरसीपी ने 3 रनों से की जीत दर्ज

**रांची।** प्रो.सीताराम शर्मा मेमोरियल ट्रॉफी फैकल्टी क्रिकेट लीग का 13वां संस्करण बीआईटी मेसरा में खेला गया। आरसीपी बनाम आरएडी के बीच खेले गये मैच में टॉस जीत कर आरसीपी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। आरसीपी ने छह विकेट पर 57 रन बनाया। वहीं आरएडी के लिए संजय ने 2, आदर्श और मनोज ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में आरएडी ने आठ विकेट पर 55 रन बनाया। आरएडी के लिए अरविंद ने 18 रन बनाए। आरसीपी 3 रनों से विजयी रही। अजय, आकाश और आलोक ने दो-दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच अजय रहे।

### सब जूनियर बालक और बालिका सेपकटकरा झारखंड टीम का चयन ट्रायल संपन्न




**रांची।** जयपाल सिंह स्टेडियम रविवार को सब जूनियर बालक-बालिका सेपकटकरा सेलेक्शन ट्रायल का आयोजन किया गया। इस चयन ट्रायल में झारखण्ड राज्य के विभिन्न जिलों के तकरीबन 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया. इस ट्रायल के आधार पर चयनित खिलाड़ी आगामी 27वी नेशनल सब जूनियर सेपकटकरा प्रतियोगिता में भाग लेंगे. इसकी जानकारी देते हुए एसोसिएशन के सचिव उदय साहू ने बताया कि इस चयन ट्रायल का आयोजन मरेंद्र दत्त द्विवेदी को देखरेख में आयोजित हुआ. इनके साथ साथ गोपाल मुंडा, राजकुमार महतो, रौनक कुमार का सहयोग रहा. इस अवसर पर सेपकटकरा एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे, रौनक कुमार, संतोष कुमार गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे। सब जूनियर सेपकटकरा दल के बालक वर्ग में अभय लोहरा, सत्यम कुमार महतो, अमन बासुकी, चंदन कुमार महतो, सुमित गोप, कश्मीर गुप्ता शामिल हैं। वहीं बालिका वर्ग में नजमीन खातून, पार्वती कुमारी, अर्फीन खातून, पूनम कुमारी, नितिका सोरेन, ललिता हांसदा को चुना गया। वहीं टीम कोच के रूप में अमरेंद्र दत्त द्विवेदी को चुना गया।

### जरूरतमंदों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण

**राजगंज।** युवकों की संस्था केयर फॉर सोसाइटी द्वारा कंपकपाती ठंड में सुदूर ग्रामीण क्षेत्र गंगापुर, गरीबडीह बस्ती में गरीब, बुजुर्ग, असहाय के बीच जाकर गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम संस्था के अध्यक्ष आकाश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। आकाश कुमार ने कहा कि हमारा लक्ष्य समाज के अंतिम वंचित व्यक्ति तक पहुंचना है। कार्यक्रम में अमित विश्वकर्मा का सराहनीय योगदान रहा। संस्था विगत पांच वर्षों से गरीब, असहाय, लाचार की मदद करने के लिए तत्पर है। मौके पर आलोक गौतम, आकाश कुमार, अमित विश्वकर्मा, अंशु कुमार, रंजीत कुमार आदि मौजूद थे।

## सेवानिवृत्ति पर शिक्षक को दी गई विदाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** भरनो प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय पाबेया के प्रधानाध्यापक (एचएम) सत्यनारायण होता के सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय स्थित कार्यालय के सभा कक्ष में किया गया, जहां उन्हें माला पहनाकर और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया।

समारोह में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, बीआरपी समीम एजाज, सीआरपी भूषण केशरी और अन्य शिक्षा कर्मियों ने भाग लिया। अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि सरकारी नौकरी में ईमानदारी और समर्पण से कार्य करना बेहद महत्वपूर्ण है ताकि सेवानिवृत्ति के बाद भी सम्मान और प्रेरणा मिल सके। शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने भी श्री होता को शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनकी निष्ठा और बेदाग सेवा के लिए सराहा।

सत्यनारायण होता ने विद्यालय में बिताए 24 वर्षों को याद करते हुए कहा कि सहकर्मियों, छात्रों और अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय प्रबंधन आसान रहा। उन्होंने कहा, यह विद्यालय मेरे दिल के करीब रहेगा, और यहां बिताए पल हमेशा यादगार रहेंगे। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अंबर प्रसाद ने श्री होता के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। इस अवसर पर सकीम अंसारी, बिंदेश्वर सिंह, योगेश प्रसाद केशरी, अर्जुन केशरी, सतीश कुमार, राजेश प्रसाद, बसंत कुमार सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं और अभिभावक उपस्थित रहे। समारोह में भावनाओं का आदान-प्रदान और सम्मान का वातावरण देखते ही बनता था।

### गुमला जिला अंजुमन तरक्की उर्दू का गठन

*सरफराज कुरैशी बने सदर, आसिफ अंसारी नाजिम*

**गुमला।** जिले में उर्दू भाषा और संस्कृति के विकास के लिए गुमला जिला अंजुमन तरक्की उर्दू का गठन किया गया। यह गठन अंजुमन इस्लामिया गुमला के निगरानी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर संगठन के नए पदाधिकारियों और मजलिस आमला के सदस्यों का चयन किया गया। नियुक्त पदाधिकारियों में सदरः सरफराज कुरैशी, नाजिमः आसिफ अंसारी, नायब सदरः सलमान अंसारी, मौलाना गुलाम गौस, फारुक रशिदी, नायब नाजिमः मो. इलयास, हाजी मंटु, रुखसार प्रवीन कोषाध्यक्षः मो. सरवर खान, सह-कोषाध्यक्षः मो. लड्डन को बनाया गया है। वहीं मजलिस आमला के सदस्य भी चयनित किए गए। इनमें मो. कमरुद्दीन कुरैशी, मो. आशिक अंसारी, मो. आजाद खान, शहजाद अनवर, मो. अफसर आलम, और हफीजुर रहमान शामिल हैं।

यादव समाज ने विधायक से मिल मंजीत को न्याय दिलाने की मांग की

## दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा : प्रदीप प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद से यादव समाज के प्रतिनिधियों ने विशेष मुलाकात की और उन्हें विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। समाज के प्रतिनिधियों ने हाल ही में हुई हत्या की एक गंभीर घटना पर चर्चा की, जिसमें मंजीत यादव की नृशंस हत्या का मामला शामिल है। समाज के सदस्यों ने इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की और न्याय की मांग की। प्रतिनिधियों ने विधायक से अपील की इस मामले में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए। यादव समाज ने इस बात पर भी जोर दिया कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन को सख्त कदम उठाने चाहिए। विधायक प्रदीप प्रसाद ने यादव समाज को भरोसा दिलाया कि वह इस मामले को गंभीरता से लेंगे। उन्होंने कहा कि वह जिला प्रशासन और उच्च अधिकारियों से तुरंत संपर्क करेंगे और इस मामले का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करेंगे। प्रदीप प्रसाद ने कहा यह मामला बेहद संवेदनशील है, और मैं यादव समाज को विश्वास दिलाता हूं कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

हजारीबाग यूथ विंग ने किया कंबल का वितरण

## हमारा प्रयास अधिक लोगों तक मदद पहुंचे : चंद प्रकाश जैन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग यूथ विंग ने अपने शीतकालीन राहत अभियान की शुरूआत रविवार को कटकमदाग प्रखंड के खपरियावां पंचायत से की। इस अभियान के तहत पहले दिन 100 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। सर्दी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए इस राहत अभियान का आयोजन किया गया है, जिसका उद्देश्य ठंड से प्रभावित लोगों को सहायता और राहत प्रदान करना है। यह अभियान फरवरी 2025 तक लगातार जारी रहेगा। इस अवधि में हर पंचायत और गांव में 100-100 कंबलों का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।

हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि हमारा संगठन हमेशा से समाज के जरूरतमंद और वंचित वर्गों के साथ खड़ा रहा है। यह शीतकालीन राहत अभियान उन लोगों के लिए है जो ठंड से सबसे अधिक प्रभावित हैं। हमारा प्रयास रहेगा कि इस अभियान के जरिए अधिक से अधिक लोगों तक मदद पहुंच सके। साथ ही कहा की यह अभियान प्रत्येक पंचायत और गांव में संचालित किया जाएगा। संगठन ने यह भी सुनिश्चित किया है कि हर जरूरतमंद को ठंड से बचाने के लिए समय पर सहायता मिले। हजारीबाग यूथ विंग के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि यह पहल हमारे संगठन की सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है। समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए संस्था के लोगों की शक्ति और ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा है।

## शोतोकन कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया कराटे



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डोरंडा कॉलेज कराटे सेंटर में आयोजित होने वाले सब जूनियर झारखंड स्टेट कराटे चैंपियनशिप 2024, को देखते हुए 14 वर्ष से नीचे के कराटेकारों के लिए विशेष कराटे प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय कराटे कोच शिहान रंजीत मेहता द्वारा 14 वर्ष से नीचे के कराटेकरों को काता एवं कुमिते का विशेष ट्रेनिंग दिया गया। कराटे प्लेयर्स को वर्ल्ड कराटे फेडरेशन के नियमों से अवगत कराया गया। बुधवार 4 दिसंबर को चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए कराटेकारों का सलेक्शन किया जायेगा। जिसका सलेक्शन होगा वे स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड द्वारा खेल गांव में 7 एवं 8 दिसम्बर को आयोजित होने वाले चैंपियनशिप में भाग लेंगे। कराटेकरों को विशेष प्रशिक्षण देने में डोरंडा कॉलेज के सहायक प्रशिक्षक सेंसी परमानन्द गुप्ता, सम्पई सोनू सरीन, पूजा कुमारी एवं रश्मि कच्छप ने सहयोग किया।

जमशेदपुर ने सरायकेला-खरसावां को 130 रनों से हराया

## शंकर दास बने मैन ऑफ द मैच



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिला मुख्यालय स्थित तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को खेले गए जेएससीए अंतर जिला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट के मुकाबले में जमशेदपुर की टीम ने सरायकेला-खरसावां को 130 रनों से हराया। खराब मौसम और धुंधली रोशनी के कारण मैच की शुरूआत में देर हुई, लेकिन जमशेदपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 211 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। शंकर दास ने 74 रन बनाए, वहीं अर्सलान अहमद ने 52 रनों की बेहतरीन पारी खेली। अन्य बल्लेबाजों में कुमार गौतम (17), दिव्यांश सिंह (12) और रौनक कुमार (11) ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं, सरायकेला-खरसावां की टीम 24.5 ओवरों में केवल 81 रन ही बना सकी। टीम की ओर से मनीष ने 16 और विवन ने 15 रन बनाए। जमशेदपुर के गेंदबाज सिम्हाचलन राव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 14 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि आयुष और रौनक ने 1-1 विकेट लिया। शंकर दास की शानदार बल्लेबाजी के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। उन्हें टीआरडीओ रोनित सिंह, सचिव जितेंद्र सिंह और अंपायर रमेश कुमार ने 5000 रुपये नकद और ट्रॉफी प्रदान की। इस मौके पर मनोज चौधरी, लाल चंद्रशेखर, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा और अन्य कई लोग उपस्थित थे। सोमवार को जमशेदपुर का मुकाबला कोडरमा से होगा।

जो सदा मुझसे युक्त हैं, और प्रेमपूर्वक मेरी आराधना करते हैं, उन्हें मैं वह मेधा (बुद्धियोग) प्रदान करता हूं, जिसके द्वारा वे मुझे पूर्ण रूप से प्राप्त करते हैं। - भगवान श्रीकृष्ण, 'श्रीमद्भगवद् गीता' में



## संपादकीय

# क्या अमेरिका-कनाडा से प्रतिभाओं के लौटने का समय आ गया

वैश्विक स्तर पर कनाडा एवं अमेरिका से भारत की ओर प्रतिभा वापसी की संभावना बढ़ती जा रही है। कनाडा में खालिस्तानियों द्वारा चलाए जा रहे भारत विरोधी आंदोलन के चलते वहां निवासरत भारतीयों एवं मंदिरों पर लगातार हमले हो रहे हैं एवं भारतीयों एवं मंदिरों पर हो रहे इन हमलों पर लगाम लगाने में कनाडा की वर्तमान सरकार असफल सिद्ध हो रही है एवं इन हमलों को, राजनैतिक कारणों के चलते, रोकने की इच्छा शक्ति का अभाव भी दिखाई दे रहा है। इसके चलते भारत एवं कनाडा के राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक रिश्तों पर अत्यधिक विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। स्थिति तो यहां तक पहुंच गई है कि भारत ने कनाडा में अपने दूतावास में प्रतिनिधियों की संख्या को कम कर दिया है तथा भारत ने कनाडा को निर्देशित किया था कि वह भी भारत में अपने दूतावास में प्रतिनिधियों की संख्या को कम करे। भारत एवं कनाडा के बीच आज कूटनीतिक रिश्ते आज तक के सबसे निचले स्तर पर आ गए हैं। साथ ही, कनाडा में आज सुरक्षा की दृष्टि से भी स्थितियां तेजी से बदल रही हैं तथा इसका कनाडा के आर्थिक विकास पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। जिसके चलते भारतीय आज कनाडा में अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और भारत की ओर रूख कर रहे हैं। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद का चुनाव जीतने के पश्चात वहां पर अवैध रूप से रह रहे अन्य देशों के नागरिकों को अमेरिका से निकाले जाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं। हालांकि अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों की संख्या लगभग नगण्य सी ही है परंतु ट्रंप प्रशासन द्वारा अब वीजा, एच1बी सहित, जारी करने वाले नियमों को और अधिक कठोर बनाया जा सकता है। अमेरिका में प्रतिवर्ष जारी किए जाने वाले कुल एच1बी वीजा में से 60 प्रतिशत से अधिक वीजा भारतीय मूल के नागरिकों को जारी किए जाते हैं। यदि इस संख्या में भारी कमी दृष्टिगोचर होती है तो अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय छात्रों को, उनकी पढ़ाई सम्पन्न करने के पश्चात यदि एच1बी वीजा जारी नहीं होता है तो उन्हें भारत वापिस आने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस प्रकार अमेरिका से भी भारतीयों का रिवर्स ब्रेन ड्रेन दिखाई पड़ सकता है। भारत आज पूरे विश्व में सबसे अधिक तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है, अतः भारत में तेज गति से हो रहे आर्थिक विकास के कारण सूचना प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, उच्च तकनीकी क्षेत्रों, वाहन विनिर्माण उद्योग, फार्मा उद्योग, चिप विनिर्माण उद्योग, स्टार्ट अप, आदि क्षेत्रों में भारी मात्रा में रोजगार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं और भारत को इन क्षेत्रों में उच्च टेलेंट की आवश्यकता भी है। यदि कनाडा एवं अमेरिका से उच्च शिक्षा प्राप्त एवं उक्त क्षेत्रों में प्रशिक्षित अभियंता भारत को प्राप्त होते हैं तो यह स्थिति भारत के लिए बहुत फायदेमंद होने जा रही है। आज अन्य देशों से भारत की ओर रिवर्स ब्रेन ड्रेन इसलिए भी होता दिखाई दे रहा है क्योंकि, भारत में आज मूलभूत सुविधाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। किसी भी दृष्टि से भारत का आधारभूत ढांचा आज किसी भी विकसित देश की तुलना में कम नहीं है। साथ ही, भारत में, विकसित देशों की तुलना में, मुद्रा स्फीति की दर कम होने से, सामान्य रहन सहन की लागत तुलनात्मक रूप से भारत में बहुत कम है। अतः भारत में अमेरिका एवं कनाडा की तुलना में शुद्ध बचत दर भी अधिक है। हाल ही के समय में भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में भी पर्याप्त सुधार हुआ है। आज बैंगलोर, मुंबई, हैदराबाद जैसे शहरों में बहुत ही कम लागत पर अमेरिकी अस्पतालों की तुलना में (अमेरिका की तुलना में तो 1/10 लागत पर) अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हैं।

# दुनिया का सिरमौर बनने की ओर अग्रसर भारत

अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत एवं उसके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की साख एवं सीख के कारण भारत दुनिया का सिरमौर बनने की दिशा में अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में 5 दिन के विदेश दौरे में तीन देशों की यात्रा की और 31 ग्लोबल लीडर्स और वैश्विक संगठनों के प्रमुखों के साथ मुलाकात की। मोदी की विदेश यात्राओं से विश्व में भारत का न सिर्फ सम्मान बढ़ रहा है बल्कि दुनिया का हमारे देश के प्रति नजरिया भी बदल रहा है। भारत का हमेशा से मानना रहा है कि दुनिया के शीर्ष ताकतों को सिर्फ अपने बारे में नहीं सोचना चाहिए। आर्थिक रूप से संपन्न देशों को छोटे-छोटे देशों के हितों का भी उतना ही ख्याल रखना होगा। प्रधानमंत्री के एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का मंत्र इस बात की ओर ही संकेत है। भारत में वैश्विक विकास को फिर से पटरी पर लाने, युद्धमुक्त दुनिया बनाने, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य और डिजिटल परिवर्तन जैसे वैश्विक चिंता के प्रमुख मुद्दों पर दुनिया की अगुवाई करने की क्षमता है। इस पहलू को अब दुनिया की तमाम बड़ी शक्तियां भी स्वीकार करने लगी हैं। मोदी ने बार-बार कहा है भारत 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना से काम करता है, जिसमें छोटे-छोटे देशों के हितों को पूरा करने के लिए समान विकास और साझा भविष्य का संदेश भी निहित है, जो भारत की आशावादी एवं समतामूलक सोच को दर्शाता है। भारत को स्वर्णिम भारत, अच्छा भारत, रामराज्य का भारत या दुनिया का सिरमौर इसलिये कहा जाता है कि यह वो देश है जहाँ से दुनिया ने शून्य को जाना। खेल, पर्यटन और फिल्मों से जिसको पहचाना जाता है। जिसकी अंतरिक्ष में पहुँच, तकनीकी प्रतिभाओं से विश्व ने भी भारत का लोहा माना है। बिना रक्त क्रांति के जिसने पायी थी आजादी। भारत दुनिया को बाजार नहीं, एक परिवार मानता है। संतों के सान्निध्य में चलने वाली भारत की व्यवस्था पूरी दुनिया के लिए मार्गदर्शन हैं। मानव सभ्यता के 95 प्रतिशत समय तक भारत दुनिया को खनिज, मसाले और धातुओं के साथ ही धर्म, गणित एवं खगोलशास्त्र की अवधारणाएं देता रहा। जब सारी दुनिया भटकती है तब भारत उसका मार्ग प्रशस्त करता है। भारत टकराव और संघर्ष को मानवता के लिए खतरा मानता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मौजूदा दौर में हमें अपने अस्तित्व ही नहीं, सम्पूर्ण मानवता के लिए लड़ने की जरूरत है। भारत ने अपनी विदेश नीति के जरिए हमेशा ही ये संदेश दिया है कि आज दुनिया जलवायु परिवर्तन, गरीबी, आतंकवाद, युद्ध और महामारी जैसी जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है, उनका समाधान आपस में लड़कर नहीं बल्कि मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है।



ललित गर्ग



आज दुनिया में ऐसी ही संवेदनशील अर्थव्यवस्थाओं के निर्माण की चर्चा हो रही है जहां समाज कल्याण एवं जीडीपी विकास दोनों का सह-अस्तित्व हो और नागरिकों की प्रसन्नता सर्वोपरि हो। भारत ऐसी ही अर्थव्यवस्था यानी संवेदनशील वैभव के सदुपयोग को खुशहाल जीवन और दीर्घकालिक आत्मनिर्भर समाज का आधार मानते हुए आगे बढ़ रहा हैं। भारतीय सभ्यता सदा से धन और दान दोनों को सर्वोच्च मानती है। हमारे ऋषियों-मनीषियों ने वाकपटुता, सहायता करने की तत्परता, शत्रुओं से निपटने की बुद्धिमत्ता, स्मृति, कौशल, नैतिकता एवं राजनीति का ज्ञान आदि गुणों को सफल नेतृत्व का आधार बताया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन्हीं गुणों के बल पर भारत को दुनिया में अव्वल स्थान पर पहुंचाया हैं। भारत के पास सबसे मजबूत लोकतंत्र है, विविधता है, स्वदेशी एवं समावेश सोच, आदर्श जीवनशैली, वैश्विक सोच है और दुनिया इन्हीं आइडियाज में अपनी सभी चुनौतियों का समाधान देख रही है।

आज अमेरिकी अपनी गिरती साख को लेकर चिन्तीत है। यूरोपीय संस्कृति ऐसी रही है, जिसमें उन वस्तुओं पर भी पैसा बहाया गया, जिनकी उन्हें कभी जरूरत ही नहीं थी। चीन ने कारोबार और नीतियों का ऐसा रास्ता अपनाया, जिसमें कोई नैतिकता नहीं। रूस अपने शत्रु को आंकने में गलती कर गया और एक अंतहीन से युद्ध में उलझकर रह गया। दुनिया में मची इस उथल-पुथल के बीच ऐसा लगता है कि केवल भारत ही ऐसी प्रमुख शक्ति है, जिसने ऐसा रास्ता चुना जो कूटनीतिक समझ और नैतिकता से भरा है। साथ ही, उसने एक स्थिर अर्थव्यवस्था के वैश्विक ब्रांड के रूप में खुद को स्थापित किया है, जिसके साथ दुनिया व्यापार करना चाहती है। ये सब इसी कारण संभव हुआ, क्योंकि हम अपनी संस्कृति से जुड़े हैं, हमारा नेतृत्व संस्कृति से जुड़ा एक महान कर्मयोद्धा कर रहा है।

दुनिया पिछले हजारों सालों से सुखों के लिए दौड़ रही है लेकिन इस दौड़ में हार चुकी है। अब उसकी नजर भारत पर है। देश को अपनी सारी शक्ति एकजुट करनी होगी। सारी दुनिया में कट्टरपंथ और उदारता के बीच लड़ाई चल रही है। कपट और सरलता के बीच संघर्ष चल रहा है। देश को अपने मूल्यों को स्थापित करने के लिए सेनापति की भूमिका निभानी होगी और उसके लिये उसकी तैयारी भी है।

वर्तमान में भारत आर्थिक, सामरिक, वैज्ञानिक तथा ज्ञान के क्षेत्र में विश्व का सिरमौर बन रहा है, यह अच्छा संकेत है। अन्यान्य क्षेत्रों के साथ भारत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में दुनिया का सिरमौर है। सौर ऊर्जा उत्पादन में भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश है। इसलिए सारा संसार भारत की ओर बड़ी आशा और विश्वास के साथ देख रहा है। परन्तु अनेकानेक विशेषताओं एवं विलक्षणताओं के बीच कुछ विसंगतियां एवं विषमताएं भी हैं। भारत की अस्मिता का प्रतीक मातृशक्ति की आज सर्वत्र अवमानना की जा रही है। चरित्रहीनता, भ्रष्टाचार और संवेदनहीनता से जूझता हुआ हमारा भारतीय समाज भोगवादी संस्कृति का आदी हो चुका है। अपने देश में भारत के हित में विचार करनेवाले, समाज की उन्नति के संबंध में चिंतन करनेवाले लोगों की कमी नहीं है। फिर भी आज देश की व्यवस्था में राष्ट्रभक्तों का अभाव दिखता है, संकीर्ण राजनीति एवं सत्ता की दौड़ में मूल्यों को धुंधलाने की स्थितियां कमजोर करती है। यही कारण है कि संपूर्ण देश में एक असंतोष की भावना दिखाई देती है। सरकारी यंत्रणाओं के प्रति जनमानस का विश्वास प्रायः लुप्त होता जा रहा है।

शिक्षा के क्षेत्र में नये परचम फहराने वाले युवाओं, घर को संस्कारों से संवर्धित करनेवाली नारीशक्ति, संपूर्ण भारत के जीवन को पोषित करनेवाले हमारे अन्नदाता किसान भाइयों तथा खेतों, कारखानों तथा सर्वत्र मजदूरी करनेवाले श्रमिकों, वन-संस्कृति का जतन करनेवाले वनवासी भगिनी-बंधुओं के आत्मविश्वास, लगन तथा परिश्रम के जागरण से भारत दुनिया में अव्वल होने की दिशा में अग्रसर है। देश का शिक्षित, प्रबुद्ध तथा समृद्ध समाज को दीन-दलितों, अशिक्षितों तथा असहाय लोगों के उत्थान के लिए आगे आना होगा। अंतर्राष्ट्रीय संगठन डेलायट ने अपनी हालिया रिपोर्ट में वर्ष 2030 तक भारत के चीन और अमेरिका जैसी विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़कर दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ता बाजार के रूप में उभर कर सामने आने की आशा व्यक्त की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के मध्यम वर्ग का दायरा काफी तेजी से बढ़ रहा है जिसके कारण बाजार तक पहुंच रखने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ रही है। व्यापार की नीतियों में उदारीकरण और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश बढ़ने का असर उपभोक्ता बाजार पर दिख रहा है, सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं और उत्पादों के निर्यात में बढ़ोत्तरी ने भी उपभोक्ता बाजार का आकार बढ़ाने में सहायता की है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## धर्म की बात

# राम नाम सत्य है



डॉ दीपक प्रसाद
सहायक आचार्य, शिक्षा संकाय, कार्तिक उरांव महाविद्यालय, गुमला, रांची विश्वविद्यालय रांची।

राम नाम ही सत्य है यह वाक्य भारतीय संस्कृति, विशेष रूप से हिंदू धर्म में अत्यधिक महत्वपूर्ण है। यह वाक्य भगवान राम के नाम की महिमा और उसकी दिव्यता को व्यक्त करता है, जो केवल शब्दों का संयोजन नहीं बल्कि आत्मा के साथ गहरे जुड़ाव का प्रतीक है। दार्शनिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से इस वाक्य का बहुत गहरा अर्थ है। आइए इसे विस्तार से समझते हैं। 'राम नाम ही सत्य है' का गहरा आध्यात्मिक अर्थ है कि भगवान राम का नाम सत्य, ब्रह्म या परमात्मा का अवतार है। हिन्दू धर्म में भगवान राम को एक आदर्श और परम सत्य के रूप में पूजा जाता है। भगवान राम का नाम लेना आत्मा के शुद्धिकरण का एक साधन है। वे अपने जीवन में सत्य, अहिंसा, धर्म और न्याय के प्रतीक हैं। उनका नाम लेना आत्मा को शांति और मोक्ष की ओर ले जाता है। राम का नाम न केवल शब्दों का अनुकरण है, बल्कि यह आत्मा से जुड़े होने की एक गहरी प्रक्रिया है, जिससे व्यक्ति अपने जीवन के उद्देश्य को समझ सकता है और परम सत्य की प्राप्ति कर सकता है। दार्शनिक दृष्टिकोण से, इस वाक्य का अर्थ है कि जो कुछ भी अस्थिर और परिवर्तनशील है, वह सत्य नहीं है। केवल राम का नाम और उनका अस्तित्व ही स्थायी और शाश्वत सत्य है। वेदांत दर्शन के अनुसार, ब्रह्म ही सत्य है, और यह सत्य केवल राम के रूप में प्रकट होता है। राम का नाम और उनका रूप अद्वितीय सत्य की अभिव्यक्ति है। इसके अलावा, यह विचार हमें जीवन के अस्थायी सुखों और दुखों से ऊपर उठने की प्रेरणा देता है। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि संसारिक सुख-साधन अस्थायी हैं, लेकिन राम का नाम हमें स्थिरता, शांति और परम सत्य की ओर मार्गदर्शन करता है। राम का नाम सत्य है, इसका अर्थ है कि केवल नाम जाप या भक्ति द्वारा हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं। जब हम भगवान राम का नाम लेते हैं, तो हम न केवल शब्दों का उच्चारण करते हैं, बल्कि हम अपनी भावनाओं और विचारों को भगवान के प्रति समर्पित करते हैं। इस प्रकार, भक्ति के द्वारा सत्य की खोज की जाती है, जो आत्म-साक्षात्कार की दिशा में एक कदम है। भगवान राम का जीवन हमें यह सिखाता है कि हमें अपने कर्मों में सच्चाई, धर्म और न्याय का पालन करना चाहिए। राम नाम ही सत्य है' का यह भी अर्थ है कि यदि हम अपने कर्मों को सत्य और कर्मनिष्ठा के आधार पर करेंगे, तो हम भगवान राम के आदर्शों का अनुसरण करेंगे और जीवन में सच्चे सुख और शांति का अनुभव करेंगे। 'राम नाम ही सत्य है' का एक महत्वपूर्ण अर्थ यह भी है कि राम का नाम स्मरण करने से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। हिन्दू धर्म में मोक्ष को जीवन का सर्वोत्तम लक्ष्य माना गया है, और राम का नाम इसका साधन है। चाहे वह सुख हो या दुख दोनों ही घड़ी में अनायास यह नाम हमारे मुख से निकल पड़ता है। राम का नाम जपने से न केवल मानसिक शांति मिलती है, बल्कि यह शरीर और आत्मा को शुद्ध करने का एक साधन भी है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## देश की बात

# दहेज ही सबसे बड़ी योग्यता, दहेज की बलि चढ़ती बेटियां?



नरेन्द्र भारती

दहेज का दानव प्रतिदिन बेटियों को निगल रहा है दहेज के दानव का खात्मा करना होगा। आज भले ही लडकी कितनी भी उच्च शिक्षित हो मगर पहली शर्त यही होती है कि यहां से कितना दहेज मिल सकता है दहेज ही सबसे बड़ी योग्यता बन गई हैं। विश्व गुरु कहलाने वाले भारत में बढ़ रही दहेज की संस्कृति को रोकना होगा। प्रतिदिन दहेज के लालचियों द्वारा बेटियों को दहेज की बलि चढ़ाया जा रहा है। देश के हर राज्य में दहेज के मामले प्रकाश में आ रहे है। दहेज हत्याओं की बढती घटनाएं अशुभ सकेत है आखिर दहेज हत्याऐ क्यों नहीं रुकती है यह एक यक्ष प्रशन बनता जा रहा है। भारत में दहेज हत्याओं की प्रतिशतता दर बढ़ती ही जा रही हे 18 से 20 वर्ष की लड़कियों की संख्या के ज्यादा मामले प्रकाश में आ रहे हैं। इकलौती बेटियां बलि चढ़ाई जा रही है।समझ नहीं आता कि समाज के लोग चुप क्यों है अगर आज दूसरों की बेटी जलानें के मामले में चुप है मगर कल जब उनकी बेटियों के साथ ऐसा होगा तब भी क्या चुप रहेगें। समाज को इन लोभियों का खात्मा करना होगा। दहेज प्रथा ने आज इतना भयानक रुप धारण कर लिया है कि समाज का प्रत्येक वर्ग इसके कारण दुखी है इसकी भयानकता का प्रमाण प्रतिदिन हो रही घटनाओं में साक्षात नजर आ रहा है। आज सोना 77350 रुपए और चांदी 90297 हो चूका है। गरीब लोग कहाँ से जेवर देंगें। सरकार को सख्त कानून बनाना होगा तभी यह आभिशाप मिट सकता है। दहेज उन्मूलन के लिए प्रतिवर्ष लाखों रुपया खर्च किया जाता है सैमीनार लगाए जातें है रैलियां निकाली जाती है नारे लिखे जाते है, मगर नतीजा कुछ नहीं निकलता। जो जनता के मसीहा ऐसे कानून बनाते है वही लोग इसका सरासर उल्लघन करते हैं। बेशक देश में दहेज के खिलाफ ढेरों कड़े कानून बनाए है मगर यह कानून फाईलों की धूल चाट रहे हैं। पिछले बीते दस सालों के यह आंकडे बहुत ही खौफनाक तस्वीर प्रस्तुत कर रहे हैं। आज बेटियों को जलाया जा रहा है यातनाएं दी जा रही हैं ऐसे कई रुह कंपा देने वाले मामले हर रोज देखने को मिल रहे हैं। गरीब घरों की बेटियां चारदीवारी के अन्दर ही अन्दर घूटती रहती है उनकी सिसकियां देखने वाला कोई नहीं है क्योकि उन्हे डर होता है कि यदि विरोध किया तो न घर की रहेगी न घाट की रहेगी इसलिए चुपचाप नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

महाभारत में कहा गया है - चाहे किसी भी प्रकार की हानि क्यों न की गई हो मनुष्य को क्षमा कर देना चाहिए। ऐसा कहा गया है कि मनुष्य की क्षमाशीलता के कारण ही जीव-जाति का अस्तित्व निरंतर बना हुआ है। क्षमा पवित्रता है, क्षमा के कारण ही सृष्टि टिकी हुई है।

# नकारात्मक भावनाओं पर विजय प्राप्त करना



श्री श्री परमहंस योगानंद

यदि यह उस समय काम न भी करे, तो भी वह व्यक्ति यह कभी नहीं भूलेगा कि जब उसने आपको थप्पड़ मारा, तो बदले में आपने उसे प्रेम दिया। वह प्रेम सच्चा होना चाहिए; जब प्रेम हृदय से आता है, तो यह जादुई होता है। आप परिणामों की ओर ध्यान न दें; भले ही आपका प्रेम ठुकरा भी दिया जाए, उस पर ध्यान न दें। प्रेम दें और भूल जाएँ। बदले में कोई आशा न करें; तब आप चमत्कारिक परिणाम देखेंगे। कुछ धर्मग्रन्थों के भगवान बदला लेने वाले देवता हैं, जो हमें दण्ड देने के लिए सदा तत्पर रहते हैं। परन्तु जीसस ने हमें भगवान् का वास्तविक स्वभाव दिखाया है।... उन्होंने अपने शत्रुओं को स्वर्गदूतों की बारह सैन्य पलटन से नष्ट नहीं किया, अपितु दिव्य प्रेम की शक्ति से बुराई पर विजय प्राप्त की। उनके कार्यों ने भगवान् के श्रेष्ठतम प्रेम का प्रदर्शन किया, और उन लोगों के व्यवहार को दिखाया जो भगवान के साथ एक हैं। महाभारत में कहा गया है: चाहे किसी भी प्रकार की हानि क्यों न की गयी हो मनुष्य को क्षमा कर देना चाहिए। ऐसा कहा गया है कि मनुष्य की क्षमाशीलता के कारण ही जीव-जाति का अस्तित्व निरन्तर बना हुआ है। क्षमा पवित्रता है; क्षमा के कारण ही सृष्टि टिकी हुई है। क्षमा ही शक्तिमानों की शक्ति है; क्षमा ही त्याग है; क्षमा ही मन की शान्ति है। क्षमा और सौम्यता आत्म-संयमी व्यक्तियों के गुण हैं।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

ताल ठोकते दीखते, सारे दल मैदान।
खेल देखती है सदा, जनता बैठ मचान।।

सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

## अर्थ की बात

# उत्सवमय संस्कृति के भारत में मंदी टिकेगी नहीं



शशांक भारद्वाज



भारतीय शेयर मार्केट के मनोभाव में अब एक नया परिवर्तन आया है। अब मार्केट नकारात्मक समाचारों,आंकड़ों को पचा तेज होने में सफल हो रहा है। नहीं तो पिछले सप्ताह गुरुवार को एफआईआई की नकद संभाग में 11756 करोड़ रुपए की भारी भरकम बिकवाली के बाद अगले दिन निफ्टी में 214 अंकों की तेजी नहीं आती,वो भी तब जब इस दिन भी एफआईआई ने नकद संभाग में फिर 4383 करोड़ रुपए के शेयर बेचे ही।यह भारतीय शेयर मार्केट एक बड़ा शक्ति प्रदर्शन था,एक शक्तिशाली संदेश था। अडानी समूह पर आरोप,महाराष्ट्र में सरकार गठन में विलंब,ऊंची मुद्रास्फीति आदि कारकों को भी मार्केट पचाता सा ही दिख रहा है। गिफ्ट निफ्टी पर भरोसा करें तो ,भारत की वित्तीय वर्ष 2024 25 की दूसरी तिमाही की जीडीपी के धीमा हो 5.4 प्रतिशत आने को भी यह आत्मसात करता दिख रहा है, क्योंकि निफ्टी की 24131 की तुलना में गिफ्ट निफ्टी 24395 पर तेज बंद हुआ है।

यदि सोमवार को गिफ्ट निफ्टी की तेजी निफ्टी में भी दिखती है तो फिर यह मार्केट में अच्छी तेजी का आधार बना सकता है। चूंकि मार्केट में पिछले कुछ महीनों में अच्छी गिरावट दिखी थी, अतः विभिन्न उछालों पर उसका शक्ति का परीक्षण होगा। 24500 के ऊपर निफ्टी बंद होने पर एक अच्छी तेजी का तकनीकी संकेत मिल सकता है। भारतीय अर्थव्यवस्था में अब मंदी अधिक समय तक टिक नहीं सकती है। एक तो हमारी उत्सवमय संस्कृति है जो अर्थव्यवस्था को भी सतत गतिशील रखती है, साथ ही देश में समृद्धि, संपन्नता का आगमन तथा विस्तार, दोनों हो रहा है। वाहन उद्योग में मंदी थी परंतु अक्टूबर में त्यौहार थे, विक्रय 32 प्रतिशत बढ़ गया। इसमें भी 55 प्रतिशत दोपहिया वाहन तथा 39 प्रतिशत कारें ग्रामीण क्षेत्रों में बिकी जो समृद्धि के विस्तार का द्योतक है। इस बार खाद्यान्न उत्पादन का भी नया कीर्तिमान बनेगा जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और भी शक्तिशाली बनाएगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था का शक्तिशाली होते जाना भारत, भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बहुत अच्छा है।

इसे अर्थव्यवस्था का रिस्क भी कम होता है। किसी भी अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य का एक बड़ा संकेत गृह निर्माण क्षेत्र होता है। गृह निर्माण क्षेत्र में मांग में वृद्धि है। ट्रंप की नीतियों, चीन के साथ व्यापार युद्ध से भारत को लाभ मिलने की संभावना है। बजट को लेकर बहुत आशाएं हैं। शेयर मार्केट में बजट पूर्व क्रय भी आरंभ हो सकता है। एक उल्लेखनीय बात और हुई है। एफआईआई की बड़े विक्रय के बाद भी बढ़ने तथा घटने वाले शेयरों का अनुपात सकारात्मक ही रहा है। यह, बड़े उच्च वित्तीय क्षमता तथा छोटे ,दोनों घरेलू निवेशकों के मार्केट में पुनः अच्छी शक्ति के साथ प्रवेश का संकेत है। लगता है घरेलू निवेशक ये मान कर चल रहें हैं कि विदेशियों के पास जो शेयर हैं, उन्हें बेचना है तो बेचे, हम तो अपनी रुचि के शेयरों में क्रय करेंगे। इसलिए बहुत से ऐसे शेयरों में अच्छी तेजी देखी गई है। यह क्रम बना रह सकता है। जनवरी से मार्च तक इंश्योरेंस कंपनियों, म्यूचुअल फंड के पास भी अतिरिक्त अच्छी राशि आती है जिसका एक बड़ा भाग शेयर मार्केट में निवेशित होता है।

एफआईआई की भी बिकवाली मासिक आधार पर थोड़ी ढीली पड़ी है। नवंबर में उन्होंने नकद संभाग में 45974 करोड़ रूपए का विक्रय किया जबकि अक्टूबर में यह 114445 करोड़ रूपए था। घरेलू संस्थागत निवेशकों ने नकद संभाग में नवंबर में 44483 करोड़ रूपए के शेयर क्रय किए। अमेरिकी शेयर मार्केट तो ऐतिहासिक ऊंचाई बना रहें हैं। डाउ ने 45071 का नया स्तर बनाया। अमेरिकी मार्केट की तेजी अन्य वैश्विक मार्केट का मनोभाव भी अच्छा ही रखती है। युद्धों में भी ठंडक आने की संभावना बन रही। यूक्रेन ने भी युद्ध विराम, समझौते की बात कही है। यह संपूर्ण वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा होगा।

मोदी सरकार भी महाराष्ट्र में बड़ी तथा निर्णायक बढ़त के पश्चात आर्थिक गतिविधियों एवं आधारभूत परियोजनाएं पर अधिक सक्रिय होंगी। क्रूड भी 73 डॉलर प्रति बैरल के संतोषजनक स्तर पर है। रुपए में गिरावट एक नकारात्मक कारक है परंतु इसके कई क्षेत्रों को लाभ भी होते हैं। थोड़ी प्रतीक्षा करें,यदि मार्केट अगले कुछ दिन मंदे नहीं होते हैं तो फिर अच्छे मूल्यांकन पर उपलब्ध शेयरों में आक्रामक क्रय भी किया जा सकता है। भारतीय संस्कृति कैसे अर्थव्यवस्था को गतिशील रखती है, इस पर तो पूरे विश्व में एक व्यापक अध्ययन तथा अनुसरण होना चाहिए। **(ये लेखक के नीजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम दहेज प्रथा पर प्रहार और सामाजिक समता का प्रतीक : मुख्यमंत्री योगी

**एजेंसी। गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग की तरफ से होने वाला मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम एक तरफ सामाजिक समता का प्रतीक हैं तो वहीं दूसरी तरफ यह समाज की बड़ी विकृति दहेज प्रथा पर प्रहार भी है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जाति, मत, मजहब, क्षेत्र, भाषा का कोई बंधन नहीं है। हिंदू, मुस्लिम या अन्य मतावलंबी, सभी अपनी-अपनी परंपरा के अनुरूप विवाह के पवित्र बंधन में जुड़ रहे हैं। साथ ही यह कार्यक्रम दहेज, बाल विवाह और अस्पृश्यता के खिलाफ सरकार द्वारा शुरू की गई एक लड़ाई और अभियान भी है। सीएम योगी रविवार को हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (खाद कारखाना) के परिसर में 1,200 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कई बार दहेज के कारण योग्य कन्याएं विवाह बंधन से नहीं जुड़ पाती थीं, ऐसे में सामूहिक विवाह कार्यक्रम से जुड़ने वाले सभी युवक-युवतियों ने दहेज के खिलाफ समाज में आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर्ष 2017 से अब तक सात साल में 3 लाख 84 हजार शादियां करा चुकी है।



# महाराष्ट्र में महायुति सरकार का 5 को होगा शपथ ग्रहण समारोह

## पीएम मोदी समेत तमाम नेता लेंगे हिस्सा, आजाद मैदान में होगा कार्यक्रम



**एजेंसी। नई दिल्ली**

महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री को लेकर जारी सस्पेंस के बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने ऐलान किया है कि नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 5 दिसंबर को होगा। चंद्रशेखर बावनकुले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए बताया, महाराष्ट्र में महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार, 5 दिसंबर, 2024 को शाम 5 बजे मुंबई के आजाद मैदान में होगा। प्रधानमंत्री मोदी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है, जब कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे महायुति के सहयोगियों के साथ बैठक रद्द करके के बाद अपने गांव में मौजूद हैं। राज्य के अगले सीएम के चयन को लेकर एकनाथ शिंदे, भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस और एनसीपी नेता अजित पवार ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की थी लेकिन तस्वीर अभी तक साफ नहीं हो पाई है। इस शपथ ग्रहण समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन के शीर्ष नेता और भाजपा शासित राज्यों के तमाम मुख्यमंत्रियों के शामिल होने की संभावना है। इस बीच प्रशासन ने नई सरकार के गठन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। राज्य विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 से 24 दिसंबर तक होने की संभावना है। बीते दिनों महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा, मैंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की है। मैंने उनसे कहा कि सरकार बनाने में हमारी तरफ से कोई अड़चन नहीं है। आप निर्णय लीजिए, भाजपा जो निर्णय लेगी, उस निर्णय की तामिल हो जाएगी।

> राज्य विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 से 24 दिसंबर तक होने की संभावना है।

### प्रधानमंत्री और अमित शाह जो कहेंगे उसे हमारा पूरा समर्थन है: एकनाथ शिंदे



मैं आज आप सबको कहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मुख्यमंत्री पद के बारे में जो निर्णय लेंगे और भाजपा का जो उम्मीदवार होगा, उसको शिवसेना का पूरा समर्थन होगा। महाराष्ट्र में एनडीए की बड़ी जीत के बाद नागपुर में देवेंद्र फडणवीस को अगला सीएम बनाए जाने के पोस्टर लगे थे। वहीं इससे पहले बारामती में कुछ पोस्टर्स में प्रदेश के अगले सीएम के तौर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष अजित पवार को दिखाया गया था। वहीं शिवसेना के नेता और कार्यकर्ता एकनाथ शिंदे को दोबारा मुख्यमंत्री बनाए जाने की मांग कर रहे हैं। ऐसे में महायुति में सीएम पद को लेकर अभी भी सस्पेंस बरकरार है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन को प्रचंड बहुमत मिला है। महायुति में शामिल भाजपा ने 132, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने 41 सीटों पर जीत हासिल की है।

### सीएम चयन को लेकर महायुति में कोई खींचतान नहीं : बृजभूषण शरण सिंह



**गोंडा।** महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री को लेकर जारी सस्पेंस के बीच भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह ने बड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सीएम चयन को लेकर महायुति में कोई खींचतान नहीं है। सबकुछ तय है और मुझे उम्मीद है कि जल्द ही फैसला कर लिया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी और हमारे जो सहयोगी दल हैं, उनसे बातचीत जारी है, ऐसे में जल्द तस्वीर साफ होने की उम्मीद है।

### राजेंद्र ने राजस्थान सरकार के धर्मांतरण विरोधी बिल का किया स्वागत

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और पूर्व चिकित्सा मंत्री राजेंद्र सिंह राठौड़ ने राजस्थान सरकार द्वारा लाए जा रहे द राजस्थान प्रोहिबिशन ऑफ अनलॉफुल कन्वर्जन के बिल का स्वागत किया। उन्होंने कहा, पिछले कई दिनों से देशभर में धर्मांतरण और लव जिहाद से जुड़े मामले प्रकाश में आए हैं। यह सांप्रदायिक सद्भाव को कायम करने वाला काम होगा। उन्होंने आगे कहा, इसके अलावा, सरकार की तरफ से इस संबंध में कई नीतियां भी जारी की गई हैं। आमतौर पर इस तरह की नीतियां वो सरकार जारी करती है, जो पारदर्शी तरीके से शासन को चलाने में विश्वास रखती है। इस बीच, उन्होंने प्रदेश की औद्योगिक गतिविधियों पर भी विशेष बल दिया।

### अमेठी में खाद न मिलने से किसान परेशान

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी में खाद नहीं मिलने से किसान परेशान हैं। किसानों का कहना है कि घंटों लाइन में लगे रहने के बावजूद उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है। अमेठी में किसान अशोक यादव ने बताया कि सुबह छह बजे से ही वो लाइन में लगे हैं। टोकन मिल चुका है। लेकिन, टोकन नंबर बहुत ज्यादा है। ऐसे में आज भी खाद मिलने की संभावना न के बराबर ही नजर आती है। किसान ने बताया कि वो इससे पहले भी कई बार खाद के लिए इसी तरह की लाइनों में लग चुके हैं। लेकिन, जब उनकी बारी आती है, तब तक खाद खत्म हो चुका होता है। एक किसान ने बताया कि जितनी उन्हें खाद चाहिए, उससे कम खाद मिल रही है। इससे उन्हें खेती बाड़ी करने में परेशानी होगी। अधिकारियों की तरफ से बेशक यह दावा किया जा रहा हो कि किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद मिल रही है।

# उत्तम नगर से विधायक नरेश बालियान को दो दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने रविवार को वसूली मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के उत्तम नगर से विधायक नरेश बालियान को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। दिल्ली पुलिस ने नरेश बालियान को 30 नवंबर की रात में गिरफ्तार किया था। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने आज नरेश बालियान को ड्यूटी जज के पास पेश करके पांच दिन की हिरासत मांगी। इससे पहले भाजपा ने गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू और नरेश बालियान की एक ऑडियो क्लिप जारी करके वसूली का आरोप लगाया था। इसी के बाद दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नरेश बालियान को पूछताछ के लिए बुलाया था। करीब तीन घंटे की पूछताछ के बाद नरेश बालियान को गिरफ्तार कर लिया गया था। दिल्ली पुलिस के मुताबिक नरेश नरेश बालियान और गैंगस्टर के बीच यह बातचीत वर्ष 2023 में हुई थी और तभी एफआईआर दर्ज कराई गई थी। कपिल सांगवान एक कुख्यात गैंगस्टर है, जो पिछले पांच वर्षों से ब्रिटेन में रह रहा है। कपिल सांगवान और नरेश बालियान दिल्ली के नजफगढ़ के रहने वाले हैं। कपिल सांगवान हरियाणा के नफे सिंह हत्याकांड का भी मास्टरमाइंड है। कपिल सांगवान पर बल्लू पहलवान और भाजपा नेता सुरेंद्र मटियाला की हत्या का भी मास्टरमाइंड माना जाता है। नरेश बालियान 2015 से उत्तम नगर विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के विधायक हैं।

### अरविंद केजरीवाल ने अपने ऊपर खुद कराया हमला : वीरेंद्र सचदेवा



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश बाल्यान की गिरफ्तारी पर दिल्ली में सियासत तेज हो गई है। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने नरेश बाल्यान की गिरफ्तारी पर कहा कि अगर आप आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होंगे, रंगदारी करेंगे, फिरौती मांगेंगे तो कानून अपना काम करेगा। ऐसा पहली बार हो रहा है कि लोकतंत्र में एक आदमी जो जनता के वोटों से जीतकर आता है, वही जनता को लूटने का प्रबंध करवा रहा है। यह बहुत शर्मनाक बात है, हमने दिल्ली में ऐसी चीज होती नहीं देखी। अब कानून अपना काम कर रहा है।

### नरेश बाल्यान की गिरफ्तारी पर क्यों चुप हैं केजरीवाल : कपिल मिश्रा



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल मिश्रा ने रविवार को अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नरेश बाल्यान की गिरफ्तारी पर केजरीवाल चुप क्यों हैं। ऐसा लग रहा है कि जैसे रंगे हाथों कोई चोर पकड़ा गया है। आम आदमी पार्टी का अपराधियों के साथ कनेक्शन कोई पहली बार नहीं है। नरेश बाल्यान के साथ-साथ नरेश यादव को भी कोर्ट से सजा मिली है। आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश यादव को पंजाब की कोर्ट ने दो साल की सजा सुनाई है। कपिल मिश्रा ने आगे कहा, आम आदमी पार्टी के नेताओं को लगातार पकड़ा जा रहा है। नरेश बाल्यान जिस अपराधी से बात कर रहा था, वह एक डॉन है और दिल्ली में भाजपा के नेता की हत्या का उसके ऊपर मामला चल रहा है।

# केजरीवाल पर कोई हमला नहीं हुआ आक्रोशित बस मार्शल ने पानी फेंका



भाजपा नेता ने अरविंद केजरीवाल पर हुए हमले पर कहा, यह हमला नहीं है, बल्कि किसी ने पानी फेंका है, जिसकी आंखों में आंसू थे और वो रो रहा था। दिल्ली में 10,000 बस मार्शल रो रहे हैं, लेकिन वह उसको आतंकवादी साबित करना चाह रहे हैं। जिसके दिल में दर्द था, जिसकी तनख्वाह नहीं आई और उसे नौकरी से भी निकाल दिया। इसलिए उसने गुस्से में पानी फेंका है। उन्होंने कहा, लोगों के घरों में गंदा पानी आ रहा है और उन पर यह हमला नहीं था, बल्कि लोगों का आक्रोश था।

### अरविंद पर बस मार्शल ने गंदा पानी फेंका

उन्होंने अरविंद केजरीवाल पर हुए हमले पर भी बयान दिया। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि वह बस मार्शल था, जिससे उन्होंने खुद पर अटैक कराया है। वह कोई अटैक नहीं था। अटैक तो इन लोगों ने बनाया, क्योंकि इनको नौटंकी करनी है। वह आदमी गंदा पानी लेकर आया था। अगर गंदे पानी की चार बूंदे उछलकर केजरीवाल पर आ गई, तो उन्हें अब पानी से भी डर लगता है। उनको यह मालूम होना चाहिए कि इस गंदे पानी को दिल्ली की जनता पी रही है। अगर उनके कपड़ो पर पानी आ जाता है तो उन्हें यह एसिड दिखाई देता है। अब आप समझ लीजिए आम आदमी पार्टी का चरित्र कैसा है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच न्यायिक आयोग ने घटनास्थल और मस्जिद का किया निरीक्षण

**एजेंसी। संभल**

24 नवंबर को हुई हिंसा की जांच के लिए न्यायिक आयोग रविवार को संभल पहुंचा। आयोग ने संभल के जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) के साथ हिंसा वाले घटनास्थल का निरीक्षण किया और वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग शाही जामा मस्जिद पहुंचा और वहां के मौजूदा हालात का भी निरीक्षण किया। मुरादाबाद के कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह ने जानकारी साझा करते हुए बताया, उत्तर प्रदेश शासन की ओर से गठित किए गए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने संभल का दौरा किया। घटनास्थल का निरीक्षण करते वक्त उन्होंने वहां मौजूद लोगों से बात की। यह सर्वेक्षण उस याचिका से जुड़ा था, जिसमें दावा किया गया था कि मस्जिद स्थल पर कभी हरिहर मंदिर हुआ करता था। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने संभल में पिछले दिनों हुई हिंसा की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। आयोग के गठन का आदेश उत्तर प्रदेश के गृह विभाग द्वारा जारी किया गया था। आयोग को दो महीने के भीतर अपनी जांच पूरी करने का निर्देश दिया गया है। हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज देवेंद्र कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में आयोग को मामले की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। आयोग के दो अन्य सदस्य सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अमित मोहन प्रसाद और पूर्व आईपीएस अधिकारी अरविंद कुमार जैन हैं।



### टीपू सुल्तान के जुलूस को लेकर हुई हिंसा के बाद हालात तनावपूर्ण

**बुलढाना।** महाराष्ट्र के बुलढाना जिले के धाड़ गांव में शनिवार को टीपू सुल्तान के जुलूस को लेकर हुई हिंसा के बाद हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। शनिवार दोपहर एक पक्ष द्वारा टीपू सुल्तान के जुलूस के दौरान नारेबाजी की जा रही थी, इस पर दूसरे पक्ष के कुछ लोगों ने आपत्ति जताई। इसके बाद दोनों समुदायों के बीच कहासुनी हुई, जो कुछ समय के लिए शांत हो गई, लेकिन शाम को पटाखे फोड़ने को लेकर विवाद फिर से बढ़ गया। शनिवार की रात यह हिंसा और गंभीर हो गई। इसमें दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जमकर पथराव किया और गाड़ियों और दुकानों में आग लगा दी।

### संभल हादसे का जिक्र कर महबूबा बोलीं बांग्लादेश और हममें कोई फर्क नहीं



**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने रविवार को संभल हिंसा को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह लोग हमारी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के बजाय हर मस्जिद में मंदिर ढूंढने का प्रयास कर रहे हैं। संभल हादसे का जिक्र करते हुए महबूबा ने कहा, जिन लोगों का इस मामले से कोई लेना देना नहीं था, उन्हें भी अपनी जान गंवानी पड़ी। यह लोग किसी से बात नहीं करना चाहते हैं। जो कोई भी इनसे बात करने की कोशिश करता है, उसे सलाखों के पीछे डाल दिया जाता है, जैसे उमर खालिद को जेल में डाल दिया गया। वो चार सालों जेल में है। आज कल कहीं पर जनता की बात नहीं सुनी जा रही है। अजमेर शरीफ दरगाह को लेकर भी महबूबा मुफ्ती ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यहां हिंदू-मुस्लिम सभी धर्मों के लोग जाते हैं। अजमेर शरीफ भाई चारा और गंगा जमुनी तहजीब की निशानी है। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले का जिक्र कर कहा कि वहां हमारे हिंदू भाइयों के साथ ज्यादती हो रही है और यहां पर भी हम अल्पसंख्यकों के साथ अत्याचार कर रहे हैं, तो हममें और उनमें फर्क रहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि अगर हम भारत में अल्पसंख्यकों को परेशान करेंगे। उनकी मस्जिदों में जाकर मंदिर ढूंढेंगे तो ऐसी स्थिति में बांग्लादेश और हमारे बीच में क्या फर्क रह जाएगा।

# महाकुंभ के लिए निर्धारित लक्ष्य को समय से पूरा करने में जुटी पीडब्ल्यूडी टीम

**एजेंसी। प्रयागराज**

13 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयागराज आगमन से पूर्व महाकुंभ 2025 की तैयारियों को पूरा करने के लिए युद्धस्तर पर काम किया जा रहा है। पीडब्ल्यूडी ने भी अपनी रफ्तार बढ़ा दी है और पांटून पुलों के साथ-साथ सड़कों के रेनोवेशन के काम में भी तेजी देखने को मिल रही है। अब तक लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से 27 रोड्स का रिन्यूअल किया जा चुका है। जबकि, बाकी रोड्स के रिन्यूअल का काम 10 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी तरह 17 रोड्स के सौंदर्यीकरण का कार्य भी 5 दिसंबर तक पूरा होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि पीडब्ल्यूडी के पास कुल 89 परियोजनाएं हैं, जिसमें से करीब 60 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि शेष 10 दिसंबर तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य है। पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर एके. द्विवेदी ने बताया कि पीडब्ल्यूडी को कुल 92 रोड्स का रिन्यूअल करने का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें विभाग की ओर से अब तक 27 रोड्स का रिन्यूअल किया जा चुका है। शेष रोड्स का रिन्यूअल भी पीएम मोदी के आगमन से पूर्व 10 दिसंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। सभी कार्य निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप चल रहे हैं और सभी तरह के रॉ-मैटेरियल की सप्लाई साइट्स पर पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में 488 किमी. चेकर्ड प्लेट्स बिछाने के लिए सप्लाई पूरी हो चुकी है। रेत की वजह से थोड़ी समस्या आ रही है, लेकिन इसे भी समय पर पूरा कर लिया जाएगा। कोई भी काम निर्धारित लक्ष्य से पीछे नहीं चल रहा है, बल्कि पूरी तैयारी है कि लक्ष्य से पहले ही कार्य को फाइनल कर लिया जाए।



### पीडब्ल्यूडी को 17 सड़क सुंदरीकरण की जिम्मेदारी

उन्होंने बताया कि पीडब्ल्यूडी को 17 रोड्स के ब्यूटीफिकेशन की जिम्मेदारी दी गई थी, जिसको पूर्ण करने का लक्ष्य 10 दिसंबर दिया गया था। हालांकि, पीडब्ल्यूडी समय से पूर्व ही यानी 5 दिसंबर तक कार्य पूरा कर लेगा। इसके अतिरिक्त एयरपोर्ट रोड, रसूलाबाद घाट रोड, फाफामऊ-सहसो रोड का कार्य भी समाप्ति की ओर है, जबकि 15 जंक्शंस भी कंप्लीट हो रहे हैं। पीडब्ल्यूडी के पास मेला क्षेत्र की 6 परियोजनाएं हैं, जो कि 10 दिसंबर तक पूर्ण कर ली जाएंगी। वहीं, मेला क्षेत्र के बाहर की 83 परियोजनाएं हैं, जिनमें अधिकांश पूरी हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि हम रिव्यू कर रहे हैं कि इनमें से कितनी परियोजनाओं को पीएम मोदी द्वारा लोकार्पित कराना है। जल्द ही इसका निर्णय ले लिया जाएगा।

### बिहार के बक्सर जिले में मिट्टी के ढेर में दबकर चार बच्चियों की मौत



**बक्सर।** बिहार के बक्सर जिले से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। रविवार को राजपुर थाना क्षेत्र स्थित सरेंजा राजकीय बुनियादी विद्यालय के पास मिट्टी के टीले में पांच बच्चियां मिट्टी खोद रही थीं। इसी दौरान टीला भरभरा कर गिर पड़ा और बच्चियां दब गईं। इस हादसे में चार बच्चियों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल बच्ची का फिलहाल इलाज जारी है। सरेंजा बुनियादी विद्यालय के पास पुराने मिट्टी के टीले में मिट्टी खोदने के लिए पांच बच्चियां गई थीं। ये बच्चियां पीढ़ी पर्व की तैयारी के लिए घर में सफाई और लिपाई-पुताई के लिए मिट्टी लेने गई थीं। जब वे टीले के पास मिट्टी खोद रही थीं, तभी अचानक टीला भरभरा कर गिर पड़ा और सभी बच्चियां इसके नीचे दब गईं। मिट्टी के ढेर में दबने के बाद आसपास खेल रहे बच्चों ने शोर मचाया, इसके बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और मलबा हटाने की कोशिश की। मृतक बच्चियों में नयनतारा कुमारी (11 वर्ष), शालिनी कुमारी (8 वर्ष), शिवानी कुमारी (6 वर्ष), और संजू कुमारी (11 वर्ष) शामिल हैं। जबकि घायल बच्ची की पहचान करिश्मा कुमारी (10 वर्ष) के रूप में हुई है। इस घटना के बाद मृतक बच्चियों के परिवारों में मातम का माहौल है, उनका रो-रो कर बुरा हाल है।

## सैयद मोदी इंटरनेशनल

# पीवी सिंधु ने जुलाई 2022 के बाद पहला खिताब जीता

### ट्रीसा-गायत्री के नाम महिला युगल खिताब



**एजेंसी । लखनऊ**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता शटलर पीवी सिंधु ने रविवार को सैयद मोदी इंटरनेशनल महिला एकल फाइनल में चीन की वू लुओ यू को हराकर दो साल से अधिक समय के बाद अपना पहला खिताब जीता। 2024 की शुरुआत से संघर्ष कर रही सिंधु ने 47 मिनट तक चले मुकाबले में अपनी प्रतिद्वंद्वी को 21-14, 21-16 से हराकर तीसरी टूर्नामेंट ट्रॉफी अपने नाम की। उन्होंने इससे पहले 2017 और 2022 में यह टूर्नामेंट जीता था। पूर्व विश्व चैंपियन ने आखिरी बार जुलाई 2022 में सिंगापुर ओपन में खिताब जीता था। चल रहे 2024 सत्र में, उन्होंने लखनऊ में अपना खिताबी सूखा खत्म करने से पहले केवल मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 फाइनल में भाग लिया था। महिला युगल में, ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की भारतीय जोड़ी ने अपना पहला सुपर 300 खिताब जीतकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि का जश्न मनाया। उन्होंने चीन की बाओ ली जिंग और ली कियान पर 21-18, 21-11 से शानदार जीत हासिल की, जिससे वे इस टूर्नामेंट को जीतने वाली पहली भारतीय महिला युगल टीम बन गईं। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता ट्रीसा और गायत्री, जो 2022 संस्करण में उपविजेता रहीं, इस साल एक कदम और आगे निकल गईं।

## आईसीसी के नए अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के बाद बोले-

# टेस्ट क्रिकेट सर्वोच्च है, हर हाल में ये प्रतिष्ठा बनाये रखूंगा : जय शाह

**एजेंसी । दुबई**

एक दिसंबर को आईसीसी के नए अध्यक्ष के रूप में अपने कार्यकाल की शुरुआत करने वाले से जय शाह ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट सर्वोच्च है और उसकी प्रतिष्ठा को बनाये रखने के लिए वह हरसंभव कार्य करेंगे। जय शाह ने कार्यभार संभालने के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा, '' टेस्ट क्रिकेट खेल में सर्वोच्च है और मैं इसकी प्रतिष्ठा बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध हूं और इसे प्रशंसकों तक ले जाऊंगा। इसी तरह महिला क्रिकेट की हमारी आगे बढ़ने की रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि हम खेल को नयी ऊंचाइयों तक ले जाना चाहते हैं। नए अध्यक्ष ने साथ ही कहा,' मैं आईसीसी अध्यक्ष की भूमिका निभाने के लिए ख़ुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं और आईसीसी के निदेशकों और बोर्ड सदस्यों द्वारा मिले समर्थन और विश्वास के लिए भी आभारी हूं। हम मिलकर क्रिकेट को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जाएंगे, नयी पीढ़ी को प्रेरित करेंगे और अपने महान खेल क्रिकेट के जरिये समुदायों को एकजुट करेंगे। जय शाह ने कहा, "हम उस अहम मोड़ पर हैं जहां हमें विभिन्न प्रारूपों के सहस्तित्व को सुनिश्चित करना है और महिला क्रिकेट में तेज़ी लाना है। वैश्विक स्तर पर क्रिकेट में अपार संभावनाएं हैं और मैं आईसीसी टीम और सदस्यों देशों के साथ मिलकर क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए नए अवसरों को भुनाने की ओर देख रहा हूं। 36 वर्षीय शाह को इस पद के लिए निर्विरोध चुना गया था और वह इस पद पर आसीन होने वाले सबसे युवा आईसीसी अध्यक्ष हैं। आईसीसी अध्यक्ष बनने से पहले वह बीसीसीआई के सचिव की भूमिका निभा रहे थे।

### सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं



क्रिकेट प्रशासन में शाह का सफर 2009 में गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन से शुरू हुआ। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम के विकास की देखरेख की। 2019 में वह बीसीसीआई के सचिव बनते हुए उन्होंने इस पद को संभालने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति का ओहदा हासिल किया। उन्होंने एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष और आईसीसी की वित्त और अन्य कुछ मामलों की समिति के अध्यक्ष के रूप में भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। बीसीसीआई में अपने कार्यकाल के दौरान शाह ने रिकॉर्ड तोड़ आईपीएल मीडिया अधिकार डील, महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के निर्माण, बेंगलुरु में एक नए अत्याधुनिक उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना और उद्घाटन तथा टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना की देखरेख की। शाह ने कहा, "मैं पिछले चार वर्षों में ग्रेग बार्कले की भूमिका के लिए उनके नेतृत्व और उस अवधि के दौरान हासिल की गई उपलब्धियों के लिए उनका भी आभार व्यक्त करना चाहूंगा। मैं आईसीसी टीम और सदस्य देशों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं, ताकि वैश्विक स्तर पर खेल की पहुंच और विकास का विस्तार हो सके।

### आईसीसी बैठक में भी चैंपियंस ट्रॉफ़ी के आयोजन को लेकर नहीं बनी बात

ऑनलाइन आईसीसी बैठक के बावजूद चैंपियंस ट्रॉफ़ी के आयोजन पर अंतिम निर्णय नहीं हो सका। इस बीच, पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नक़वी दुबई में मौजूद थे और पाकिस्तान की अंडर-19 टीम की भारत पर जीत पर चर्चा कर रहे थे। सभी की निगाहें इस पर टिकी थीं कि पीसीबी, बीसीसीआई और आईसीसी अगले साल के टूर्नामेंट पर कोई सहमति बना पाएंगे या नहीं। जैसा कि उन्होंने गुरुवार सुबह कहा था, नक़वी ने टूर्नामेंट की मेज़बानी के लिए हाइब्रिड मॉडल को स्पष्ट रूप से खारिज नहीं किया। उन्होंने अपने पहले के बयान को ही दोहराया। दुबई में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, "हम वही करेंगे जो क्रिकेट के लिए सबसे अच्छा होगा। यदि हम कोई दूसरा फ़ॉर्मूला अपनाते हैं (पाकिस्तान में टूर्नामेंट की मेज़बानी छोड़कर), तो यह समानता के आधार पर होगा। पाकिस्तान के लिए सबसे अहम उसका सम्मान है, बाक़ी सभी चीज़ें इसके बाद आती हैं। इस तरह की व्यवस्था कैसी दिखेगी, यह अब भी अनिश्चित है।

## इंग्लिश बल्लेबाज जो रूट ने तोड़ा सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड



**क्राइस्टचर्च ।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने हेगले ओवल में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड की 8 विकेट की जीत के साथ टेस्ट क्रिकेट की चौथी पारी में सर्वाधिक रन बनाने के माम ले में भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। रूट ने अपनी 22 रन की तेज पारी के दौरान चौथी पारी में तेंदुलकर के 1,625 रनों के आंकड़े को पार किया, जिससे इंग्लैंड ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की। वर्तमान में उनके नाम टेस्ट मैचों की चौथी पारी में बनाए गए 1,630 रन हैं। पिछले महीने रूट जिनके नाम 12, 777 रन हैं, पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने थे।

## इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में न्यूज़ीलैंड को आठ विकेट से पराजित किया



**क्राइस्टचर्च ।** जैकब बेथेल के डेब्यू पर नाबाद अर्धशतक और उसके बाद ब्रायडन कार्स (6-42) के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड ने रविवार को हेगले ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के चौथे दिन आठ विकेट से जीत दर्ज की। इंग्लैंड की आठ विकेट की जीत ने उन्हें तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त दिलाने में मदद की और उनके विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग पॉइंट प्रतिशत को 43.75 तक सुधारा। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड ने अपने पॉइंट प्रतिशत को 50 प्रतिशत तक गिरा दिया और उनके डब्ल्यूटीसी फाइनल क्वालीफिकेशन की संभावनाओं को भारी झटका लगा।

## पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर इयान रेडपाथ का 83 वर्ष की आयु में निधन



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट सलामी बल्लेबाज इयान रेडपाथ का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। रेडपाथ 1960 और 1970 के दशक में ऑस्ट्रेलियाई टीम का नियमित हिस्सा थे और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम के सदस्य भी थे। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बीच ऑस्ट्रेलिया में शोक की लहर दौड़ गई है। जिलॉन्ग के रहने वाले रेडपाथ ने 66 टेस्ट मैच खेले और 43.45 की औसत से 4737 रन बनाए, जिसमें 8 शतक और 31 अर्धशतक शामिल हैं।

## लाबुशेन को अपने खराब फॉर्म को सुधारने का तरीका खोजना होगा



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को वास्तव में अपने खराब फॉर्म को सुधारने का तरीका खोजना होगा। लाबुशेन ने पहले टेस्ट में सिर्फ दो और तीन रन बनाए, जिससे ऑस्ट्रेलिया को पर्थ में भारत के खिलाफ 295 रनों से हार का सामना करना पड़ा। लाबुशेन, जो कभी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर थे, ने इस साल जनवरी की शुरुआत में पाकिस्तान के खिलाफ दो अर्धशतक लगाने के बाद अपने पांच टेस्ट मैचों में 13.66 का औसत बनाया है।

# हर्षित की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलियाई पीएम 11 को 240 रन पर दी पटखनी

**एजेंसी । कैनबरा**

तेज गेंदबाजी आलराउंडर हर्षित राणा के (4-44) के खतरनाक स्पैल की बदौलत भारत ने रविवार को मनुका ओवल में पिंक बॉल से खेले गए अभ्यास मैच में आस्ट्रेलियाई पीएम 11 को 43.2 ओवर में 240 रन पर आउट कर दिया। बारिश के कारण दो दिवसीय पिंक बॉल मैच का पहला दिन धुल जाने के बाद, भारत ने 50 ओवरों के सीमित मुकाबले में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टस ने 90 गेंदों में शतक जड़कर चमक बिखेरी, जिससे ऑस्ट्रेलिया के खराब फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन और नए सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी पर दबाव बढ़ गया, जिन्होंने पर्थ में डेब्यू पर कुछ खास नहीं किया। लेकिन राणा ने छह गेंदों में चार विकेट लेकर सुनिश्चित किया कि भारत पीएम 11 को 250 के स्कोर से 10 रन नीचे रखे। सलामी बल्लेबाज मैथ्यू रेनशॉ सिर्फ पांच रन बनाकर मोहम्मद सिराज की गेंद पर दूसरी स्लिप में आउट हो गए, और इसके बाद जेडन गुडविन ने आकाश दीप की गेंद पर विकेट के पीछे कीपर को कैच थमा दिया, जिससे पीएम 11 का स्कोर 5.5 ओवर में 22/2 हो गया। बारिश के कारण मैच 46-ओवर का हो गया। लेकिन कोंस्टस अपने शानदार स्ट्रोक-प्ले में दमदार दिखे।

कुल मिलाकर, उन्होंने 97 गेंदों पर 107 रन बनाए जिसमें 14 चौके और एक छक्का शामिल था और उनका स्ट्राइक रेट 110.3 था, जबकि जैक क्लेटन (40) के साथ 109 रनों की साझेदारी की। लेकिन राणा ने क्लेटन, ओली डेविस, जैक एडवर्ड्स और सैम हार्पर को आउट करके भारत को मैच में वापस ला दिया और पीएम इलेवन का स्कोर 138/7 पर पहुंचा दिया। कोंस्टस को हनो जैकब्स के रूप में एक अच्छा साथी मिला और दोनों ने आठवें विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी की। शतक बनाने के बाद, कोंस्टस अंततः आकाश दीप की गेंद पर डीप में कैच आउट हो गए, जबकि जैकब्स को वाशिंगटन सुंदर ने 61 रन पर आउट कर पीएम 11 की पारी समाप्त कर दी।

> राणा ने क्लेटन, ओली डेविस, जैक एडवर्ड्स और सैम हार्पर को आउट करके भारत को मैच में वापस ला दिया






# मेलबर्न रेनेगेड्स ने पहली बार जीता महिला बिग बैश लीग खिताब

**एजेंसी । मेलबर्न**

मेलबर्न रेनेगेड्स ने रविवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बारिश से प्रभावित फाइनल में डीएलएस पद्धति के जरिए ब्रिसबेन हीट को सात रनों से हराकर अपना पहला महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) खिताब जीता है। इस जीत के साथ रेनेगेड्स का सबसे निचले पायदान से चैंपियन बनने का परीकथा जैसा सफर पूरा हुआ। प्लेयर ऑफ द मैच हेले मैथ्यूज ने 61 गेंदों पर 69 रनों की पारी खेली, जिससे रेनेगेड्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 141/9 का स्कोर बनाया, जिसके बाद जॉर्जिया वेयरहैम (21) और नाओमी स्टेलेनबर्ग (16) ने योगदान दिया, लेकिन 30 मिनट की बारिश के कारण हीट का लक्ष्य 12 ओवर में 98 रन रह गया। डब्ल्यूबीबीएल फाइनल में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने के बाद, हेले ने एक ओवर में दो विकेट चटकाए, जिससे हीट रन चेज के दौरान 37/5 पर लड़खड़ा गई, जिसमें ग्रेस हैरिस (0) और जेमिमा रोड्रिग्स (1) का विकेट भी जल्दी-जल्दी गिरना शामिल था। कप्तान जेस जोनासेन की 28 गेंदों पर नाबाद 44 रनों की पारी ने हीट को मुकाबले में बनाए रखा, लेकिन रेनेगेड्स ने पिछले साल अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर रहने के बाद अपना पहला डब्ल्यूबीबीएल खिताब जीतने के लिए संघर्ष किया।



## एलन मस्क ने ओपनएआई को लाभ-उन्मुख संगठन में बदलने से रोकने के लिए निषेधाज्ञा दायर की



**एजेंसी । नई दिल्ली**

एलन मस्क ने सैम ऑल्टमैन द्वारा संचालित ओपनएआई के खिलाफ कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी व्यवहार के लिए प्रारंभिक निषेधाज्ञा के लिए आवेदन किया है। रिपोर्ट के अनुसार, निषेधाज्ञा के लिए प्रस्ताव में ओपनएआई, इसके सीईओ सैम ऑल्टमैन, अध्यक्ष ग्रेग ब्रॉकमैन, माइक्रोसॉफ्ट, लिंक्डइन के सह-संस्थापक और ओपनएआई के पूर्व बोर्ड सदस्य रीड हॉफमैन और ओपनएआई के पूर्व बोर्ड सदस्य और माइक्रोसॉफ्ट के उपाध्यक्ष डी टेम्पलटन पर "विभिन्न अवैध गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया गया है और उन्हें रोकने का प्रयास किया गया है। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि आरोपों में निवेशकों को मस्क की अपनी एआई कंपनी, एक्सआई जैसे ओपनएआई प्रतिद्वंद्वियों का समर्थन करने से हतोत्साहित करना और माइक्रोसॉफ्ट के साथ ओपनएआई के संबंधों के माध्यम से "गलत तरीके से प्राप्त प्रतिस्पर्धी संवेदनशील जानकारी" से लाभ उठाना शामिल है।

# केंद्र सरकार के नए फैसले से अब होगा ईपीएफओ सदस्यों को 'अधिक रिटर्न'

**एजेंसी । नई दिल्ली**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी (सीबीटी) द्वारा सदस्यों की अधिक आय के लिए एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) के लिए रिडेम्पशन पॉलिसी को मंजूरी दे दी गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीबीटी ने ईटीएफ से प्राप्त 50 प्रतिशत राशि को केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) और भारत 22 सूचकांक में पुनः निवेश करने को मंजूरी दे दी है। नई नीति के अनुसार फंड को कम से कम पांच साल तक रखना अनिवार्य है। रिपोर्ट्स में आगे कहा गया कि शेष राशि को अन्य वित्तीय साधनों, जैसे सरकारी प्रतिभूतियों और कॉर्पोरेट बांडों में निवेश किया जाएगा। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी में कहा गया कि सीबीटी ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा विनियमित सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम द्वारा प्रायोजित इन्फ्रस्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट्स)/रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (आरईआईटी) द्वारा जारी इकाइयों में निवेश के लिए दिशानिर्देशों को मंजूरी दे दी है। बोर्ड ने ईपीएफ योजना, 1952 में एक महत्वपूर्ण संशोधन को भी मंजूरी दी। मौजूदा प्रावधानों के अनुसार, हर महीने की 24 तारीख तक निपटाए गए दावों के लिए ब्याज का भुगतान केवल पिछले महीने के अंत तक ही किया जाता है। अब, निपटान की तारीख तक सदस्य को ब्याज का भुगतान किया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार, इससे सदस्यों को वित्तीय लाभ होगा और शिकायतें कम होंगी।




## मारुति सुज़ुकी, टाटा मोटर्स और टोयोटा की बढ़ी डिमांड

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में कारों और एसयूवी की बिक्री में नवंबर में बढ़त देखने को मिली है। इस दौरान मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स और टोयोटा किर्लोस्कर की थोक बिक्री में इजाफा हुआ है। मारुति सुजुकी की कुल घरेलू यात्री वाहन बिक्री इस साल नवंबर में बढ़कर 1,41,312 यूनिट्स हो गई, जो पिछले साल समान अवधि में 1,34,158 यूनिट्स थी। इस दौरान एसयूवी सेगमेंट की बिक्री में रिकॉर्ड उछाल दर्ज किया गया। मारुति सुजुकी के पॉपुलर मॉडल जैसे ब्रेजा, ग्रैंड विटारा और जिम्नी की बिक्री नवंबर 2023 में 49,016 यूनिट्स से बढ़कर 59,003 यूनिट्स हो गई।

## देश में तेजी से बढ़ रही है महिला करदाताओं की संख्या

**नई दिल्ली।** देश में महिला आयकरदाताओं की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। असेसमेंट ईयर 2023-24 में 2.29 करोड़ महिलाओं द्वारा इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) जमा किया गया था, जबकि असेसमेंट ईयर 2019-20 में यह आंकड़ा 1.83 करोड़ था। इस प्रकार बीते पांच वर्षों में महिला द्वारा जमा किए गए आईटीआर की संख्या में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। महाराष्ट्र में आईटीआर जमा करने वाली महिलाओं की संख्या असेसमेंट ईयर 2019-20 के आंकड़े 29.94 लाख के मुकाबले 23 प्रतिशत या 6.88 लाख रहा।

## ओला इलेक्ट्रिक की बिक्री में आई गिरावट, नवंबर में 33 प्रतिशत कम हुआ वाहनों का पंजीकरण

**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन के कारण अक्टूबर के महीने में रिकॉर्ड बिक्री हासिल करने के बाद नवंबर में इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी ओला इलेक्ट्रिक की सेल्स में गिरावट देखने को मिली है। वाहन पोर्टल के डेटा के मुताबिक, नवंबर में ओला इलेक्ट्रिक के वाहनों के पंजीकरण की संख्या मासिक आधार पर 33 प्रतिशत गिरकर 27,746 यूनिट्स रह गई है। इस साल अक्टूबर में यह आंकड़ा 40,000 यूनिट्स से भी अधिक था। पंजीकरण कम होने के कारण कंपनी का मार्केट शेयर नवंबर में गिरकर 24 प्रतिशत रह गया है, जो कि अक्टूबर में 30 प्रतिशत था। हालांकि, कंपनी अभी भी इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन सेल्स में पहले स्थान पर है। भाविश अग्रवाल के नेतृत्व वाले ओला इलेक्ट्रिक की बिक्री में हाल के दिनों में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। इसकी वजह बाजार में प्रतिस्पर्धा का बढ़ना और खराब सर्विस एवं प्रोडक्ट क्वालिटी को माना जा रहा है।

# भारत के कोयला उत्पादन में आया उछाल, नवंबर में 7.2% बढ़कर 90.62 एमटी हुआ

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत का कुल कोयला उत्पादन नवंबर में सालाना आधार पर 7.2 प्रतिशत बढ़कर 90.62 मिलियन टन (एमटी) पहुंच गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 84.52 एमटी था। यह जानकारी कोयला मंत्रालय द्वारा दी गई। मंत्रालय द्वारा जारी किए गए बयान में कहा गया कि कैप्टिव और अन्य संस्थाओं द्वारा किए जाने वाले कोयला उत्पादन नवंबर 2024 में सालाना आधार पर 37.69 प्रतिशत बढ़कर 17.13 एमटी हो गया है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 12.44 एमटी था। वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत से लेकर नवंबर 2024 तक कोयला उत्पादन 628.03 एमटी रहा है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 591.32 एमटी था। इसमें सालाना आधार पर 6.21 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। नवंबर 2024 में कोयला डिस्पैच (पावर प्लांट को भेजा जाने वाला कोयला) में लगातार सुधार हुआ है, जो नवंबर 2023 के आंकड़े 82.07 एमटी से बढ़कर 85.22 एमटी हो गया है, जो 3.85 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। कैप्टिव और अन्य संस्थाओं से डिस्पैज में तेज वृद्धि देखी गई, जो नवंबर 2023 में 13.19 एमटी से बढ़कर नवंबर 2024 में 16.58 मीट्रिक टन हो गया, जो 25.73 प्रतिशत की सालाना बढ़त को दिखाता है। बयान में आगे कहा गया कि वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत से लेकर नवंबर 2024 तक कोयला डिस्पैज बढ़कर 657.75 एमटी हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के दौरान यह 623.78 एमटी था, जिसमें 5.45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।



# नयनाभिराम लगता है डीहई पहाड़ की ओट से उगते सूर्य का नजारा

## सैलानियों का आकर्षण केंद्र बना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** जाड़े की सुबह में पूरब दिशा से उगते सूर्य का डीहई पहाड़ की ओट से सामने आना नयनाभिराम नजारा पेश करता है। रेलवे स्टेशन के सामने के इस पहाड़ के पार्श्व से सुबह पहर में सूर्योदय के निर्धारित समय के कुछ देरी से निकलता नजारा देखते ही बनता है। पहाड़ भी बैठे हुए गजराज की तरह दिखता है। जिसके पीठ के पीछे से चलते हुए सूर्य का गोला कंधे के बीचोबीच से आसमान की ओर बढता चला जाता है। जाड़े में तो लोगों को सूर्य के प्रकाश का वैसे भी बेसब्री से इंतजार रहता है। सो, इसके उगने



के साथ ही धूप ताप कर लोगों को सर्दी से राहत मिलती है। स्थानीय स्तर पर प्राकृतिक प्रदत्त यह नजारा अन्य आकर्षक स्थलों में शामिल होने की वजह से सैलानियों के भी आकर्षण का केंद्र बन जाता है। ऐतिहासिक भीमचूल्हा के पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के कारण पर्यटन के दृष्टिकोण से इस नयनाभिराम प्राकृतिक सौंदर्य को निहारने को लेकर रेलवे स्टेशन महत्वपूर्ण स्थान बन जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि चार दशक पहले तक इस पहाड़ पर भी सघन वन क्षेत्र फैला था। जिसके दोहन की वजह से पहाड़ नंगा होता चला गया था। मगर ऑक्सीजन की कमी की वजह से वैश्विक महामारी कोविड-19 की तबाही के बाद रामनगर और राजनडीह के ग्रामीणों की सजगता से महज पेड़-पौधों की कटाई पर रोक लगाने देने मात्र से हरियाली फैलने लगी है। ऐसे में ग्रामीणों का कहना है कि पहाड़ की ओट से उगते सूर्य और पेड़ों की घनी छांव आने वाले समय में आसपास के लोगों के साथ ही सैलानियों के लिए वन विहार करने की अनुभूति प्रदान करेगा।

# थाना प्रभारी के नेतृत्व में चला वाहन चेकिंग अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** पलामू पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के निर्देश के अलोक पर लेस्लीगंज थाना के सामने थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने दर्जनों वाहन बिना हेलमेट व बिना के कागजात का जब्त किया। थाना प्रभारी ने बताया कि बिना हेलमेट व गाड़ी कागजात के साथ नहीं चलने वाले लोगों का गाड़ी जब्त कर कार्रवाई के लिए व्यवहार न्यायालय भेजा जाएगा। सभी वाहन चालक वाहन चलाते समय सीट बेल्ट, हेलमेट व वाहन के सभी कागजात साथ लेकर चलें। जांच अभियान में थाना के एसआई अजय कुमार सहित थाना सशस्त्र बल के कई जवान शामिल थे।

## हुसैनाबाद में बाइक की चोरी मामला दर्ज

**हुसैनाबाद।** रविवार को शहर के चिकटोली मुहल्ला निवासी नजीर राईन की काला रंग की न्यू बाइक को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। इस संबंध में भुक्तभोगी ने हुसैनाबाद थाना में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि जपला स्टेशन रोड स्थित फल गोदाम के बाहर बाइक खड़ी कर गोदाम में चले गए। जब करीब 2 बजे बाहर निकले तो देखे की मेरी बाइक वहां नहीं है।आसपास काफी खोजबीन की,इसके बाद भी बाइक का कुछ भी पता नहीं चल सका। तत्पश्चात इसकी सूचना हुसैनाबाद थाना को दी। उधर थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि आवेदन के आलोक में मामले की छानबीन की जा रही है।

### हाथी ने घर को किया क्षतिग्रस्त, एक व्यक्ति घायल

# पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जायेगा : वनपाल





**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** प्रखंड क्षेत्र में हर साल की तरह धान कटाई के मौसम में हाथियों के पहुंचने ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। शनिवार की रात एक हाथी ने कुरून्द गांव में पहुंच कर उत्पात मचाया। हाथी कुरून्द गांव में रात करीब 11 बजे पहुंच कर करमेला गुंज पति कामिल एक्का के मिट्टी घर को पूरी तरह से तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया है। हाथी से बचने के प्रयास में कामिल एक्का भी हल्का जख्मी हुए। कुरून्द गांव के ही दिलीप कुजूर, पिता स्व वाल्टर कुजूर के घर को भी हाथी ने क्षतिग्रस्त किया। फिर वहां से निकलकर अनुपा देवी पति निर्मल मुंडा के खलिहान में रखे धान की फसल चट कर बर्बाद किया। कामिल एक्का ने बताया कि घर को ध्वस्त कर घर में रखे जनवितरण से मिले राशन के चावल को चट कर जाने से परिवार के सामने खाने पीने समस्या उत्पन्न हो गई। मौके पर रेंजर तरूण कुमार सिंह टीम के साथ कुरून्द गांव घटनास्थल पर पहुंच कर जांच किया। इस संबंध में वनपाल कुंवर गंझू ने बताया की टीम ने नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा पीड़ित परिवार को जल्द ही उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही गांवासियों को हाथी भगाने के लिए पटाखे उपलब्ध कराया जा रहा है। बता दें कि पिछले साल हाथी के अंताक से सोहर और नेतरहाट पंचायत के गांव में धान की फसल सहित अन्य कई फसल को बर्बाद करने के साथ कई घर ध्वस्त कर एक चार वर्षीय बच्चे की जान ले लिय था।

# चतरा सांसद से ट्रेनों के ठहराव की मांग

## कोरोना काल में बंद हो गयी थी ट्रेनें



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह (लातेहार)।** बरवाडीह जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने चतरा सांसद कालीचरण सिंह को एक ज्ञापन सौंप कर कोरोना काल के समय में बंद किए गए ट्रेनों के ठहराव को पुनः यथावत कराने का आग्रह किया है। जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह ने चतरा सांसद के बेतला प्रवास के दौरान यह ज्ञापन सौंपा। उन्होने अपने ज्ञापन में कहा है कि कोरोना काल से पूर्व बरवाडीह, केचकी, छीपादोहर रेलवे स्टेशन पर कई ट्रेनों का ठहराव हुआ करता था, लेकिन कोरोना काल समाप्त होने के बाद भी ट्रेनों का परिचालन चालू होने के बाद भी इन स्टेशनों में इन ट्रेनों का ठहराव नहीं हो सका है। इस कारण यात्रियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने कहा कि बेतला नेशनल पार्क, नेतरहाट, सुग्गाबांध व मिरचैया फॉल जैसे राष्ट्रीय स्तर के पर्यटन स्थलों का यह सब नजदीकी रेलवे स्टेशन है, यहां से पर्यटकों को आने जाने में सुविधा होती है। उन्होने बताया कि बरवाडीह में तकरीबन एक हजार से अधिक रेलवे कर्मचारी रहते हैं जो विभिन्न राज्यों से ताल्लुक रखते हैं। उन्हें भी घर आने जाने में परेशानी होती है। उन्होंने केचकी रेलवे स्टेशन में पलामू एक्सप्रेस, छिपादोहर में शक्तिपूंज एक्सप्रेस व पलामू एक्सप्रेस और बरवाडीह रेलवे स्टेशन में झारखंड एक्सप्रेस, हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस व संतरागाछी साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव की मांग की है।

### ईसीआरकेयू ने लातेहार रेलवे स्टेशन पर जनसंपर्क अभियान चलाया

**लातेहार।** रेल यूनियन के चुनाव को लेकर केंद्रीय नेतृत्व के मार्ग निर्देशन में ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन (ईसीआरकेयू) द्वारा लगातार गेट मीटिंग और जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में रविवार को लातेहार और डेमू रेलवे स्टेशन परिसर मे पीडबल्यूआई कार्यालय बरकाकाना शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर प्रसाद के नेतृत्व में गेट मीटिंग सह जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद रेल कर्मियों ने एक स्वर में ईसीआरकेयू को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया।

कार्यकारी अध्यक्ष ने इस दौरान ईसीआरकेयू के उपलब्धियों व कर्मचारी हित में किए गए कई कार्यों की जानकारी दी। कर्मचारियों से कहा कि यूनियन की मान्यता के लिए 4, 5 व 6 दिसंबर को वोट डालने की तारीख निर्धारित है। इसमें एक बार पुनः ईसीआरकेयू को भारी मतों से जीत हासिल करवाना है।

मौके पर पवन कुमार, संतोष कुमार, जितेंद्र कुमार, सुनील कुमार व आदित्य कुमार समेत कई रेल कर्मी मौजूद थे।

# पंचतत्व में विलीन हुए शिक्षाविद



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र के संतोषडीह गांव निवासी वयोवृद्ध शिक्षाविद शिवकुमार सिंह (82 वर्ष) निधन लंबी बीमारी के बाद शनिवार की शाम हो गया। मृतक क्षेत्र के कई घरों में बच्चों को टयूशन कराने में अपनी जीवन बीता दी। वे सहज, सरल, शांत चित्त व धार्मिक प्रवृत्ति से संपन्न व्यक्तित्व के धनी व प्रबुद्ध समाजसेवी के रुप में अहम भूमिका निभाई। उनके निधन से पारिवारिक, सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। वे अपने पीछे एकलौते पुत्र पारस सिंह व भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनके निधन से मर्माहत सेवानिवृत शिक्षक रामाशिष सिंह, धीरज सिंह, अजय सिंह, संजय सिंह, सहायक अध्यापक शिक्षक संघर्ष मोर्चा के अनुमंडलीय अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, प्रखंड अध्यक्ष विरेन्द्र सिंह व उनके दर्जनों सदस्य, अशोक कुमार सिंह, पवन कुमार सहित सैकड़ों प्रबुद्ध लोगों ने शव का अंतिम दर्शन कर शोकाकुल परिवारों को ढांढस बंधाया। उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार रविवार को वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर किया गया। मुखाग्नि एकलौते पुत्र पारस सिंह ने दी।

### सांसद जनसमस्याओं से हुए रुबरु

**बरवाडीह।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने रविवार को क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की सुध ली। भाजपा के ईश्वरी सिंह, शिवशंकर प्रसाद, नीरज सिंह, मोहिबुद्दीन अंसारी, प्रकाश सिंह,कमलेश यादव आदि कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में व्याप्त शिक्षा,स्वास्थ्य, सड़क, बिजली-पानी जैसी बुनियादी समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। सांसद ने जनसमस्याओं से निजात दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता सह भाजपा नेता किशोर कुमार पांडेय ने बुके देकर सांसद का स्वागत किया। मालूम हो कि सांसद कालीचरण सिंह कोरोना काल से बंद पड़े सीसीबी पैसेंजर ट्रेन को बरवाडीह में हरी झंडी दिखाने के क्रम में रविवार को बेतला आए थे।

# प्रशिक्षण व रोजगार के लिए 6 लड़कियों सहित 10 को रांची व छत्तीसगढ़ भेजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** जेएसएलपीएस संचालित दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत स्थानीय प्रखंड कार्यालय में शनिवार को सारी औपचारिकता पूरी करने के साथ 10 कैंडिडेट को प्रशिक्षण और रोजगार के लिए बाहर की निजी कंपनियों को भेजा गया। इस संबंध में जानकारी जॉब रिसोर्स पर्सन उदय कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि पुलिस और प्रशासनिक वेरिफिकेशन के साथ चार लड़की कैंडिडेट को इंडटेक प्राइवेट लिमिटेड, गेतलसूद, देवी दर्शन रोड, रांची में सिलाई एवं





कंप्यूटर प्रशिक्षण जबकि दो लड़की एवं एक लड़का को नर्सिंग सहायक और तीन लड़का कैंडिडेट को इलेक्ट्रीशियन के लिए रस्तोगी एजुकेशन सोसाइटी, तांडेसरा, छत्तीसगढ़ के लिए भेजा गया है। इनमें खुशी कुमारी, ब्यूटी कुमारी, वीणा कुमारी, कविता कुमारी, ज्योति कुमारी, अनु कुमारी (पंसा), सुशील शर्मा (मझिगांव), अविनाश कुमार (लटपौरी), सुरज कुमार (एकौनी) और अजय कुमार (हुसैनाबाद) के नाम शामिल हैं। इस मौके पर ऑफिस ब्वाय आलोक कुमार, ब्लॉक एडमिन मुकेश कुमार के साथ ही साथ दोनों सेंटर के मोबिलाइजर भी मौजूद थे।

# पुण्यतिथि पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** दिननदाग पंचायत के देवगन में स्व फूल कुमारी देवी के प्रथम पुण्यतिथि पर निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। देवगन निवासी लातेहार जिला के डीपीआरओ चंदन कुमार ने बताया कि माँ के प्रथम पुण्यतिथि पर पूजा-अर्चना कर सुदूरवर्ती क्षेत्र अपने गांव देवगन में निःशुल्क स्वस्थ्य शिविर लगया गया, ताकि क्षेत्र के लोग अपनी बीमारी,आंख की दिक्कत या किसी तरह का बीमारी को फिजिशियन डाक्टर,आंख डॉक्टरो से जांच कर निः शुल्क दवा का वितरण भी किया गया। नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ राहुल कुमार, फिजिशियन डॉ निधि सिंह चौहान,डॉ सूरज कुमार,डॉ रबिन्द्र कुमार,डॉ जयचंद कुमार पैथोलाइव, द्वरा जांच किया गया । और माँ के प्रथम पुण्यतिथि पर निः शुल्क दवा भी दिया गया। इस निःशुल्क शिविर में देवगन के साथ आस-पास के कई गांव के ग्रमीणों ने शिविर का लाभ लिया। मौके पर चंदन कुमार डीपीआरओ के बड़े भाई शिक्षक अवध पासवान ने आने वालों लोगों को अपने घर पर स्वागत किया। मौके पर डीएसपी शत्रुघ्न कुमार आस्तिक, प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार साहू, अनिल पासवान, सुनील कुमार,चंदन कुमार,सूरजमुखी यादव,अलखदेव कुमार समेत काफी संख्या में समाज सेवी उपस्थित थे।

### नव निर्वाचित विधायक को ग्रामीणों ने किया स्वागत

**उंटारी रोड।** विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने उंटारी रोड प्रखंड के कुल्ही, जोगा, करकट्टा, विरजा सहित विभिन्न गांवों में रविवार को जीत के बाद भ्रमण किया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोगों ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर व माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। स्वागत करते हुए ग्रामीणों ने बधाई दी। नवनिर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने उंटारी प्रखंड के कई गांव में पहुंच लोगों से संपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने चुनाव में जीत हासिल के लिए जनता का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि हमारी जीत नहीं बल्कि यह जनता की जीत है। जिस उम्मीद के साथ जनता ने हमारा समर्थन किया है उसपर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। साथ ही कहा कि गांव में जो कमियां हैं उसकी सूची तैयार करें। उसपर प्राथमिकता के साथ काम किया जाएगा।

**असुविधा**

## प्लस टू व पीएमश्री का दर्जा तो मिला, नहीं मिले हैं शिक्षक और संसाधन

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर अभिभावक चिंतित





**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** सबसे पुराने स्थानीय सरकारी स्कूल को समय समय से प्राइमरी, मिडिल, हाई और प्लस टू में अपग्रेड करते हुए अब पीएमश्री के लिए भी चयनित किया जा चुका है। इसके बावजूद स्वीकृत पदों के विरूद्व शिक्षकों की पदस्थापना के साथ ही अन्य मान्य संसाधन अब-तक उपलब्ध नहीं कराया जा सका है। हालांकि अब प्लस टू स्तर के साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स संकाय में नामांकन सुविधा उपलब्ध कराने से इस क्षेत्र के मैट्रिक पास स्टूडेंट्स को 10 से 20 किमी दूर यथा-तारा, हैदरनगर अथवा हुसैनाबाद खासकर, छात्राओं को इंटरमीडिएट क्लास की पढाई के लिए जाने-आने की परेशानी से निजात मिल गया है। मगर इंटरमीडिएट स्तरीय पढाई को लेकर शिक्षकों की जरूरत पूरी नहीं की जा सकी है। ऐसे में अभिभावकों का कहना है कि उनके बच्चों की अच्छी तरह से पढाई हो सके, इसे लेकर सभी संकाय में पद स्वीकृति के साथ विषयवार शिक्षकों को यथाशीघ्र पदस्थापित किया जाए। जिससे उनके बच्चे-बच्चियों की इंटरमीडिएट स्तरीय शिक्षा की बुनियाद मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि काफी समय और लंबे इंतजार के बाद इंटरमीडिएट की पढ़ाई को लेकर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में जनप्रतिनिधियों का प्रयास सफल हुआ है। ऐसे में अब जनप्रतिनिधियों को पीएमश्री विद्यालय के मापदंड के अनुरूप सारे संसाधन और शिक्षकों की जरूरत को भी पूरी करने की दिशा प्रयास करने की जरूरत है। ऐसा करने से निश्चित ही गृह आवासन और भोजन की उपलब्धता के बीच कड़ी मेहनत और लगन से पढाई कर इस स्कूल और परिवार का नाम उनके बच्चे-बच्चियां रौशन कर सकते हैं।

### बच्चों की पढ़ाई हो सकती है प्रभावित

अभिभावकों ने इस बात को लेकर चिंता जताई है कि ऐसा नहीं कि जिस प्रकार से इसी प्रखंड के तारा स्थित रहमानिया हाई स्कूल को प्लस टू का दर्जा मिलने के 5 साल बाद एक मुश्त शिक्षक मिले थे, कहीं वही हाल इस स्कूल का भी न हो जाए। अगर ऐसा ही होगा, तो उनके बच्चे-बच्चियों की इंटरमीडिएट स्तर की पढाई प्रभावित हो सकता है। ऐसे में इनकी उच्च शिक्षा की बुनियाद के कमजोर होने से इनके उज्जवल भविष्य के आगे बड़ा सवाल खड़ा हो सकता है।

## पेज एक के शेष

### कुछ छोटे ग्रुप अब भी एक्टिव...

साथ ही उनके समर्थकों को भी चिह्नित किया गया है, जो उनके लिए मोबाइल सहित दूसरे समान उपलब्ध करवाते हैं। सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह एक टीम बनाकर ऐसे स्प्लिंटर्स ग्रुप के खिलाफ कार्रवाई करें। खासकर पलामू आईजी को कड़ा निर्देश जारी किया गया है कि न सिर्फ कार्रवाई करें, बल्कि फरार उग्रवादियों और अपराधियों के खिलाफ जमकर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई करें।

### प्रदेश भाजपा की...

के लिए बालमुकुंद सहाय को प्रभारी बनाया गया था। समीक्षा बैठक में शामिल नेताओं ने कहा कि अब कठोर कदम उठाने की जरूरत है। इस पर चिंतन और मंथन करने की जरूरत है। प्रभारियों की ओर से चुनाव के दौरान सिर्फ खानापूर्ति की गई। वे एसी रूम तक ही सिमटे रहे। उन्होंने भ्रमण करने के अलावा कुछ भी नहीं किया। नेताओं ने कहा कि चुनाव के दौरान पदाधिकारियों और कार्यकताओं के बीच समन्वय का अभाव रहा। बागियों ने भी भाजपा को नुकसान पहुंचाया। साथ ही नेताओं ने यह भी मांग किया कि झारखंड में दलित और आदिवासी का कोई क्रांतिकारी नेता होना चाहिए, जो आदिवासी वोटों को एकजुट कर सके। बैठक में सदस्यता अभियान शुरू करने पर भी चर्चा की गई। प्रदेश नेताओं ने कहा कि सभी खामियों को दूर किया जाएगा। इससे जनता की मजबूत आवाज बन सकेंगे। बैठक में राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बीएल संतोष, प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय सहित जिलाध्यक्ष और जिला प्रभारी मौजूद थे।

### यौन शोषण के...

बच्चियों के आरोप को पुलिस ने सही पाया। इसके बाद आरोपी संचालक और बालिका गृह की एक महिला काउंसलर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। एएसपी राकेश सिंह ने बताया कि जांच में बच्चियों के यौन शोषण की बात सही साबित हुई है। इसके बाद संचालक और काउंसलर पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई गई। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को मानवाधिकार संगठन की एक टीम अध्यक्ष संध्या सिंह के नेतृत्व में बालिका गृह की व्यवस्था को देखने गई थी। इसी दौरान बच्चियों ने यौन शोषण की बात बताई। बच्चियों के मुताबिक आरोपित राम प्रताप गुप्ता का घर बालिका गृह के पास ही बैंक कॉलोनी में है। एक बच्ची ने कहा कि दीपावली से छठ के बीच दो बार राम प्रताप उसे अपने घर ले गए। इसी दौरान उन्होंने बच्ची के साथ शारीरिक संबंध बनाया। दूसरी बच्ची ने कहा कि उसके साथ भी संचालक ने गलत करने का प्रयास किया था। बालिका गृह में बच्चियों के साथ यौन शोषण का मामला सामने आते ही पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया। बालिका गृह में रहने वाली कुछ लड़कियां अब 18 वर्ष की उम्र पार कर गई हैं। पूछताछ में पुलिस को लड़कियों ने कहा कि बालिका गृह से बाहर निकलने के लिए उनके सामने अधिकारियों को खुश करने की शर्त रखी गई। जांच में यह भी पता लगा है कि बालिका गृह की एक महिला कर्मी ने लड़कियों के कुछ फोटो भी लिये हैं और किसी को भेजे हैं।

### दोहरी एआई शक्ति...

के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक वितरित किए। अपने समापन भाषण में प्रधानमंत्री ने कहा कि सम्मेलन के दौरान सुरक्षा चुनौतियों के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आयामों पर व्यापक चर्चा हुई और चचाओं से उभरी जवाबी रणनीतियों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने स्मार्ट पुलिसिंग के मंत्र का विस्तार किया और पुलिस से रणनीतिक, सावधान, ढलने लायक, विश्वसनीय और पारदर्शी बनने का आह्वान किया। शहरी पुलिसिंग में की गई पहलों की सराहना करते हुए उन्होंने सुझाव दिया कि प्रत्येक पहल को देश के 100 शहरों में एकत्रित करके लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कॉन्स्टेबलों के कार्यभार को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग का आह्वान किया और सुझाव दिया कि पुलिस स्टेशन को संसाधन आवंटन के लिए केंद्र बिंदु बनाया जाना चाहिए। कुछ प्रमुख समस्याओं के समाधान में हैकाथॉन की सफलता पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय पुलिस हैकाथॉन आयोजित करने पर भी विचार-विमर्श करने का सुझाव दिया। प्रधानमंत्री ने बंदरगाह सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करने और इसके लिए भविष्य की कार्ययोजना तैयार करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए **50%** की छूट



**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

**CHAMBER**
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## सेवानिवृत्त कर्मचारी को किया डिजिटल अरेस्ट, 11 चेक से 10 खातों में लिए 1.84 करोड़ रुपये



**जोधपुर।** राजस्थान के जोधपुर के प्रभात नगर में कंपनी से वीआरएस लेने वाले एक व्यक्ति को साइबर ठग गिरोह ने मनी लॉन्ड्रिंग में फंसने और गिरफ्तारी वारंट जारी होने का डर दिखाकर डिजिटल अरेस्ट कर लिया। उससे 11 चेक के जरिए 1.84 करोड़ रुपए 10 खातों में ट्रांसफर करवा लिए। धोखाधड़ी का पता लगने पर पीड़ित शनिवार देर शाम थाने पहुंचा और मामला दर्ज कराया। पीड़ित नरेश बेरवा ने बताया, मुझे 25 तारीख को सुबह करीब 11 बजे 'टेलीफोन अथॉरिटी' से फोन आया, जिसमें मुझे यह बताया गया था कि आपकी फोन सेवा दो घंटे में डिस्कनेक्ट हो जाएगी। इसके बाद, मुझे एक नंबर पर कॉल करने को कहा गया। जब मैंने उस नंबर पर कॉल किया, तो वहां से सुरक्षा अधिकारियों से बात हुई। उन्होंने बताया कि मेरे आधार नंबर का इस्तेमाल किसी ने मुंबई में मोबाइल नंबर निकालने के लिए किया था और उससे कुछ गलत गतिविधियां जुड़ी हुई थीं। पीड़ित ने कहा, जब मैंने कहा कि मैं पिछले 20 साल से मुंबई नहीं गया हूं, तो अधिकारी ने मुझे बताया कि पिछले साल अगस्त में मेरे आधार नंबर का उपयोग हुआ है। उन्होंने मुझे डराते हुए कहा आपका नाम फर्जी गतिविधियों में फंसा हो सकता है, जिसमें मनी लॉन्ड्रिंग भी शामिल हो सकता है। नरेश बेरवा ने बताया कि फिर उन्हें साइबर क्राइम सेल से संपर्क करने के लिए कहा गया, और वहां से मुझे बताया गया कि मेरे खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला चल रहा है। अधिकारियों ने दावा किया कि अगर मैं उनके साथ सहयोग करूंगा, तो मेरे खिलाफ की गई कार्रवाई को रोका जा सकता है और मुझे मेरा पैसा वापस भी किया जाएगा। पीड़ित ने बताया कि उनसे एक आवेदन भरवाया गया और कहा गया कि उनके पास जो रिटायरमेंट फंड था, उसे वह तथाकथित अधिकारियों के पास जांच के लिए भेज दें। यह पैसा 24 घंटे के भीतर वापस मिल जाएगा। इस प्रक्रिया में, उनसे 11 चेक बनाने के लिए कहा गया, जिनमें कुल एक करोड़ 84 लाख 50 हजार रुपये का फंड ट्रांसफर हुआ। उन्होंने कहा, जब मैंने अपना पैसा वापस करने की बात की, तो अधिकारियों ने मुझे बताया कि कुछ और समय लगेगा।

# संविधान बचा तो हम सब लोग बचेंगे: खरगे



**एजेंसी । नई दिल्ली**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में संविधान की रक्षा के लिए आयोजित महारैली को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से एकजुट होकर संविधान को बचाने की बात कही है। मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने संबोधन में कहा कि आज ऐतिहासिक समय है। जब हम लोगों को किसी चीज को हासिल करना है तो एकता होनी बहुत जरूरी है। जब तक एकता नहीं आएगी, तब तक आप लोग कुछ भी हासिल नहीं कर पाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि मैं इसलिए कह रहा हूं कि अगर हम टुकड़े टुकड़े में बाटेंगे और कन्याकुमारी से कश्मीर तक एक नहीं होंगे, तब तक हम कोई चीज हासिल नहीं कर सकते। आपका एक संगठन नहीं, देश के सभी संगठन चाहते हैं कि इस देश में संविधान को बचाना चाहिए। संविधान बचा तो हम सब लोग बचेंगे। इसलिए हमको एक रहकर इस संविधान को बचाना होगा और हर पार्टी के लोग अपने-अपने हिसाब से काम कर रहे हैं। उसके साथ ही हमको लोकतंत्र को भी बचाना है। लोकतंत्र नहीं बचेगा तो आपकी हिस्सेदारी नहीं बढ़ेगी। संविधान बाबा साहेब अंबेडकर की देन है। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1922 में एक कांग्रेस के अधिवेशन में रिजोल्यूशन पास किया था। उन्होंने आजादी के बाद हम सभी लोगों को वयस्क मताधिकार देंगे, उस वक्त ब्रिटिश के जमाने में सिर्फ चंद लोग वोटर्स थे।

### सरकार खुद संसद की कार्यवाही नहीं चलने दे रही

बार-बार संसद की कार्यवाही स्थगित को लेकर खरगे ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार खुद संसद की कार्यवाही नहीं चलने दे रही है। संसद की कार्यवाही समय से पहले स्थगित होने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, मेरा आरोप है कि अगर 2 मिनट में सत्र स्थगित हो जाता है तो उन्हें इसे जारी रहने देना चाहिए। कितने लोग यहां आए हैं, वे व्यवधान डाल रहे हैं और चर्चा नहीं होने दे रहे हैं, इसलिए यह उनकी गलती है, हमारी नहीं। सदन को चलाने के लिए उन्हें विपक्ष को विश्वास में लेकर हर संभव प्रयास करना चाहिए।

## खरगे बोले- 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक लिंग मैं हूं

### भारतीय जनता पार्टी ने जताया विरोध



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित एक सभा में विवादित बयान दिया। खरगे ने खुद की तुलना ज्योतिर्लिंग से की। खरगे ने कहा मैं हिंदू हूं, मेरा नाम है मल्लिकार्जुन खड़गे, 12 पवित्र ज्योतिर्लिंग में से एक लिंग मैं हूं। मेरे पिता ने मेरा ऐसा नाम रखा है। खड़गे के विवादित बयान पर भाजपा नेता ने कड़ा विरोध किया है। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने वीडियो जारी कर कहा है कि हिंदू आस्था का अपमान करना कांग्रेस पार्टी की पहचान है। कांग्रेस ने पहले श्री राम का अपमान किया। श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में आयोजित समारोह को कांग्रेस ने नाच-गाना करार दिया था। अब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भगवान शिव का अपमान कर रहे हैं। खरगे ने अपनी तुलना 12 ज्योतिर्लिंग से की है। उन्होंने कहा है कि मैं एक पवित्र ज्योतिर्लिंग हूं। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या किसी दूसरे धर्म के लिए कांग्रेस ऐसी टिप्पणी कर सकती है। वोट बैंक के लिए कांग्रेस का स्तर इतना गिर गया है कि लगातार हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंचाने का काम किया जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष को माफी मांगनी चाहिए। नाम अगर शिव है, तो आप भगवान शिव नहीं बन सकते हैं।

# तमिलनाडु के तट से टकराया फेंगल, भारी बारिश

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी के ऊपर उठा चक्रवाती तूफान फेंगल ने तमिलनाडु और पुडुचेरी में दस्तक दी। इसके कारण तेज हवा के साथ भारी बारिश का दौर जारी है। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक चक्रवाती तूफान फेंगल तमिलनाडु और पुडुचेरी के तटों को पार कर गया है। मौसम विभाग के मुताबिक चक्रवात फेंगल पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम की ओर बढ़ने और पुडुचेरी के करीब कराईकल और महाबलीपुरम के बीच उत्तर तमिलनाडु- पुडुचेरी तटों को पार कर गया है। यह 70-80 किमी प्रति घंटे की हवा की गति से 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। इसका असर से तमिलनाडु में भारी बारिश का दौर जारी है। आईएमडी ने बारिश का अलर्ट जारी किया है। चक्रवात फेंगल के प्रभाव के कारण तमिलनाडु और पुडुचेरी के कई हिस्सों में बारिश हो रही है। समुद्र में ऊंची लहरें उठने लगी हैं। मौसम विभाग ने लोगों से घरों में रहने की अपील की है। यह समुद्री तट वाले अन्य राज्यों में भी असर छोड़ रहा है।



### चक्रवात फेंजल : सेना ने पुडुचेरी में बचाव अभियान चलाकर 100 लोगों को बचाया

नई दिल्ली। चक्रवात फेंजल आने के बाद लगातार बारिश से पुडुचेरी के कुछ हिस्सों में बाढ़ जैसी स्थिति के कारण भारतीय सेना बचाव और राहत अभियान चला रही है। सेना के जवानों ने बचाव अभियान के दौरान बाढ़ में फंसे हुए 100 नागरिकों को बचाया है। प्रभावित लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सेना नागरिक प्रशासन को हर तरह की सुविधाएं मुहैया करवा रही है। बचाए गए सभी व्यक्तियों को आवश्यक चिकित्सा सहायता, भोजन और पीने का पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। सेना ने एक बयान में बताया कि चक्रवात फेंजल के बाद पुडुचेरी के जिला कलेक्टर के बुलावे पर चेन्नई से भारतीय सेना के जवानों को भेजा गया। मेजर अजय सांगवान के नेतृत्व में 70 सदस्यीय राहत एवं बचाव टीम रविवार को सुबह 05:30 बजे पुडुचेरी पहुंची। गंभीर रूप से बाढ़ग्रस्त कृष्णा नगर क्षेत्र में सुबह 06:15 बजे बचाव अभियान शुरू हुआ, जहां पानी का स्तर 5 फीट तक बढ़ गया था। इस टीम ने अटूट समर्पण का परिचय देते हुए 100 फंसे हुए नागरिकों को बचाया है। प्रभावित लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राहत प्रयास जारी हैं। भारतीय सेना की दक्षिणी कमान ने बताया कि पुडुचेरी में चक्रवात फेंजल के कारण आई बाढ़ से प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए भारतीय सेना की टुकड़ी राहत और बचाव अभियान चला रही है।

## दुनिया में विविधता के लिए अल्पसंख्यकों का सम्मान करना होगा : गौरांग दास



**मुंबई।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए मुंबई के गिरगांव स्थित इस्कॉन मंदिर में रविवार को प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए। इस्कॉन मंदिर से जुड़े गौरांग दास ने कहा है कि प्रार्थना सभा के लिए लगभग तीन हजार लोग यहां एकत्र हुए हैं। हम सभी श्री राधा-कृष्ण और चैतन्य महाप्रभु से बांग्लादेश में भक्तों और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए प्रार्थना करने आए हैं। बांग्लादेश में श्री कृष्ण भक्त और अल्पसंख्यक समुदायों को संरक्षण मिले, बांग्लादेश में दीर्घकालीन शांति स्थापित हो, इसलिए हम लोगों ने हरि नाम संकीर्तन किया है। हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर उन्होंने कहा है कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ देश के कोने-कोने में अत्याचार होते रहे हैं। भगवान भागवत में कहते हैं कि काम, क्रोध और लोभ नरक के द्वार हैं।

# ट्रंप क्या ब्रिक्स देशों को डालर का गुलाम बनाकर रखना चाहते हैं?

**ब्यूरो**



विश्व में लगभग 60% विदेशी मुद्रा भंडार डॉलर में है, 88% अंतरराष्ट्रीय लेनदेन डॉलर में होते हैं, 62% कर्ज डॉलर में है, स्विफ्ट भुगतान डॉलर में होते हैं , कच्चे तेल की कीमत डॉलर में तय होती हैं

**नई दिल्ली।** नवनिर्वाचित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को धमकी दी है कि यदि वे डॉलर के विकल्प के रूप में अपनी करेंसी लाते हैं, तो अमेरिका उनसे आयात होने वाले सभी सामानों पर 100% टैरिफ लगा देगा।। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के मार्फत यह चेतावनी दी। ट्रंप के इस धमकी पर कई अर्थशास्त्रियों का कहना है कि यह विकासशील देशों के विरूद्ध आर्थिक युद्ध की घोषणा है। दुनिया भर के देश डॉलर पर अपनी निर्भरता कम करने की कोशिश कर रहे हैं। ब्रिक्स देश भी वैश्विक व्यापार में डॉलर के विकल्प के तौर पर अपनी मुद्रा लाने की योजना बना रहे हैं। ऐसे में ट्रंप की चेतावनी का मतलब है कि ब्रिक्स देशों से अमेरिका में आयात लगभग बंद हो जाएगा। 100% टैरिफ के कारण अमेरिकी लोगों के लिए इन देशों से सामान खरीदना बहुत महंगा हो जाएगा। इससे ब्रिक्स देशों का अमेरिका को निर्यात असंभव हो जाएगा।यानि ब्रिक्स देशों के लिए अपने उत्पादों को अमेरिका में निर्यात करना असंभव हो जाएगा क्योंकि 100 % टैरिफ अमेरिकियों के लिए निर्यात को अव्यवहारिक बना देगा।यह सामान बहुत महँगा पड़ेगा। इसलिए अमेरिकी इसे नहीं ख़रीदेंगे। चूँकि अमेरिका का डॉलर पर प्रभुत्व उसकी ताकत है। इसलिए उस ताक़त को बनाये रखने के लिए अमेरिका कुछ भी करेगा। क्योंकि 'अमेरिका डॉलर के मार्फ़त अपना प्रभाव रखता है। मालूम हो कि हाल ही में हुए ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में एक करेंसी शुरू करने के लिए विचार रखा गया था। इसका इस्तेमाल सदस्य देशों के बीच व्यापार के लिए किया जा सकता है। अमेरिका इस विचार को एक खतरे के रूप में देखता है, क्योंकि इससे डॉलर का प्रभुत्व कम हो जाएगा।'इधर असलियत यह भी है कि कई देश डॉलर पर निर्भरता के चलते आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। 30 साल पहले भारत को विदेशी मुद्रा पाने के लिए अपना सोना गिरवी रखना पड़ा था। दुनियाभर में लगभग 60% विदेशी मुद्रा भंडार डॉलर में है, 88% अंतरराष्ट्रीय लेनदेन डॉलर में होते हैं, 62% कर्ज डॉलर में है, स्विफ्ट भुगतान डॉलर में होते हैं और कच्चे तेल की कीमतें भी डॉलर में तय होती हैं।ट्रंप ने ब्रिक्स देशों को जो धमकी दी थी उसमें कहा था कि ब्रिक्स देशों का यह सोचना बंद हो जाना चाहिए कि वे डॉलर से दूर जा सकते हैं, और अमेरिका चुपचाप देखता रहेगा। उन्होंने कहा था कि ब्रिक्स देशों को यह वादा करना होगा कि वे न तो कोई नई ब्रिक्स मुद्रा बनाएंगे और न ही डॉलर को बदलने के लिए किसी अन्य मुद्रा का समर्थन करेंगे। वरना उन्हें 100% टैरिफ का सामना करना पड़ेगा और अमेरिकी बाजार में अपना माल बेचना बंद करना होगा।' उन्होंने आगे कहा कि ब्रिक्स का डॉलर को बदलना नामुमकिन है और जो भी देश ऐसा करने की कोशिश करेगा उसे अमेरिका को अलविदा कहना होगा।इस बारे में आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका एक तरह से दुनिया में नंबर एक साम्राज्य बने रहने और बने रहने का आखिरी प्रयास कर रहा है।

# चुनाव आयोग ने "नेताओं द्वारा 53 करोड़ देने पर 63 सीटों की ईवीएम हैक कर देगा" कहने वाले सैयद शुजा पर एफआईआर दर्ज कराया

## शुजा के अनुसार- 'स्पेसिफिक फ्रीक्वेंसी का इस्तेमाल करके ईवीएम के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है'

- चुनाव आयोग ने 2019 में भी शुजा पर एफआईआर दर्ज कराया था, लेकिन आगे कुछ नहीं किया

**ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) हैक करने का दावा करने वाले सैयद शुजा के विरूद्ध तो एफआईआर दर्ज कराई है , लेकिन "ईवीएम हैक हो सकती है" कहने वाले अमेरिका उद्योगपति एलन मस्क के विरूद्ध एफआईआर नहीं दर्ज कराई। सैयद शुजा के विरूद्ध 30 नवंबर को साउथ मुंबई के साइबर पुलिस स्टेशन में भारतीय न्याय संहिता ( बीएनएस ) व आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। बीते 14 नवंबर को सैयद शुजा का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें वह दावा कर रहा था कि वह महाराष्ट्र चुनावों में इस्तेमाल की जाने वाली ईवीएम को हैक कर सकता है। उसने कहा था कि नेताओं द्वारा 53 करोड़ देने पर 63 सीटों की ईवीएम हैक कर देगा।शुजा ने कहा था कि उसके पास महाराष्ट्र की 288 में से 281 सीटों के ईवीएम का एक्सेस है।महाराष्ट्र चुनाव के दौरान सैयद शुजा ने कुछ नेताओं से चुनाव जिताने के लिए संपर्क किया था। उनसे दावा किया था कि वह अमेरिकी रक्षा विभाग की तकनीक का इस्तेमाल करके ईवीएम हैक कर सकता। इसके लिए वो पैसे लेगा। शुजा का कहना है कि वह अमेरिकी रक्षा विभाग में ठेका पर काम करता है। चर्चा है कि सैयद शुजा जो हैदराबाद का रहने वाला है , अभी कनाडा में है।शुजा ने लंदन में 21 जनवरी 2019 को भारतीय पत्रकार संघ की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी ऐसा दावा किया था। शुजा ने कहा था कि उसने 2009 से 2014 तक इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के साथ काम किया। 2014 के लोकसभा चुनावों में इस्तेमाल की गई ईवीएम बनाने वाली टीम का हिस्सा था। तब उसने कहा था कि इन मशीनों के साथ स्पेसिफिक फ्रीक्वेंसी का इस्तेमाल करके छेड़छाड़ की जा सकती है।शुजा ने यह भी दावा किया था कि 2014 लोकसभा चुनाव में ईवीएम को हैक किया गया था और उसी के दम पर भाजपा की जीत हुई थी। तब वकील व नेता कपिल सिब्बल ने इन दावों को मुद्दा बनाया था और ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए थे। 2019 में भी चुनाव आयोग ने शुजा के खिलाफ दिल्ली में एफआईआर दर्ज करवाई थी। लेकिन इसके बाद इस केस पर ऑफिशियल जानकारी नहीं आई है। हालांकि आयोग ने कहा था कि ईवीएम पूरी तरह से सुरक्षित है, जिन्हें वाईफाई या ब्लूटूथ सहित किसी भी नेटवर्क से नहीं जोड़ा जा सकता है। दुनिया के सबसे धनी उद्योगपति एलन मस्क ने भी 15 जून को सोशल मीडिया प्लेट फॉर्म एक्स पर लिखा था- "ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। इसे इंसानों या ए आई द्वारा हैक किए जाने का खतरा है। हालांकि ये खतरा कम है, फिर भी बहुत ज्यादा है। अमेरिका में इससे वोटिंग नहीं करवानी चाहिए।"कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मस्क की पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए कहा था- भारत में ईवीएम ब्लैक बॉक्स की तरह है। किसी को भी इसकी जांच की अनुमति नहीं है। हमारी चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं जताई जा रही हैं। जब संस्थाओं में जवाबदेही की कमी होती है, तो लोकतंत्र एक दिखावा बन जाता है और धोखाधड़ी की संभावना बढ़ जाती है। मालूम हो कि बीते अप्रैल में ईवीएम के वोटों व वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल पर्चियों की 100% क्रॉस-चेकिंग की मांग को लेकर सर्वोच्च न्यायालय याचिका लगाई गई थी। लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने सभी याचिकाएं खारिज कर दी थीं।

## साइबर और हाइब्रिड युद्ध पर भारत-कंबोडिया का पहला सैन्य अभ्यास 'सिनबैक्स' शुरू




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय और कंबोडियाई सेना के बीच महत्वपूर्ण अभ्यास 'सिनबैक्स' प्रारंभ किया गया है। दोनों देशों के बीच यह पहला 'सिनबैक्स' सैन्य अभ्यास है। अभ्यास में आतंकवाद विरोधी अभियान की योजना बनाना, सूचना, साइबर युद्ध व हाइब्रिड युद्ध आदि पर चर्चा की जाएगी। इस अभ्यास में भारतीय हथियारों और उपकरणों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इससे रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता और स्वदेशी क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा। भारत और कंबोडिया के बीच यह पहला संस्करण रविवार को विदेशी प्रशिक्षण नोड, पुणे में शुरू हुआ। यह अभ्यास 1 से 8 दिसंबर तक किया जाएगा। भारत आई कंबोडियाई सेना की टुकड़ी में कुल 20 सैनिक शामिल हैं। भारतीय सेना की टुकड़ी में भी एक इन्फेंट्री ब्रिगेड के 20 सैनिक शामिल किए गए हैं।